# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 29-06-2022

# पुलिस की मौजूदगी में अभिषेक का हुआ दाह संस्कार

गोरखपुर (एसएनबी)। सोमवार की शाम गुलरिहा इलाके के जंगल माघी चौराहे के समीप जेसीवी की और वाइक की टक्कर में वाइक सवार वालक अभिपेक गुप्ता की मौके पर मौत हो गयी थी। मंगलवार की शाम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के वीच वरगदही स्थित वैकुंठ धाम पर उसका अन्तिम संस्कार किया गया। इस दौरान गुलरिहा पिपराइच और झगहां समेत तीन थानों की पुलिस एक कम्पनी पीएससी और क्षेत्राधिकारी अखिलानंद उपाध्याय मौजूद रहे। वहीं दुर्घटना में घायल सत्यम का इलाज वीआरडी मेडिकल कालेज में चल रहा है। रात में ही घायल अरुण का प्राथमिक उपचार के वाद चिकित्सकों ने घर भेज दिया था।

**गुलरिहा में जेसीबी की ठोकर से बालक की हुई थी मौत**

**तीन थाने की पुलिस और पीएसी रही मौजूद, घायल साथी का चल रहा है इलाज**

भटहट प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार गुलरिहा थाने के परसौना के जंगल मोहम्मद वरवां निवासी अभिपेक गुप्ता 14 वर्प पुत्र धर्मेंद्र गुप्ता, सत्यम 17 वर्ष पुत्र जोगिंदर, अरुण निपाद (16 वर्षीय) पुत्र वुद्धिराम तीनों एक ही वाईक पर सवार होकर सोमवार को शाम करीव चार वजे रामनगर वजार करने गये थे। घर वापस जाते समय, सड़क किनारे स्थित नाले से अवैध मिट्टी खनन करके रोड पर चढ़ रही जेसीवी ने वोकिट से वाइक सवारों को जोरदार ठोकर मार दिया था। जिसमें अभिपेक गुप्ता की मौत हो गयी थी। वही गाड़ी चालक सत्यम व अरूण को गंभीर चोटे आई है। इसमें सत्यम की हालत गंभीर वनी हुई है। घायलों को एंवुलेंस से मेडिकल कालेज भेज दिया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने जेसीवी तथा डंपर को तोड़फोड़ दिया। वताया जाता है कि आक्रोशित भीड़ जेसीवी को आग के हवाले करने ही जा रहे थे कि पुलिस ने उनको रोक लिया। परिजन शव को सड़क पर रोक कर जेसीवी चालक की गिरफ्तारी तथा 50 लाख रुपा मुआवजा की मांग को लेकर घंटो से रोड जाम कर रखा था। सदर संसद प्रतिनिधि संजय के समझाने वुझाने तथा एसडीएम कुलदीप मीणा के अश्वसन पर परिजन शान्त हुए रास्ता खाली किया था।

**घायल सत्यम से मिलने वीआरडी पहुंचे विधायक :** दुर्घटना में अभिषेक की मौत तथा घायलों की सूचना पा कर पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह आहत हो गये। पीडित परिवार को ढाढ़स वधाने तथा घायल का कुशलक्षेम पूछने विधायक मेडिकल कलेज पहुंचे। पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक अभिषेक के परिजनों को मिले और दिलाशा दिया और ढांढस वंधाया और उन्हें शासन प्रशासन द्वारा हर सम्भव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। इसके वाद विधायक मेडिकल कलेज के सर्जरी विभाग में भर्ती सत्यम से मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछे।



घायल का कुशलक्षेम पूछते पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह।

# चोरी की सात बाइक और 12 मोबाइल वाहन लिफ्टर गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। राजघाट पुलिस ने चोरी की सात वाइक और 12 मोवाइल के साथ एक आरोपी साहेव उर्फ कप्पा पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद इसरार निवासी वार्ड नंवर 39 रायगंज उत्तरी को घ्मंगलवार को पकड़ लिया। पुलिस ने उसे वैकुंठधाम के पास से पकड़ा। उसके खिलाफ पहले से ही 5 केस दर्ज हैं। यह चोरी की वाइकों से लूट की घटनाओं को अंजाम देता था। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने घटना का खुलासा करते हुए वताया कि थाना प्रभारी संजय कुमार मिश्रा थाना राजघाट जनपद गोरखपुर के कुशल निर्देशन सात अदद मोटरसाइकिल चोरी की व वारह अदद चोरी की मोवाइल के साथ अभियुक्त साहेव उर्फ कप्पा पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद इसरार उम्र करीव 26 वर्ष निवासी वार्ड नंवर 39 रायगंज उत्तरी थाना राजघाट जिला गोरखपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।म



चोरी के मोबाइलों व मोटरसाइकिलों के साथ राजघाट थाने की पुलिस द्वारा पकड़े गये अभियुक्त साहेब उर्फ कप्पा के बारे में मीडिया को जानकारी देते एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई।

**साइबर सेल के कर्मचारियों को एसपी जीआरपी ने किया सम्मानित :**गोरखपुर साइवर सेल के पुलिसकर्मियों को मंगलवार की शाम एसपी जीआरपी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। दरअसल 17 मई 2022 को गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 19092 में वम होने की सूचना ट्वीट कर दी गई थी। कार्यवाही करते हुए जीआरपी थाने में केस हुआ। आरोपी को ट्रेस करने में गोरखपुर साइवर सेल के कर्मचारियों निरीक्षक सुनील कुमार पटेल,शशि शंकर राय, शशिकांत जायसवाल और पंकज कुमार गुप्ता ने अहम रोल निभाया घ्था जिसके वाद आरोपी गिरफ्तार हो सका था। इसी चलते चारों पुलिसकर्मियों को आज सम्मानित किया गया।

# 12 साल पुराना विवाद सुलझा

गोरखपुर (एसएनबी)। कोतवाली क्षेत्र के नियामत चक में रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर चला आ रहा 12 साल पुराना विवाद सुलझा लिया गया है। 10 फीट चौड़ी सड़क पर एक व्यक्ति द्वारा जेनरेटर रखा दिया था तो वहीं कुछ अन्य लोगों ने भी अतिक्रमण कर लिया था। महिला शिकायतकर्ता के घर का छज्जा भी रास्ते में बना था और नालियों पर पक्का स्लैब रख दिया गया था।

नियामत चक में काफी समय से सड़क पर अतिक्रमण को लेकर विवाद चल रहा था। नगर आयुक्त के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त ने एसपी सिटी को पत्र लिखकर अतिक्रमण हटाने में सहयोग के लिए पुलिस बल मांगा था। मंगलवार को पुलिस बल के साथ नगर निगम के प्रवर्तन बल के जवान मौके पर पहुंचे। प्रवर्तन बल के प्रभारी कर्नल सीपी सिंह के निर्देश पर पहले सड़क के बीच में रखे जेनरेटर को हटाने की कोशिश हुई तो जेनरेटर रखने वाले ने विरोध का प्रयास किया लेकिन बाद में वह मान गए। क्रेन की मदद से जेनरेटर को छत की पहली मंजिल पर रख दिया गया। इसके बाद सड़क से अन्य लोगों का अतिक्रमण हटाया गया। यह्रां यह भी बता दें कि जिस महिला ने जेनरेटर रखने की शिकायत की थी उनका भी छज्जा और नाले पर रखा स्लैब तोड़कर हटा दिया गया।

# उदयपुर की घटना के बाद यूपी पुलिस हाई अलर्ट पर

- सोशल मीडिया पर रखी जा रही निगरानी
- संदिग्ध व्यक्तियों पर रखी जा रही नजर

**लखनऊ (एसएनबी)।** उदयपुर में बीजेपी की निलम्बित प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखने वाले दर्जी कन्हैया लाल की गला रेतकर हत्या की सनसनीखेज घटना के बाद यहां यूपी में हाईअलर्ट घोषित किया गया है। यूपी पुलिस ने सोशल मीडिया की निगरानी बढ़ा दी है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश दिये गये हैं। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में पिछले दिनों जुमे की नमाज के बाद हुई हिंसा के बाद पुलिस किसी भी तरह लापरवाही नहीं बरतना चाहती है।उदयपुर में भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट डालने वाले व्यक्ति की मंगलवार को गला काटकर हत्या कर दी गई है। मृतक ने करीब दस दिन पहले नुपुर शर्मा के समर्थन में इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट की थी। दो हमलावर मंगलवार को दोपहर में दिनदहाड़े मृतक की टेलर की दुकान में घुसे और तलवार से उस पर कई वार किये। दोनों आरोपितों ने तलवार से मृतक का गला काट दिया। हत्या करने के बाद दोनों आरोपितों ने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो डालकर हत्या की जिम्मेदारी ली है। दोनों आरोपितों ने वीडियो में तलवार लहराते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी हत्या की धमकी दी है। देर शाम पुलिस ने दोनों आरोपितों को राजसमंद जिले के भीम से हिरासत में लिया गया है। शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए उदयपुर जिले में 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद करने के साथ ही शहर में आगामी आदेश तक कर्फ्यू लगाया गया है।

# पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के भरवलिया के धनहवां टोला निवासी अभय मौर्य पुत्र प्रमोद मौर्य को एक नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के मामले में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक रंजीत सिंह के नेतृत्व में एसआई अतुल कुमार तिवारी,कांस्टेबल विपिन वर्मा,अंकुर द्विवेदी की टीम ने आरोपी अभियुक्त को संत निरंकारी भवन के निकट हाइवे से गिरफ्तार कर लिया। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी अभियुक्त अभय मौर्य की तलाश स्थानीय थाने में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 185/22 धारा 363, 376डीए व 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत पंजीत मामले में पुलिस को तलाश थी। जिसे मंगलवार को कैम्पियरगंज के संत निरंकारी भवन के पास हाइवे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## सिकरीगंज से मोटरसाइकिल चोरी

**सिकरीगंज (एसएनबी)।** भारतीय स्टेट बैंक सिकरीगंज के सामने से मंगलवार को दोपहर एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। घटना के संबंध में निर्गुन पुत्र रामदरश थाना क्षेत्र धनघटा के मुडेरा शुक्ल गांव का निवासी है आज दिन मे मोटर साइकिल यूपी 53 एच 6148 से अपने पत्नी को लेकर स्टेट बैंक सिकरीगंज मे केवाईसी कराने के लिए आया था बैंक मे भीड़ होने से काफी समय बीत गया जब बाहर निकले तो मोटरसाइकिल नही थी ।इसी बीच बैंक जांच में सिकरीगंज पुलिस भी मौजूद रही काफी खोज बीन के बाद मोटरसाइकिल का पता नही लग सका । निर्गुन सिकरीगंज पुलिस को मोटरसाइकिल चोरी होने की लिखित तहरीर दे दी है ।

## एक बच्चे का पिता नाबालिग किशोरी को लेकर फरार

**हरपुर बुदहट(एसएनबी)।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी को एक बच्चे का पिता बहला-फुसलाकर भगा ले गया । पीड़ित पिता ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने आपराधिक धारा 363 के तहत मझौरा निवासी रिजवान पुत्र नसीर पर दर्ज कर तलाश कर रही है। बताते चले कि थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी बीती रात सोमवार को रहस्यमय तरीके से घर से गायब हो गयी। जब इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो मंगलवार को नाबालिग किशोरी की दिनभर तलाश किया ।किशोरी के न मिलने पर थक हार मान कर थाने में सूचना दिया। नाबालिग के पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही है। आरोपी एक बच्चे का पिता है वह लुधियाना में रहकर काम करता था। अभी कुछ दिन पहले वह गांव आया था।

# बेतियाहाता पर लगवाया सीसीटीवी, बैंडबाजा के साथ पहुंचे पुलिस अफसर

- आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लग रहे कैमरे
- डागोस्टिक संचालक को किया सम्मानित, बजाया गया पुलिस बैंड
- एडीजी,एसपी सिटी और सीओ के साथ डाक्टर के पास पहुंचे

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कैंट इलाके के बेतियाहता चौराहे पर एक डाइग्नोस्टिक संचालक ने सीसीटीवी कैमरा लगवाया तो पुलिस उनके घर बैंड लेकर पहुंच गई। पुलिस बैंड के साथ खुद एडीजी अखिल कुमार, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, सीओ कैंट श्यामदेव बिंद और इंसपेक्टर कैंट शशिभूषण राय मौजूद रहे। इस दौरान एडीजी समेत सभी अधिकारियों ने बेतियाहाता चौराहे को गोद लेकर सीसीटीवी कैमरा लगवाने वाले लाइफ डाइग्नोस्टिक सेंटर के संचालक अमित गोयल को माला पहनाकर सम्मानित किया।

दरअसल दो दिन पूर्व एडीजी ने यह निर्देश जारी किया था कि जोन के 11 जिलों में चौराहों, गलियों और मोहल्लों को गोद लेकर सीसीटीवी कैमरा लगवाने वाले व्यक्तियों के घर पुलिस का बैंड बजाया जाएगा। खुद एडीजी गोरखपुर जोन बैंड बाजे के साथ उनके घर पहुंचेंगे। माला पहनाकर उन्हें सम्मानित करेंगे। ये सब इसलिए किया जा रहा है, ताकि ज्यादातर लोग आगे आएं। क्राइम कंट्रोल के साथ अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस को मदद मिल सके।

**त्रिनेत्र के तहत लगने हैं कैमरा :** अखिल कुमार ने बताया कि अभियान चलाकर जोन के 11 जिले गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, गोंडा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती के हर चौराहों, गलियों, मोहल्लों में सीसीटीवी कैमरा लगवाया जा रहा है। इसमें उन शहरों के जनप्रतिनिधि, डक्टर, कोचिंग संचालक, व्यापारी से मदद ली जा रही है।

**क्राइम करके भाग नहीं सकेंगे अपराधी :** एडीजी का मानना है कि पहले लोग कैमरा नहीं लगवाते थे। अब घर और दुकान के बाहर कैमरा लगवाए जा रहे हैं। आईटीएमएस के तहत भी गोरखपुर जैसे बड़े शहर में चौराहों पर कैमरे लगे हैं। जिसकी मदद पुलिस को मिल रही है। लेकिन यह नाकाफी है। अभी भी कई गलियां, मोहल्ले, देहात के क्षेत्र सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। जिससे पुलिस को क्राइम के बाद अपराधियों को पकड़ने में दिक्कत आती है। उनका कहना है कि जब चारों तरफ चाहे वह गली हो, चौराहा हो, मोहल्ला हो, गांव हो कैमरा होगा तो अपराधी भी अपराध करने से हिचकिचाएगा। अगर उसने कोई वारदात कर भी दिया तो उसे आसानी से कैमरों की मदद से पकड़ा जा सकता है।

**एक चौराहे पर खर्च होंगे करीब 50 हजार :** एडीजी ने बताया कि एक चौराहे को सीसीटीवी से लैश करने पर करीब 50 हजार रुपये खर्च होंगे। इस लिए शहर के व्यापारियों आदि से मदद लिया जाएगा। हालांकि पहले से भी कुछ व्यापारियों ने कुछ चौराहों को गोद लेकर कैमरे लगवाए हैं। लेकिन बैंड उनके घर पर नहीं बजेगा। यह केवल त्रिनेत्र अभियान के तहत कैमरा लगवाने वालों के घर पर बजेगा।

**पहले से लगे कैमरे है चालू :** गोरखपुर जिले में पहले से भी कई चौराहों पर पहले से सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। जो चल रहे है उनकी प्रापर मानिटरिंग भी होती है। दो साल पूर्व पादरी बाजार चौराहे पर एक व्यापारी ने 4 कैमरे लगवाए थे।वर्तमान में गोरखपुर शहर में करीब 1000 कैमरे लगे हैं वहीं जोन के 11 जिलों में 5000 के करीब कैमरे हैं। आपको बता दें कि सीसीटीवी कैमरे होने से क्राइम के बाद पुलिस को अपराधियों को पकड़ने में काफी आसानी होती है।

**कैमरे की मदद से पुलिस ने कई घटनाओं का कर चुकी है खुलासा :** एक माह पहले ही 10 लाख की चोरी का कैंट पुलिस ने खुलासा किया था। सड़क पर लगे एक सीसीटीवी फुटेज में 3 चोर दिखे थे। दो दिन बाद ही चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसी प्रकार शाहपुर पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व लूट का खुलासा किया था। जिसमे सीसीटीवी फुटेज से दो लुटेरे पकड़े गए थे। वहीं कार में आग लगाने वाली बुर्काधारी महिला की भी पुलिस सीसीटीवी की मदद से ही पहचान में जुटी है।

# शाहपुर में युवक की लाश मिली, हत्या की आशंका

पादरी बाजार(एसएनबी)। शाहपुर इलाके के बशारतपुर स्थित एक स्कूल में मंगलवार की शाम 32 वर्षीय युवक अचेत अवस्था मे मिला। पुलिस का कहना है कि युवक की मौत जिला अस्पताल में हुई है जबकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक के शरीर मे कोई हलचल नही था। सिर में चोट के निशान होने से हत्या की भी आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**बशारतपुर में संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत**

जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के बशारतपुर निवासी 32 वर्षीय विली जेकप का घर से थोड़ी दूर होप डाइसन स्कूल परिसर में अचेत अवस्था मे पड़ा हुआ था। स्कूल कर्मचारियों की सूचना पर पहुंची शाहपुर पुलिस ने युवक को लेकर जिला अस्पताल गयी जहां चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया। शाहपुर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। इस संबंध में शाहपुर थानाध्यक्ष रणधीर मिश्रा का कहना है कि स्कूल परिसर में युवक अर्ध विक्षिप्त हालत में पड़ा था जिसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



बेतियाहाता चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने वाले डा.अमित गोयल को माला पहनाकर सम्मानित करते एडीजी जोन अखिल कुमार साथ में एसडीएम सदर कुलदीप मीना,एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई व सीओ कैंट श्यामदेव। फोटो : एसएनबी

## थाना परिसर में होगी नीलामी

**पिपराइच।** स्थानीय थाना परिसर में लावारिस खड़ी गाड़ियों की नीलामी आगामी एक जुलाई को थाना परिसर में ही की जायेगी। इस आशय की जानकारी देते हुए एसएसआई राजकुमार सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से देते हुए बताया कि थाना परिसर में लावारिस खड़ी दस गाड़ियों की नीलामी उक्त तिथि को दिन में दस बजे एसडीएम की देखरेख में सम्पन्न होगी।

## बैठक आज

**कौड़ीराम।** कौड़ीराम कस्बे में होने वाले जाम के मद्देनजर एसडीएम बांसगांव ने व्यापारियों के साथ बुधवार को सायं 3 बजे से लोकनिर्माण विभाग के डाक बंगले में बैठक बुलाई है। प्रशासन ने इसके पूर्व भी 22मई को व्यापारियों के साथ बैठक कर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए फार्मूला तय किया था। बैठक में एसडीएम बांसगांव की अध्यक्षता में क्षेत्राधिकारी बांसगांव, थाना प्रभारी गगहा, बांसगांव, सहायक अभियंता लोनिवि, क्षेत्रीय प्रबंधक उप्र परिवहन निगमभाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व व्यापारी नेता मार्कण्डेय राय को पत्र प्रेषित कर सूचना दी गई है।

## दो साल की कैद

**गोरखपुर।** गैंगस्टर का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट कोर्ट सुशील कुमार खरवार ने कुशीनगर जिले के खड्डा थाना क्षेत्र के वार्ड नम्बर आठ खड्डा निवासी अभियुक्त राजू गुप्ता को दो साल के कठोर कारावास व पांच हजार अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन का पक्ष विशेष लोक अभियोजक घनश्याम सिंह एवं अखिलेश शुक्ल ने रखा।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बासगांव।** बांसगांव क्षेत्र के अड़रवली गांव में 25 जून कोवीडियो बनाने को लेकर दो युवकों के विवाद के पश्चात युवक की हत्या में आरोपी कुसुम यादव पत्नी मछंदर यादव रीना यादव पत्नी हरिशंकर यादव को बांसगांव पुलिस ने बांसगांव कौड़ीराम रोड पर डिघवा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गिरफ्तार करने वालों में कोतवाल बांसगांव सत्य प्रकाश सिंह एसआई सुनील एसआई अरसद खान कांस्टेबल मोहित सिंह महिला कांस्टेबल अर्चना सिंह व रीमा यादव ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।।

# राजेन्द्र दूबे की हत्या के साजिशकर्ता को पुलिस ने दबोचा

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** गत 24 जून को बड़हलगंज मे हुई राजेन्द्र दुबे हत्याकांड में एक नया मोड़ आ गया हैं। पुलिस को पता चला हैं कि गांव के ही एक व्यक्ति ने राजेंद्र दुबे की हत्या करायी हैं। हत्याकांड का साजिशकर्ता पुलिस की हिरासत में हैं। पुलिस उससे पूछताछ में पता चला हैं कि सब्जी व्यापारी की हत्या में दो शूटर शामिल थे। जिनकी तलाश मे पुलिस लगातार छापेमारी कर रही हैं। एक, दो दिन में ही पुलिस हत्या का खुलासा कर सकती हैं। मालूम हो कि 24 जून की सुबह बड़हलगंज क्षेत्र के शनिचरा पट्टी निवासी 56 वर्षीय सब्जी विक्रेता राजेन्द्र दुबे की दिनदहाड़े कछार में लबे सड़क गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। चूंकि राजेन्द्र काफी गरीब थे व गांव गांव सब्जी बेचकर अपना तथा दो नाबालिग बच्चों का भरण पोषण कर रहे थे। उनकी हत्या के बाद कछार क्षेत्र मे सनसनी फैल गई थी। और ग्रामीण आक्रोशित थे। पुलिस भी हत्याकांड के खुलासे के लिए लगातार छापेमारी कर रही हैं।

**बैंकाक या कोरिया कनेक्शन नही :** पुलिस के अनुसार राजेन्द्र दुबे की हत्या में बैंकाक या कोरिया का कनेक्शन नही हैं। 36 वर्ष पूर्व 16 अप्रैल 1986 को कल्यानपुर निवासी रामदेव यादव की हत्या मे तीन अन्य व्यक्तियों के साथ राजेन्द्र दुबे भी आरोपी थे। किन्तु 1990 में कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में राजेन्द्र को बरी कर दिया था। वे इकलौते आरोपी थे जो बरी होने के बाद जिन्दा थे। जब कि अन्य तीन आरोपियों की मौत हो चुकी थी।

**रामदेव यादव के पुत्रों को फंसाने के लिए व्यक्ति ने करायी हत्या :** पुलिस सूत्रों की मानें तो गांव के ही एक व्यक्ति ने मृतक रामदेव के पुत्र से 24 लाख रुपये उधार लिया था। जिसे वह लौटाने मे आनाकानी कर रहा था। चूंकि राजेन्द्र दुबे, रामदेव यादव हत्याकांड का आरोपी रह चुका था, और राजेन्द्र दुबे से उनकी दुश्मनी थी। इसलिए उसने सोचा कि अगर राजेन्द्र दुबे की हत्या हो जांय तो सबसे पहला शक बैंकाक मे रह रहे रामदेव यादव के पुत्रों पर जायेगा। और वे जेल चले जायेंगे। जिससे उसे 24 लाख रुपये वापस नही करने पड़ेंगे। इसलिए उसने भाड़े के शूटरों से राजेन्द्र दुबे की हत्या करा दी। अधिकारियों का दावा है कि पुलिस हत्याकांड के खुलासे के करीब हैं और जल्दी ही राजेंद्र हत्याकांड के शूटर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# एसपी सिटी की जांच में खुला राज, दिल्ली से हो रही नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजी

**गोरखपुर(एसएनबी)।** एयरपोर्ट और एम्स में नौकरी के नाम पर जालसाजी का आफिस दिल्ली के द्वारिका में संचालित हो रहा है। एयरफोर्स के अधिकारी के शिकायत के बाद एसपी सिटी ष्ण कुमार विश्नोई ने जांच कराई तो मामला खुलकर सामने आया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई के आदेश पर एक सिपाही ने दिल्ली आफिस से फोन पर संपर्क किया। जिसके बाद सर्विलांस की मदद से खुलासा हुआ है। अब पुलिस मामले की जांच तेज कर दी है।

एयरपोर्ट और एम्स में नौकरी के नाम पर ठगी के लिए शहर के कई चौराहों पर पोस्टर लगाए गए हैं। इस लालच में फंसकर कईयों ने रुपये भी गंवा दिए हैं। पोस्टर पर ही नंबर ध्भी दिए गए है, जिसकी मदद से लोग संपर्क करते है और फिर जालसाजी का शिकार हो जाते हैं। इसे लेकर एक सप्ताह पहले एयरपोर्ट प्रशासन ने पत्र लिख मामले की जानकारी पुलिस अधिकारियों को दी। एसपी सिटी ष्ण कुमार विश्नोई ने जांच कराई तो पता चला कि पोस्टर पर जो नंबर दर्ज हैं वह दिल्ली के द्वारका में रहने वाले जालसाजों के हैं। पुलिसकर्मी ने नंबर पर फोन कर नौकरी दिलाने की इच्छा जताई तो जालसाज ने ईमेल नंबर देकर उस पर दस्तावेज भेजने को कहा। बाद में रुपये मांगने लगा।

खोराबार के प्रेमनगर निवासी रूपेश कुमार हाल के साथ पिछले दिनों इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी के नाम पर 16.82 लाख रुपये की जालसाजी हो गई। नौकरी न मिलने पर रुपये वापस मांगने पर फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया गया। पीड़ित ज्वाइन करने पहुंचे तो जालसाजी की जानकारी हुई। खोराबार पुलिस ने जांच में आरोप की पुष्टि होने के बाद खुद को एयर होस्टेस बताने वाली रामगढ़ताल निवासी नेहा,उसके साथी समेत तीन पर केस दर्ज किया है। रूपेश ने तहरीर में लिखा है कि मेरी जान पहचान सूबा बाजार काली मंदिर निवासी अभिनेष निषाद उर्फ सोनू से थी।वह खुद को इंडिगो एयरलाइंस का ग्राउंड स्टाफ बताते हुए एम्स व एयरलाइंस में नौकरी लगवाने का भरोसा दिया। रूपेश ने नौकरी लगवाने की इच्छा जताई तो खुद को इंडिगो एयर होस्टेस बताने वाली नेहा निषाद से फोन पर बात कराई। नेहा ने हैदराबाद में नौकरी दिलवाने का भरोसा देते हुए नरसिम्हा रेड्डी नाम के एक व्यक्ति से बात कराया। झांसे में फंसे रूपेश ने अपने दो अन्य भाइयों को नौकरी दिलाने की इच्छा जताते हुए आरोपियों के कहने पर उनके खाते में कई बार में 16 लाख रुपये भेज दिए।

नौकरी न मिलने पर रूपेश ने रुपये वापस मांगे तो इंडिगो एयरलाइंस हैदराबाद में उसके छोटे भाई नितेश की नौकरी लगने की जानकारी देते हुए नियुक्ति पत्र दे दिया गया। जिसे लेकर नितेश हैदराबाद पहुंचा तो एयरलाइंस के अधिकारियों ने कूटरचित होने की जानकारी देते हुए लौटा दिया। हालांकि इंडिगो का कहना है कि नेहा नाम की कोई एयरहोस्टेस नहीं है। पुलिस नेहा और उसके साथियों की तलाश कर रही है।

# बुजुर्ग झब्बू की तलाश में पुलिस की छापेमारी जारी

बांसगांव (एसएनबी)। 24 जून की आधी रात को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता वैदौली गांव निवासी 72 वर्षीय वृद्ध झव्वू यादव का अव तक पता न चल पाने से परिजन किसी अनहोनी को लेकर परेशान हैं। दूसरी तरफ मुकामी पुलिस मंगलवार झव्वू की तलाश में गांव समेत आसपास के इलाके में सघन घंटों काम्विंग किया। फिर भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

इस सम्वंध में एसएचओ सत्यप्रकाश सिंह ने वताया कि आज सीओ अंजनी कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पीएसी तथा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा वैदौली गांव में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों से पूछताछ करने के साथ घरों में वड़े वड़े वक्सों की भी तलाशी ली गयी। अलावां इसके गांव के वाहर वाग, नाला, तालाव आदि जगहों पर भी छानवीन की गयी। गांव से कौड़ीरामन्वांसगांव मार्ग को निकलने वाले रास्ते पर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी देखा गया। करीव दो घंटे तक चले तलाशी अभियान के वाद भी झव्वू का कोई सुराग नहीं मिल सका। तलाशी टीम डेढ़ सेक्शन पीएसी व पुलिस के जवानों के अलावां पांच महिला सिपाही तथा कौड़ीराम चौकी इंचार्ज इत्यानंद पाण्डेय पुलिस वल के साथ शामिल रहे।

> लापता बुजुर्ग का लेकर मांगी गई थी एक करोड़ की फिरौती

**तीन संदिग्ध उठाये गए :** एसएचओ ने वताया कि झव्वू यादव के परिजनों को मिले पत्र में एक करोड़ की मांगी गयी फिरौती के मामले में पुलिस तीन संदिग्धों को उठाकर उनसे पूछताछ कर रही है। एक सवाल के जवाव में उन्होने वताया कि इस घटना का पर्दाफास करने के लिए कुल सात संदिग्धों के मोवाइल नम्वर सर्विसलांस पर लगाये गये हैं।

# जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर (एसएनबी)। राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज जंगल अहमद अली शाह तुर्रा वाजार पिपराइच रोड के डाक्टर अभिषेक यादव की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश रामपाल ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद मौर्य का कहना था कि जंगल अहमद अली शाह तुर्रा वाजार पिपराइच रोड स्थित राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज द्वारा जीएनएम, एएनएम, वीएससी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल विभाग के विद्यार्थियों से संस्था द्वारा डोनेशन एवं निर्धारित फीस से अधिक फीस ले ली गई। उसके वाद भी न तो उन्हे डिग्री दी गई और न तो उनकी परीक्षा कराई गई।

प्रथम सत्र के विद्यार्थियों को यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी से संवद्ध वता कर नामांकन कराया गया। जिलाधिकारी के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत हुआ और पता चला कि संस्था द्वारा कूटरचित दस्तावेज के आधार पर मान्यता ले कर छात्रों से धोखा कर निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क लेकर उनका रुपया गमन कर लिया।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर किया रेप, पकड़ा गया

गोरखपुर (एसएनबी)। कैंट इलाके का एक युवक सोशल मीडिया के जरिए युवती से दोस्ती की। फिर शादी का झांसा देकर रेप किया। आरोप है कि युवक ने ट्रेडिंग सिखाने के वहाने घर वुलाया। घर आते-जाते उसने शादी का झांसा दिया और वीडियो भी वना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसने कई वार युवती से रेप किया। कैंट पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान कैंट के रानीडीहा निवासी विनीत सिंह के रूप में हुई है। कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने वताया कि पीड़िता एक गर्ल्स हास्टल में रहती थी। अक्तूवर 2021 में उसकी मुलाकात विनीत सिंह से इंस्टाग्राम के जरिए हुई, फिर दोनों में दोस्ती हुई। विनीत सिंह को सोशल मीडिया पर हर चीज के ट्रेडिंग की जानकारी थी तो युवती ने ट्रेडिंग सिखने उसके घर आती थी। इस दौरान युवती का आरोपी के घर आना जाना हो गया।

# महिला की बहादुरी से पकड़ा गया बदमाश

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (28 June):** तुर्कमानपुर में एक महिला से मोबाइल छीन कर भाग रहे बदमाश को पकड़ने में पुलिस कामयाब हुई है. रायगंज की रहने वाली श्वेता बदमाश मोबाइल छीनकर भाग रहा था, जिसका उसने विरोध भी किया और काफी दूर तक दौड़ भी लगाई. इसके बाद श्वेता की कॉल पर पुलिस बदमाश पकड़ने में पुलिस सफल हो पाई. पकड़े गए आरोपित से पूछताछ के बाद राजघाट पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी. उसकी निशानदेही पर पुलिस चोरी की सात बाइक और 12 मोबाइल बरामद किया है. मंगलवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया.




पुलिस गिरफ्त में आरोपित.

## बैकुंठधाम मोड़ से पकड़ा

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने इस खुलासे की जानकारी देते हुए बताया कि राजघाट के तुर्कमानपुर में फोन पर बात कर रही महिला से झपट्टा मारकर मोबाइल छीन कर युवक भाग रहा था. महिला के शोर मचाने पर कुछ दूरी पर मौजूद पुलिस टीम ने आरोपित को बर्फखाना बैकुंठधाम घाट मोड़ से पकड़ लिया. पूछताछ में उसकी पहचान साहेब उर्फ कप्पा निवासी वार्ड नंबर 39 रायगंज उत्तरी थाना राजघाट के रूप में हुई. एसपी सिटी ने बताया कि कड़ाई से पूछताछ में उसने चोरी की सात बाइक और 12 मोबाइल बरामद कराई.

# टॉप-10 शातिर बदमाशों को सजा दिलाएगी गोरखपुर रेंज पुलिस

**डीआईजी जे. रविंद्र ने दिया निर्देश, हर जिले में तैयार की गई थी टॉप बदमाशों की सूची**

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (28 June): गोरखपुर रेंज के सभी जिले के टॉप-10 बदमाशों की पैरवी कर सजा दिलाएगी. कई ऐसे बदमाश है जिनका टॉप बदमाशों की सूची में शामिल होने के बावजूद सजा नहीं हो पाई है. यही वजह है कि इसे प्रियारिटी देकर कोर्ट में पैरवी करने का आदेश डीआईजी जे.रविंद्र ने दिया है. उनके आदेश पर चारों जिलों के टॉप बदमाशों की सूची तैयार भी कर ली गई है.

## ऑपरेशन शिकंजा से तोड़ेंगे बदमाशों का मनोबल

हर जिले में टॉप बदमाशों की सूची तैयार की गई थी. इन पर कार्रवाई तो पुलिस ने की, लेकिन कई ऐसे बदमाश इस सूची में शामिल है, जिन्हें एक भी मुकदमे में कोर्ट से सजा नहीं हो पाई है. यही वजह है कि डीआईजी ने ऑपरेशन शिकंजा को और प्रभावी बनाने का आदेश दिया है. डीआईजी के निर्देश पर सभी जिले के टॉप बदमाशों की सूची तैयार की गई है. इनके केसों की सूची भी तैयार कर ली गई है. अब केस की तारीख पर पुलिस की ओर से पैरवी की जाएगी, ताकि सजा हो सके.





## ये हैं टॉप 10 बदमाश

### गोरखपुर

झंगहा निवासी राघवेंद्र यादव, गुलरिहा के राकेश यादव, बेलघाट के शैलेंद्र प्रताप सिंह, बांसगांव निवासी राधे उर्फ राधेश्याम यादव, कैंट निवासी सत्यव्रत राय, खजनी निवासी सुभाष शर्मा, कैंट के अजीत शाही, गीडा के मल्हीपुर निवासी प्रदीप सिंह, शाहपुर के सुधीर सिंह, गोरखनाथ के विनोद उपाध्याय का नाम शामिल किया गया है.

### देवरिया

लार निवासी रवि प्र?ताप सिंह उर्फ झूला सिंह, कोतवाली इलाके के हृदयशंकर, रामपुर कारखाना के सुनील राजभर, भलुअनी निवासी महेश यादव, गौरीबाजार निवासी विवेक सिंह, सलेमपुर निवासी अनूप सिंह उर्फ बबलू सिंह, खुखुन्दू निवासी मनीष मिश्रा, लार निवासी रामप्रवेश यादव, बनकटा निवासी अमृतांश पांडेय का नाम शामिल गया है.

### कुशीनगर

पड़रौना निवासी रुपक राय उर्फ रुपचंद, कुबेरस्थान निवासी अख्तर, कुबेरस्थान के अफजल, तुर्कपट्टी निवासी अमरेश यादव, हाटा निवासी जितेंद्र चौहान, हाटा के विनोद कुमार पासवान, तरया सुजान निवासी दीपक गुप्ता, हनुमानगंज निवासी श्रीराम उर्फ रामा, तुर्कपट्टी निवासी संतोष यादव, विशुनपुरा निवासी गोलू मिश्रा का नाम शामिल है.

### महराजगंज

कोतवाली इलाके के रजनीश सिंह, घुघली निवासी अनिल गुप्ता, पनियरा निवासी हरेकृष्ण मिश्र, फरेंदा निवासी उमा उर्फ उमाशंकर, पुरन्दरपुर निवासी गोविंद, नौतनवां निवासी टीसू उर्फ अकरम, परसामलिक के मुलायम यादव, सौनौली निवासी आफताब अंसारी, परसौनी के अनवर अली और ठूठीबारी के गोविंद कुमार गुप्ता का नाम शामिल गया है.

**GORAKHPUR (28 June):** गोरखपुर में अब शनिवार को ही पुलिस की चौपाल लगाई जाएगी. इससे पहले यह चौपाल जिले के हर थानों पर बुधवार को आयोजित होती थी. जिसमें रोस्टर के हिसाब से थाने पर पुलिस अधिकारी जाते थे और फरियाद सुनते थे. वहीं महीने के पहले व तीसरे शनिवार को थाना समाधान दिवस दूसरे, चौथे शनिवार को तहसील दिवस होता था. जिससे सप्ताह में दो दिन पुलिस अधिकारी ऑफिस में नहीं बैठ पाते थे.

## एक ही दिन समाधान दिवस

अब गोरखपुर में एक ही दिन यानि शनिवार को ही समाधान दिवस, तहसील दिवस और पुलिस की चौपाल लगेगी. जहां अधिकारी थाने पर ही लोगों की समस्या को सुनकर निस्तारण करेंगे, बाकि के दिन ये मुख्यालय पर अपने दफ्तर में मौजूद रहेंगे. एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि चौपाल को अब शनिवार को ही कराया जाएगा. जिससे एक ही दिन थानों पर अधिकतर लोगों के मामलों को निस्तारण किया जाएगा. साथ ही अधिकारी बाकि दिन अपने दफ्तरों में फरियाद सुनेंगे.

# हत्या के आरोपी दो अरेस्ट

सिकरीगंज पुलस ने हत्या के मामले के दो आरोपियों को अरेस्ट कर जेल भेजा है. एसओ दीपक सिंह ने बताया कि सिकरीगंज थाना क्षेत्र के गांव झमलीडीह खुर्द निवासी राम प्रवेश व उमेश यादव को मंगलवार सुबह कस्बे से अरेस्ट किया गया.

# सहयोग की 'थर्ड आई' से सिक्योर होगा गोरखपुर

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



माला पहनाकर पुलिसकर्मियों ने किया सम्मान.

**ऑपरेशन त्रिनेत के तहत चौराहों, गली-मोहल्लों में लगवाएंगे सीसीटीवी कैमरे**

**GORAKHPUR(28 June):** गोरखपुर समेत जोन के 11 जिलों के चौराहे, गली-मोहल्ले अब सहयोग की थर्ड आई से सिक्योर होंगे. मतलब व्यापारियों, प्रोफेशनल और समाजसेवियों के सहयोग से दिए जाने वाले सीसीटीवी कैमरों से सुरक्षित होंगे. ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत इस कार्य की शुरुआत मंगलवार को गोरखपुर से हो गई. लाइफ डायग्नोस्टिक संचालक अमित गोयल ने बेतियाहाता चौराहा गोद लेकर वहां सीसीटीवी लगवाने की इच्छा जाहिर की, जिसके बाद एडीजी अखिल कुमार संग पुलिस उनके पैथोलॉजी सेंटर बैंड लेकर पहुंची. बेतियाहाता में इस दृश्य को देखने के लिए भीड़ लग गई. वहां पर जश्न का माहौल दिखा. एडीजी, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, सीओ कैंट श्यामदेव बिंद और इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय पहुंचे. इस दौरान एडीजी समेत सभी अधिकारियों ने संचालक को माला पहनाकर सम्मानित किया.

## गोरखपुर के 11 जिले में होगी पहल

एडीजी अखिल कुमार ने बताया, अभियान चलाकर गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, गोंडा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती के हर चौराहों, गलियों, मोहल्लों में सीसीटीवी लगवाया जा रहा है. इसमें उन शहरों के जनप्रतिनिधि, डॉक्टर, कोचिंग संचालक, व्यापारी से मदद ली जा रही है.

## क्राइम कर भाग नहीं सकेंगे अपराधी

एडीजी का मानना है कि पहले लोग सीसीटीवी कैमरा नहीं लगवाते थे. अब घर और दुकान के बाहर कैमरा लगवाए जा रहे हैं. आईटीएमएस के तहत भी गोरखपुर जैसे बड़े शहर में चौराहों पर कैमरे लगे हैं, जिसकी मदद पुलिस को मिल रही है. उनका कहना है कि जब गली, चौराहा, मोहल्ले व गांव कैमरे से लैस हो जाएंगे, तब अपराधी भी अपराध करने से डरेंगे और क्राइम करके भाग नहीं सकेंगे.

## एक चौराहे पर खर्च होंगे 50 हजार रुपए

एडीजी ने बताया कि एक चौराहे को सीसीटीवी से लैस करने पर करीब 50 हजार रुपए खर्च होंगे. इसलिए सहयोग लिया जा रहा है. हालांकि पहले से भी कुछ व्यापारियों ने कुछ चौराहों को गोद लेकर कैमरे लगवाए हैं. लेकिन बैंड उनके घर पर नहीं बजेगा. यह केवल त्रिनेत्र अभियान के तहत कैमरा लगवाने वालों के घर पर बजेगा.

## ऐश्प्रा ग्रुप चौराहों पर लगवाएगा कैमरे



एडीजी जोन की पहल पर ऐश्प्रा ग्रुप ने भी चौराहों और कुछ प्रमुख मार्गों पर कैमरे लगवाने का निर्णय किया है. ऐश्प्रा ग्रुप के डायरेक्टर अतुल सराफ ने बताया, गांधी गली, वीर बहादुर चौराहा, ऐश्प्रा तिराहा, हिंदी बाजार में पुराने शोरूम मार्ग पर, विजय चौक और अम्बेडकर चौराहा को गोद लिया है. अब इन चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा ऐश्प्रा ग्रुप लगवाएगा. इससे सिटी की सुरक्षा और बढ़ेगी. लोग अपने आपको सेफ महसूस करेंगे. सिटी के अन्य लोगों को आगे आना चाहिए. एडीजी अखिल कुमार इस पहल की सराहना की जाती है.



**"एडीजी जोन ने अच्छी पहल की है. इसमें सभी व्यापारी वर्ग को अपना सहयोग देना चाहिए. शहर के चप्पे-चप्पे कैमरे से लैस हो जाएंगे तो जनता के साथ कोई गलत करते हुए डरेगा. गलत करने वाले भी आसानी से पकड़ लिए जाएंगे.**

**सीताराम जायसवाल,**
मेयर गोरखपुर

# कौड़ीराम में पकड़े गए ई टिकटों के दो अवैध कारोबारी

**कन्फर्म टिकट के बदले वसूल रहे थे एक हजार रुपए, ढाई लाख के 160 टिकट बरामद**

gorakhpur@inext.co.in

KAUDIRAM (28 June): दिल्ली और मुंबई जाने वाले यात्रियों की भीड़ बढ़ने के साथ ही टिकट दलालों की सक्रियता भी बढ़ गई है. अब तो इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन (आइआरसीटीसी) के अधिकृत एजेंट भी ई टिकटों का अवैध कारोबार करने लगे हैं. आरपीएफ की क्राइम इन्वेस्टीगेशन ब्रांच (सीआइबी) की टीम ने कौड़ीराम कस्बे स्थित दो दुकानों में छापेमारी कर अवैध टिकटों के दो कारोबारियों को पकड़ा है. दोनों प्रतिबंधित साफ्टवेयर से टिकट बुक कर रहे थे. उनके पास से करीब ढाई लाख रुपये कीमत के लगभग 160 ई टिकट बरामद हुए हैं.

## वसूल रहे थे एक्स्ट्रा

सीआइबी की टीम ने आनंद इंटरनेट सर्विस और जनरल स्टोर में छापेमारी की थी. दोनों दुकानों के संचालक आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर फर्जी आईडी बनाकर टिकट बुक कर रहे थे. कन्फर्म टिकट के बदले में यात्रियों से 1000 रुपये अतिरिक्त वसूल रहे थे. टीम ने टिकटों के अवैध कारोबार के आरोप में शंभू गुप्ता निवासी चाड़ी थाना बासगांव और अमरेन्द्र राय निवासी ग्राम धनौड़ा, थाना बासगांव को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित कर दी है. सीआइबी टीम में निरीक्षक विनोद कुमार यादव, देवेन्द्र प्रताप, एम रहमान, धीरेंद्र प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, महाप्रताप सिंह और बिमलेश कुमार यादव शामिल थे.

## बालक को चाइल्ड लाइन के हवाले किया

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के अनुसार रेलवे सुरक्षा बल की टीम को गश्त के दौरान रेलवे स्टेशन गोरखपुर के प्लेटफार्म नंबर दो पर 13 वर्ष का बालक मिला. घर का पता और मोबाइल नंबर की जानकारी नहीं होने पर टीम ने बालक को चाइल्ड लाइन के हवाले कर दिया है.

# गैर इरादतन हत्यारोपित गिरफ्तार

सिकरीगंज थाना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के दो आरोपितों को मंगलवार को गिरफ्तार करके जेल भेजा है. आरोपितों की पहचान सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम इमलीडीह खुर्द निवासी रामप्रवेश यादव व उमेश यादव के रूप में हुई. थानाध्यक्ष सिकरीगंज दीपक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस दोनों आरोपितों की तलाश में जुटी थी. मंगलवार को टीम ने दोनों आरोपितों को कस्बे से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया.

# इंस्टाग्राम से दोस्ती फिर किया दुष्कर्म, दबोचा गया

गोरखपुर। इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती की और ट्रेडिंग सिखाने के बहाने घर बुलाकर युवती को शादी का झांसा देकर रेप कर दिया। वीडियो बना उसे वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया। कैंट पुलिस केस दर्ज कर आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

कैंट इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी कैंट के रानीडीहा निवासी विनीत सिंह है। पीड़िता एक गर्ल्स हॉस्टल में रहती थी। अक्तूबर 2021 में उसकी मुलाकात विनीतसे इंस्टाग्राम के जरिए हुई। विनीत को ट्रेडिंग की जानकारी थी तो युवती ने ट्रेडिंग सीखने की इच्छा जाहिर की। एक जनवरी 2022 को विनीत अपनी बाइक से युवती को अपने घर ले गया। वह कोल्ड ड्रिंक पीने को दी। कोल्ड ड्रिंक पीने पर युवती होश खो बैठी।

विदेश न जा पाने के बाद गोरखपुर लौटे युवकों ने किया हंगाम

# विदेश में नौकरी के नाम पर दो दर्जन को ठगा

**सेंवई बाजार हिन्दुस्तान संवाद।** बेलीपार क्षेत्र के एक युवक ने विदेश भेजने के नाम पर दर्जनों लोगों से जालसाजी की। पीड़ितों की शिकायत पर बेलीपार पुलिस ने मंगलवार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सेंवई बाजार स्थित उसके ऑफिस में शाम छापा मार कर रजिस्टर और कुछ अन्य कागजात सहित मोबाइल फोन भी पुलिस ने जब्त किया है।

सेंवई बाजार स्थित उजैफा ट्रेनिंग सेंटर पर मंगलवार की दोपहर आधा दर्जन युवक हंगामा कर रहे थे। शोर सुनकर आसपास के लोग जुट गए। युवकों ने आरोप लगाय कि उजैफा ट्रेनिंग सेंटर के संचालक अजय पुत्र रामदीन निवासी बंसीपुरा भौवापार थाना बेलीपार ने विदेश भेजने के नाम पर उनसे ठगी की है। वे लोग हफ्तों चेन्नई हवाई अड्डे पर धूल फांकने के बाद भी जब विदेश नहीं जा सके तो गोरखपुर वापस आए हैं। एजेन्ट अब पैसे वापस करने में आनाकानी कर रहा है। बाद में इन लोगों ने बेलीपार पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने ट्रेनिंग से संचालक को गिरफ्तार कर लिया। सेंटर पर छापेमारी कर पुलिस ने वहां से बरामद दस्तावेज और मोबाइल को अपने कब्जे में ले लिया।

बेलीपार थाने में जुटे दो दर्जन से अधिक लोगों ने उजैफा सेंटर के संचालक अजय पर आरोप लगाया कि वह वर्किंग वीजा के नाम पर विदेश भेजने के लिए 40 हजार रुपये से लेकर 60 हजार रुपये तक वसूल लिया। मेडिकल कराने के नाम पर पांच हजार रुपये अलग से लिया। एक महीने से वीजा देने को लेकर टालमटोल कर रहा था। कुछ लोगों को सीधे एयरपोर्ट पहुंच कर सूचना देने की बात कही। एक महीने से ऑफिस पर दौड़ लगा रहे लोगों का सब्र जवाब दे गया तब पांच लोग चेन्नई एयरपोर्ट से वर्किंग बीजा न मिलने के कारण वापस आकर अपना पैसा मांगने लगे। मंगलवार को 28 ने बेलीपार पुलिस को अपनी पीड़ा बताकर पैसे वापसी की गुहार लगाई।



चेन्नई एयरपोर्ट के अधिकारियों ने इ पांच लोगों को वापस भेजा था।

- बेलीपार पुलिस ने ट्रेनिंग सें के संचालक को दबोचा
- सेंटर पर छापा मार मोबाइल अन्य दस्तावेज बरामद किए

## मोबाइल एप पर निकाला जाता है विज्ञापन

ठगे गए सभी लोगों ने बताया कि मोबाइल एप पर विदेश में कामगारों के जरूरत का विज्ञापन आता है। उसी से सेंवई स्थित ऑफिस का पता चला था। युवकों ने बताया कि विदेश भेजने का तय रकम में से पैसे अलग-अलग लोगों के एकाउंट में मंगाता था।

> तहरीर के आधार पर धारा 406 व 420 में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। ठग गिरोह के मुखिया सहित इस खेल में जुड़े सभी लोगों को शीघ्र ही गिरफ्तार किया जायेगा।
> – प्रशाली गंगवार, थाना प्रभारी बेलीपार

**एयरपोर्ट पर पूछताछ में ठगे जाने का हुआ अहसास :** गोपालगंज बिहार निवासी इमाम हुसैन सिद्दकी और उनके तीन साथी बालेन्द्र कुमार देवरिया, अखिलेश फाजिलनगर, असलम अंसारी को 15 दिन पहले सेंवई बाजार के एजेंट ने चेन्नई यह कहकर भेज दिया कि वही एयरपोर्ट पर उसके दूसरे साथ वीजा दे देंगे। वहां के एजेंट ने लोगों को टूरिस्ट वीजा दिया। एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने इन लोगों के टूरिस्ट वीजा को देखते हुए वापसी का वीजा वहां ठहरने का स्थान होटल आदि की तहकीकात की।

**बैठक** | **डीएम कृष्णा करुणेश की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक हुई, उद्यमियों ने अपनी समस्या बताई**

# उद्यमियों ने उठाई समस्या तो हुई नोकझोंक

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** डीएम कृष्णा करुणेश की अध्यक्षता में मंगलवार को उद्योग बंधु की बैठक हुई। बैठक में बारी-बारी से उद्यमियों ने अपनी समस्या बताई। उद्यमियों ने बरगदवा से इंडस्ट्रियल एस्टेट तक कच्चा माल लेकर आने वाले ट्रकों को दो घंटे तक छूट देने की मांग की। डीएम कृष्णा करुणेश ने इस मामले में एसपी यातायात से बात कर निर्णय लेने का आश्वासन दिया। उद्यमियों ने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया में 100 औद्योगिक इकाइयां स्थापित हैं। यहां कच्चा माल लेकर आने वाले ट्रकों को भी दिन में रोक दिया जाता है। इन ट्रकों को औद्योगिक इकाई तक पहुंचने के लिए दोपहर 12 से दो बजे तक छूट प्रदान की जानी चाहिए।

- **कच्चा माल लेकर आने वाले ट्रकों को दो घंटे तक छूट देने की मांग की**
- **इंडस्ट्रियल एरिया में 100 औद्योगिक इकाइयां स्थापित हैं**

उन्होंने पुलिस द्वारा वसूली का आरोप भी लगाया।

उद्यमियों की तरफ से इंडस्ट्रियल एरिया एवं इंडस्ट्रियल एस्टेट में बिजली की समस्या को भी उठाया गया। बैठक में यह बात उठाए जाने के बाद बिजली निगम के अधिशासी अभियंता एवं उद्यमियों के बीच नोकझोंक भी हुई। अधिशासी अभियंता गीडा की एक टिप्पणी पर लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष दीपक कारीवाल ने विरोध जताया। बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी गीडा गुरुप्रसाद ने गीडा के प्लास्टिक पार्क की अद्यतन स्थिति बताई। उद्यमियों ने कहा कि यहां सुविधाएं बढ़ानी होंगी। गारमेंट पार्क, आइटी पार्क, फ्लैटेड फैक्ट्री व होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के बारे में भी जानकारी दी गई। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग रवि कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान चैंबर आफ इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष एसके अग्रवाल, उपाध्यक्ष आरएन सिंह, लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष दीपक कारीवाल, सुमित कक्कड़, मनोज अग्रवाल, भोला जायसवाल, रमाशंकर शुक्ला, लक्ष्मी प्रसाद शास्त्री आदि उपस्थित रहे।

## बैठक में एक्सईएन की टिप्पणी से नाराजगी

**गोरखपुर।** बैठक में बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) के व्यवहार को लेकर स्थिति खराब हो गई। बैठक के दौरान वाट्सएप ग्रुप पर उद्यमियों के व्यवहार को लेकर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। नाराज उद्यमियों ने बैठक में इस पर आपत्ति जताई और बैठक के बाद एक्सईएन को वाट्सएप ग्रुप से बाहर निकाल दिया। उद्यमियों के संगठन ने अधिकारियों की इस तरह की भाषा पर गंभीर आपत्ति जताई है। लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष दीपक कारीवाल ने कहा कि अधिकारियों की ऐसी भाषा ठीक नहीं है। इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी।

# 25 हजार रुपये वसूली में दारोगा-सिपाही सस्पेंड, केस

- पिपराइच थाना में तैनात है दरोगा और सिपाही
- पीड़ित को फर्जी केस में फंसाने की धमकी दी थी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। फर्जी केस में फंसाने की धमकी देकर पीड़ित से 25 हजार वसूलने के आरोप में एसएसपी ने मंगलवार को पिपराइच थाना के दरोगा अतुल कुमार सिंह और सिपाही आकाश कुमार सिंह को सस्पेंड कर दिया और उन पर केस दर्ज किया है।

पिपराइच के ग्राम मौलाखोर निवासी शशि कुमार ने एसएसपी को ट्वीट करके शिकायत की थी कि 25 जून को गांव के कुछ लोगों ने उनके घरवालों से मारपीट की। पिता विपिन कुमार ने डायल 112 पर इसकी सूचना दी। पुलिस आई और दोनों पक्ष के लोगों को थाने ले गई। थाने में एसआई अतुल सिंह ने उनके ही परिवार पर मुकदमा दर्ज कर दिया। कहा कि 25 हजार रुपये नहीं दिए तो गंभीर धाराओं में फंसा देंगे। पीड़ित ने किसी तरह रुपये का प्रबंध किया तो पुलिस ने उसे छोड़ दिया, जबकि पिता का शांतिभंग में चालान कर दिया। शशि ने बताया कि इस कार्य में दारोगा के साथ सिपाही आकाश सिंह भी शामिल रहा। एसएसपी डा.विपिन ताडा ने जांच कराई तो आरोप सही मिला। उन्होंने मंगलवार को दारोगा व सिपाही को निलंबित कर दिया। साथ ही पीड़ित की तहरीर पर दोनों पर केस दर्ज कराया।

# सीसीटीवी लगवाया तो एडीजी ने किया सम्मानित



बेतियाहाता चौराहे पर सीसी कैमरा लगवाने वाले डॉ. अमित गोयल को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने सम्मानित किया।

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बेतियाहाता चौराहे को गोद लेकर सीसीटीवी कैमरा लगवाने वाले लाइफ डाग्नोस्टिक के संचालक अमित गोयल एडीजी अखिल कुमार ने सम्मानित किया। पुलिस उनके घर बैंड लेकर पहुंची। पुलिस बैंड के साथ खुद एडीजी अखिल कुमार, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, सीओ कैंट श्यामदेव बिंद और इंसपेक्टर कैंट शशिभूषण राय मौजूद रहे। इस दौरान एडीजी समेत सभी अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरा लगवाने पर डाग्नोस्टिक सेंटर के संचालक अमित गोयल को माला पहनाकर सम्मानित किया।

एडीजी अखिल कुमार ने यह निर्देश जारी किया है कि जोन के 11 जिलों में चौराहों, गलियों और मोहल्लों को गोद लेकर सीसीटीवी लगवाने वाले व्यक्तियों के घर पुलिस का बैंड बजाया जाएगा। एडीजी खुद बैंड बाजे के साथ उनके घर पहुंचेंगे। माला पहनाकर उन्हें सम्मानित करेंगे। ये सब इसलिए किया जा रहा है, ताकि ज्यादातर लोग आगे आएं। क्राइम कंट्रोल के साथ अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस को मदद मिल सके। एडीजी अखिल कुमार ने बताया, 'अभियान चलाकर जोन के 11 जिले गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, गोंडा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती के हर चौराहों, गलियों, मोहल्लों में सीसीटीवी लगवाया जा रहा है।

## एक चौराहे पर खर्च होंगे करीब 50 हजार

एक चौराहे को सीसीटीवी से लैस करने पर करीब 50 हजार रुपये खर्च होंगे। इसलिए शहर के व्यापारियों आदि से मदद लिया जाएगा। हालांकि पहले से भी कुछ व्यापारियों ने कुछ चौराहों को गोद लेकर कैमरे लगवाए हैं। लेकिन बैंड उनके घर पर नहीं बजेगा। यह केवल त्रिनेत्र अभियान के तहत कैमरा लगवाने वालों के घर पर बजेगा।

**क्राइम करके भाग नहीं सकेंगे अपराधी:** एडीजी का मानना है कि पहले लोग सीसीटीवी कैमरा नहीं लगवाते थे। अब घर और दुकान के बाहर कैमरा लगवाए जा रहे हैं। आईटीएमएस के तहत भी गोरखपुर जैसे बड़े शहर में चौराहों पर कैमरे लगे हैं। जिसकी मदद पुलिस को मिल रही है। लेकिन यह नाकाफी है। अभी भी कई गलियां, मोहल्ले, देहात के क्षेत्र सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। जिससे पुलिस को क्राइम के बाद अपराधियों को पकड़ने में दिक्कत आती है। सीसीटीवी होगा तो अपराधी भी अपराध करने से हिचकिचाएगा।

# छेड़खानी के मामले में पुलिस कर रही जांच

खोराबार, हिन्दुस्तान संवाद। खोराबार इलाके के एक गांव की एक किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक ने छेड़खानी कर दी। पीड़िता की मां ने मंगलवार को गांव के एक युवक के खिलाफ थाने पर तहरीर दी है।

तहरीर के मुताबिक किशोरी अपने घर के पीछे बागीचे में सुबह शौच करने गई थी कि उसी समय गांव का युवक वह पहुंच गया और किशोरी से बात करने के लिए एक मोबाइल देने लगा। जब किशोरी इस बात का विरोध करने लगी तो वह झाड़ी में ले जाने लगा। किशोरी के शोर करने पर घर के लोग तथा आसपास के लोग दौड़े तो युवक फरार हो गया। किशोरी ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी। खोराबार थाने दरोगा रणजीत यादव का कहना हैं कि तहरीर नहीं मिली हैं।

## रेप के आरोपित को पुलिस ने दबोचा

**कैम्पियरगंज।** शादी का झांसा देकर तीन साल से दुष्कर्म कर रहे आरोपित अभय मौर्य को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को शादी का झांसा देकर भरवलिया गांव के टोला धनहवां का युवक अभय मौर्य तीन साल से दुष्कर्म कर रहा था। पीड़िता के परिवारीजनों की तहरीर पर पुलिस धारा 363, 376 डीए व 5/6 पॉक्सो एक्ट के मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी।

## चोरों ने मकान खंगाला पांच लाख की चोरी

**खोराबार।** खोराबार के जंगल सिकरी में सोमवार की रात राजकुमार उर्फ मनोज सिंह के घर में छत के रास्ते घुसे चोर कमरे का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने चांदी के गहने तथा नकदी चुरा ले गए। राजकुमार की पत्नी माधुरी सिंह ने मंगलवार को खोराबार थाने में तहरीर दी है। खोराबार पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तहरीर के मुताबिक राजकुमार उर्फ मनोज सिंह सोमवार की रात परिवार के साथ छत पर सोए थे। उनकी पत्नी माधुरी सिंह सुबह सोकर उठी और नीचे आई तो घर के एक कमरे का ताला टूटा हुआ दिखा। कमरे में रखी आलमारी से तीन लाख रुपये के सोने व चांदी के गहने और 2 लाख रुपया नकद गायब था। उन्होंने चोरी की जानकारी पति को दी। अंदेशा है कि चोर छत पर गए और सीढ़ी के रास्ते घर के अंदर घुस गए। सीढ़ी का दरवाजा खुला हुआ था।

# झब्बू की तलाश में पुलिस ने की काम्बिंग

## निराशा

बांसगांव,हिन्दुस्तान संवाद। 24 जून की आधी रात को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए बैदौली गांव निवासी 72 वर्षीय झब्बू यादव का अब तक पता न चल पाने से परिजन किसी अनहोनी को लेकर परेशान हैं। दूसरी तरफ मुकामी पुलिस मंगलवार को झब्बू की तलाश में गांव समेत आसपास के इलाके में घंटों सघन काम्बिंग की। हालांकि शाम तक पुलिस के हाथ खाली ही रह गए हैं। उधर, जैसे-जैसे बरामदगी में देरी हो रही है वैसे-वैसे परिवारीजनों की चिंता बढ़ रही है।

### तीन संदिग्ध उठाए गए

एसएचओ ने बताया कि झब्बू यादव के परिजनों को मिले पत्र में एक करोड़ की मांगी की गयी है। फिरौती के मामले में पुलिस तीन संदिग्धों को उठाकर उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना का पर्दाफास करने के लिए सात संदिग्धों के मोबाइल नम्बर सर्विलांस पर लगाये गए हैं।

बांसगांव एसएचओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि सीओ अंजनी कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पीएसी तथा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बैदौली गांव में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों से पूछताछ करने के साथ ही घरों में बड़े-बड़े बक्सों की भी तलाशी ली गयी। इसके अलावा गांव के बाहर बाग, तालाब आदि जगहों पर भी छानबीन की गई। गांव से कौड़ीराम-बांसगांव मार्ग को निकलने वाले रास्ते पर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी देखा गया। करीब दो घंटे तक चले तलाशी अभियान के बाद भी झब्बू का कोई सुराग नहीं मिल सका। तलाशी टीम में डेढ़ सेक्शन पीएसी व पुलिस के जवानों के अलावा पांच महिला सिपाही तथा कौड़ीराम चौकी इंचार्ज इत्यानंद पाण्डेय पुलिस बल के साथ शामिल रहे।

# कोरिया-बैंकाक नहीं, गांव से ही रची गई थी हत्या की साजिश

**राजेन्द्र हत्याकांड**

बड़हलगंज, हिन्दुस्तान संवाद। बड़हलगंज में 24 जून की सुबह सब्जी विक्रेता राजेन्द्र दुबे की गोली मारकर हत्या की साजिश गांव से ही रची गई थी। साजिशकर्ता का इरादा राजेन्द्र के दुश्मन को फंसाकर बकाया 24 लाख रुपये हड़पना था। पुलिस ने साजिशकर्ता को हिरासत में लेकर हत्या का करीब-करीब खुलासा कर लिया है। हत्या में शामिल बाइक सवार दो शूटरों की तलाश में पुलिस लगी हुई है। शूटर आजमगढ़ के रहने वाले हैं। लिहाजा एक टीम उनकी तलाश में आजमगढ़ गई है।

सूत्रों के मुताबिक अनुसार 36 साल पुराने अदावत को ध्यान में रखते हुए गांव के एक व्यक्ति ने राजेंद्र की हत्या भाड़े के शूटर से कराई थी। उस व्यक्ति ने उस परिवार से 24 लाख उधार लिया है। इससे राजेन्द्र दुबे की कभी दुश्मनी थी। अब जब उस पर पैसा लौटाने का दबाव बढ़ रहा था तभी उसने हत्या की साजिश रची वजह साफ थी कि दुश्मनी के चलते यह घटना उस तरफ मुड़ जाएगी और रुपये नहीं देने पड़ेंगे।

## हत्या में नहीं है बैंकॉक और कोरिया कनेक्शन

पुलिस के अनुसार राजेंद्र की हत्या में बैंकाक और कोरिया कनेक्शन नहीं है। राजेंद्र दुबे खुद एक हत्या मामले के आरोपी थे और जेल भी गए थे। वे बरी होकर बाहर आए थे। जिस हत्या में वे आरोपी थे वह हत्या 36 वर्ष पहले 16 अप्रैल 1986 को हुई थी। इसमें कल्याणपुर निवासी रामदेव यादव की मौत हुई थी। जिसमें हरिनाथ यादव की तहरीर पर रामबेलास दूबे,बच्चन दूबे, लक्ष्मी दूबे और राजेंद्र दूबे के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। वर्तमान में अन्य तीनों की मौत हो चुकी है। राजेंद्र दूबे 1990 में कोर्ट से साक्ष्य के अभाव में बरी हो गए थे। तभी से वह सब्जी बेच रहे थे। वे इकलौते आरोपी थे जो बरी होने के बाद जीवित थे।

> “हत्याकांड से रहस्य का पर्दा उठ गया है। जल्द ही राजेंद्र हत्याकांड के आरोपियों को गिरफ्तार कर खुलासा कर दिया जाएगा।
>
> – अरुण कुमार सिंह, एसपी साउथ

भटहट-बांसस्थान मार्ग पर जंगल माघी के पास हुआ था हादसा

# बुलडोजर चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस

फॉलोअप

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट-बांसस्थान मार्ग पर जंगल माघी के पास बुलडोजर की चपेट में आने से किशोर की मौके पर ही मौत हो गयी थी। किशोर के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बुलडोजर चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के साथ ही अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।

सोमवार शाम को जंगल माघी के पास बुलडोजर की चपेट में आने से जंगल मोहम्मद बरवां निवासी धर्मेंद्र गुप्ता के 14 वर्षीय पुत्र अभिषेक गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई थी। इसके साथ ही इसी गांव के सत्यम व अरुण गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया था। इसके बाद घटना स्थल पर जुटे ग्रामीणों की भीड़ ने सड़क पर घंटों जाम लगाते हुए मौके पर खड़ी एक बुलडोजर व डंपरों में तोड़फोड़ किये थे। इस दौरान राहगीरों को भीड़ ने दुर्घटना के साथ ही तोड़ फोड़ का वीडियो बनाने पर आपत्ति जताते हुए पिटाई कर दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को भी ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा था। उधर, दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल सत्यम की हालत नाजुक बनी हुई है, तो वहीं अरुण की स्थित में सुधार होने के बाद उसे घर भेज दिया है। मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात बुलडोजर चालक पर गैर इरादतन हत्या के साथ ही कई धाराओं में केस दर्ज हुआ है।

## विधायक ने सहायता दिलाने का दिया आश्वासन

भटहट। बुलडोजर के चपेट में आने से किशोर की मौत के बाद मंगलवार को ग्रामीण आर्थिक सहायता तत्काल देने की मांग करते हुए शव को रखकर सड़क जाम करने की तैयारी करने लगे। सूचना पर विधायक महेंद्रपाल सिंह मेडिकल कॉलेज स्थित पोस्टपार्टम हाउस पहुंच कर मृतक के पिता से मिलकर हर संभव आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से अनुदान राशि दिलाने के लिए कार्यवाही कर दी है। विधायक के आश्वासन के बाद आक्रोशित परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार हुए। विधायक मेडिकल कॉलेज में भर्ती गंभीर रूप से घायल सत्यम का हाल जानने भी पहुंचे।

# पिपराइच क्षेत्र से अगवा हुई किशोरी ग्वालियर में मिली

- सर्विलांस की मदद से पुलिस ने किया बरामद
- नानी की तहरीर के आधार पर दर्ज था केस
- पुलिस ने आरोपित को भी लिया हिरासत में

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पिपराइच क्षेत्र से अगवा हुई किशोरी को सर्विलांस की मदद से पुलिस ने ग्वालियर में बरामद कर लिया है। उसे झांसा देकर अपने साथ ले गई ग्वालियर की युवती उसके साथ ज्यादती कर रही थी। उधर मामले की जांच में यह बात सामने के आने पर पुलिस ने मुकदमे में धारा बढ़ा दी है।

कुशीनगर जिले की रहने वाली किशोरी की पिपराइच क्षेत्र में ननिहाल है। यू ट्यूब पर एडल्ट फ़िल्म देखने के दौरान किशोरी को एक युवती का मोबाइल नंबर मिला था। जिससे उसकी बातचीत व चैटिंग होती थी।आराम की जिंदगी जीने और रुपये कमाने का झांसा देकर 18 जून को वह किशोरी को पिपराइच से लेकर अपने साथ चली गई। नानी की तहरीर पर मोबाइल नंबर धारक अज्ञात युवती के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर पिपराइच थाना पुलिस छानबीन कर रही थी।

22 जून को साइबर सेल व पुलिस को सर्विलांस के जरिए पता चला कि किशोरी ग्वालियर में है। उससे संपर्क करने पर साथ में जाने वाली युवती ने परिवार के लोगों से फोन पर अभद्रता शुरु कर दी।

इस मामले की जानकारी होने पर एसएसपी डा. विपिन ताडा ने एक दारोगा व दो सिपाहियों के साथ परिवार के लोगों को ग्वालियर भेजा। सर्विलांस की मदद से मंगलवार को पुलिस ने किशोरी को बरामद करने के साथ ही अपहरण की आरोपित युवती को भी हिरासत में ले लिया।

# माफिया और दबंगों को सजा दिला हनक बनाएगी पुलिस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। माफिया और दबंगों पर पुलिस का 'आपरेशन शिकंजा' अपना शिकंजा नहीं कस पा रहा है। हाल यह है कि अभी तक छुटभैया ही कानून के लम्बे हाथ में आकर सजा पा रहे हैं जबकि माफिया और दबंग अभी भी मौज कर रहे हैं। अभी तक एक भी ऐसा मामला सामने नहीं आया है जिसमें इलाके के दबंग या फिर माफिया को सजा दिलाकर पुलिस वाहवाही लूट सके।

यही वजह है कि एडीजी जोन अखिल कुमार ने सभी थानेदारों को अपने-अपने इलाके के टॉप 5 बदमाशों को टार्गेट कर सजा दिलाने का लक्ष्य दिया है तो वहीं डीआईजी जे रविन्द्र ने जिले के टॉप 10 बदमाशों पर फोकस किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफिया और हिस्ट्रीशीटरों सहित अन्य बड़े बदमाशों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है। पुलिस ने ज्यादातर बड़े बदमाशों को जेल में पहुंचा दिया है जो जेल में नहीं हैं वे जिले से बाहर हैं लेकिन इन बदमाशों को सजा दिलाने में पुलिस अफसर कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। उनकी दहशत कहें या फिर पुलिस की नाकामी, माफियाओं से जुड़े मुकदमों के गवाह या तो समय पर गवाही देने कोर्ट नहीं पहुंच रहे हैं या फिर गवाही से मुकर कर माफिया के सजा के रास्ते पर रोड़ा अटका दे रहे हैं। गवाहों और सबूतों के आधार पर कुछ मामलों में यह माफिया छूट जा रहे हैं। उन्हें सजा न मिलने से समाज में जो मैसेज जाना चाहिए वह नहीं मिल पा रहा है।



- अभी तक छुटभैया ही आ रहे हैं कानूनी शिकजे में
- थाने के टॉप टेन पर है अधिकारियों का फोकस

## जिलों के ये हैं टॉप 10 बदमाश

गोरखपुर। झंगहा निवासी राघवेंद्र यादव, गुलरिहा के राकेश यादव, बेलघाट के शैलेंद्र प्रताप सिंह, बांसगांव निवासी राधे उर्फ राधेश्याम यादव, कैंट निवासी सत्यव्रत राय, खजनी निवासी सुभाष शर्मा, कैंट के अजीत शाही, गीडा के मल्हीपुर निवासी प्रदीप सिंह, शाहपुर के सुधीर सिंह, गोरखनाथ के विनोद उपाध्याय का नाम शामिल किया है।

**गोरखपुर में हैं कुल 1520 हिस्ट्रीशीटर:** अकेले गोरखपुर जिले में कुल 1520 हिस्ट्रीशीटर हैं। यहां कुल 27 थाने के 135 हिस्ट्रीशीटर, माफिया या बदमाश चिन्हित किए गए हैं जिनके मुकदमों में पुलिस प्रभावी पैरवी करेगी। मुकदमों की निगरानी कर उन्हें सजा दिलाया जाएगा। गोरखपुर पुलिस नए हिस्ट्रीशीटरों की काउंसलिंग भी कराएगी ताकि उनमें सुधार हो सके और वे अपराध की दुनिया छोड़ सकें। 676 हिस्ट्रीशीटर अभी पुलिस के बुलाने पर थाने नहीं आ रहे हैं।

# गिरोह के चंगुल में फंसी किशोरी को पुलिस ने मुक्त कराया

- ग्वालियर के जनकगंज क्षेत्र की रहने वाली युवती कर रही थी ज्यादती
- पिपराइच पुलिस ने ग्वालियर कोर्ट में पेश कर लिया ट्रांजिट रिमांड

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर/ग्वालियर :** पिपराइच क्षेत्र से अगवा हुई किशोरी को सर्विलांस की मदद से पुलिस ने ग्वालियर के जनकगंज क्षेत्र से में बरामद कर लिया है। झांसा देकर अपने साथ ले गई युवती उसके साथ ज्यादती व छेड़छाड़ कर रही थी। जांच में यह बात सामने आने पर पुलिस ने मुकदमे में धारा बढ़ा दी है।

कुशीनगर जिले की रहने वाली किशोरी का पिपराइच क्षेत्र में ननिहाल है। यू ट्यूब पर एडल्ट फ़िल्म देखने के दौरान किशोरी को एक युवती का मोबाइल नंबर मिला था। जिससे उसकी बातचीत व चैटिंग होती थी। आराम की जिंदगी जीने और रुपये कमाने का झांसा देकर 18 जून को वह किशोरी को पिपराइच से लेकर अपने साथ चली गई। नानी की तहरीर पर मोबाइल नंबर धारक अज्ञात युवती के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर पिपराइच थाना पुलिस छानबीन कर रही थी। 22 जून को साइबर व सर्विलांस सेल की जांच में पता चला कि अपहृत किशोरी ग्वालियर जिले के जनकगंज क्षेत्र के शिवनगर घोषीपुरा में है। उससे संपर्क करने पर साथ ले जाने वाली युवती ने फोन पर स्वजन से अभद्रता शुरू कर दी। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने एक दारोगा व दो सिपाहियों के साथ स्वजन को ग्वालियर भेजा। सर्विलांस की मदद से मंगलवार को पुलिस ने किशोरी को बरामद करने के साथ ही आरोपित माधुरी रजावत को हिरासत में ले लिया। एसएसपी ने बताया कि ट्रांजिट रिमांड पर पुलिस आरोपित को गोरखपुर ले आएगी।

# द्वारका से नौकरी के नाम पर हो रही ठगी

## एयरपोर्ट के अधिकारियों की शिकायत पर जांच में खुला भेद, शहर में लगे हैं पोस्टर

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में रहने वाले जालसाज एयरपोर्ट में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी कर रहे हैं। शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर एयरपोर्ट में डायरेक्ट भर्ती के विज्ञापन का पोस्टर लगने की शिकायत पर जिले की पुलिस मामले की जांच कर रही थी, जिसमें यह बात सामने आयी है।



कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी सिटी

पेशेवर ठगों द्वारा एयरपोर्ट में नौकरी के नाम पर बेरोजगारों को ठगा जा रहा है। शहर में भर्ती के फर्जी पोस्टर चिपकाए गए हैं, पोस्टर पर 'डायरेक्ट एयरपोर्ट भर्ती' लिखकर तीन मोबाइल नंबर दिए गए हैं। एक सप्ताह पहले एयरपोर्ट प्रशासन ने पत्र लिख मामले की जानकारी पुलिस अधिकारियों को दी। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने जांच कराई तो पता चला कि पोस्टर पर जो नंबर दर्ज हैं वह दिल्ली के द्वारका में रहने वाले जालसाजों के हैं। पुलिसकर्मी ने नंबर पर फोन कर नौकरी दिलाने की इच्छा जताई तो जालसाज ने ईमेल नंबर देकर उस पर दस्तावेज भेजने को कहा। बाद में रुपये मांगने लगा। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपितों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### भर्ती के पोस्टर में है आफर

अनपढ़ से ग्रेजुएट तक लड़के और लड़कियां चाहिए।

पोस्ट : पासपोर्ट चेकर्स, असिस्टेंट सुपरवाइजर, सुपरवाइजर, हेल्पर

सैलरी : 15500 से 32780 तक

(रहना-खाना फ्री, ओवरटाइम भी)

## इंडिगो एयरलाइंस में एयर होस्टेस नहीं है नेहा

- पुलिस की जांच में सामने आया सच शुरू हुई तलाश
- एसपी सिटी ने आरोपितों पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** एम्स और इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाली नेहा निषाद एयर होस्टेस नहीं है। खोराबार थाना पुलिस की जांच में यह जानकारी सामने आयी है। नेहा का साथी अभिनेष भी ग्राउंड स्टाफ नहीं है। पुलिस आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

खोराबार के प्रेमनगर निवासी रूपेश व उसके दो भाइयों को एम्स में लिपिक व इंडिगो एयरलाइंस में ग्राउंड स्टाफ की नौकरी दिलाने का झांसा देकर सूबा बाजार निवासी अभिनेष निषाद उर्फ सोनू व खुद को एयर होस्टेस बताने वाली नेहा निषाद ने 16.81 लाख रुपये हड़प लिए। कुछ दिन बाद हैदराबाद एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी लगने का झांसा देकर नियुक्ति पत्र दिया। वहां पहुंचने पर पता चला कि नियुक्ति पत्र फर्जी है। रुपये वापस मांगने पर अभिनेष, नेहा व नरसिम्हा रेड्डी नाम के युवक जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले आरोपितों की तलाश चल रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

# साथी को फंसाने के लिए युवक ने कराई सब्जी विक्रेता की हत्या

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** बड़हलगंज थाना क्षेत्र के शनिचरा निवासी सब्जी विक्रेता राजेंद्र दुबे की हत्या बगल गांव के एक युवक ने कराई थी। उसने यह हत्या अपने दोस्त को फंसाने के लिए करायी थी। 36 वर्ष पूर्व हुई उसके दोस्त के पिता की हत्या में राजेंद्र आरोपित था। युवक ने दोस्त से 25 लाख रुपये उधार ले रखा था। युवक की योजना थी कि राजेंद्र की हत्या से उसके दोस्त को जेल हो जाएगी और उसे रुपये भी नहीं देने पड़ेंगे।

बीते 24 जून को बदमाशों ने गोली मारकर राजेंद्र की हत्या कर दी। वर्ष 1986 में बड़हलगंज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी रामदेव की हत्या हुई थी। उसमें राजेंद्र सहित पांच लोग आरोपित थे, इसलिए पुलिस को संदेह था कि राजेंद्र की हत्या रामदेव के पुत्र पिंटू ने की होगी। पिंटू पखवारे भर पूर्व बैंकाक से गांव आया है। वह अपने आवास से गायब भी था। पुलिस की छानबीन के दौरान पिंटू पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उससे पूछताछ के बाद कुछ और ही कहानी सामने आई। उस कहानी पर गौर करें तो पिंटू के साथ उसके बगल गांव का एक युवक बैंकाक में उसके साथ ही रहता था। उसने पिंटू से 25 लाख रुपये उधार ले रखा था। पिंटू ने उससे अपने रुपये मांगे तो वह आना-कानी करने लगा। पखवारे भर पूर्व उसने बैंकाक में उसे कमरे में बंद कर दिया और अपने गांव चला आया। कुछ दिन पूर्व पिंटू भी रुपये वसूलने के लिए गांव पहुंच गया। यहां किसी तरह उसने पांच लाख रुपये लौटाए और जबरन रुपये मांगने की पुलिस से शिकायत भी कर दी। उसे पिंटू और राजेंद्र की दुश्मनी के बारे में पता था। ऐसे में उसने रणनीति बनाई कि यदि वह राजेंद्र की हत्या कर दे तो पिंटू पकड़ा जाएगा और उसे रुपये भी नहीं लौटाने पड़ेंगे। उसने आजमगढ़ में भाड़े के कुछ शूटर तैयार किये जिन्होंने गोली मारकर राजेंद्र की हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि वह हत्यारोपितों के बेहद नजदीक है।

> पुलिस हत्यारोपितों के नजदीक पहुंच चुकी है। उम्मीद है कि वह जल्द पकड़े जाएंगे और घटना का पर्दाफाश होगा।
>
> **मधुपनाथ मिश्र**, कोतवाल, बड़हलगंज

## महिला का मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाश को पकड़ा

**जासं. गोरखपुर :** महिला का मोबाइल फोन छीनकर भाग रहे बाइक सवार बदमाशों को स्थानीय लोगों की मदद से राजघाट पुलिस ने सोमवार की रात पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपित के कब्जे से महिला का लूटा गया मोबाइल फोन मिला। उसकी निशानदेही पर चोरी की सात बाइक व 12 मोबाइल फोन बरामद हुए।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने मंगलवार की दोपहर पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात राजघाट के तुर्कमानपुर में महिला फोन पर बात कर रही थी। इसी दौरान पहुंचे बाइक सवार बदमाश ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया।

पूछताछ में उसकी पहचान रायगंज उत्तरी निवासी साहेब उर्फ कप्पा के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपित पर राजघाट, बेलीपार व कोतवाली थाने में चोरी के कई मामले दर्ज हैं।

# बुजुर्ग की तलाश में गांव के प्रत्येक घर में पहुंची पुलिस

**जागरण संवाददाता, बांसगांव** : बैंदौली निवासी 72 वर्षीय झब्बू को सकुशल लौटाने के लिए बदमाशों ने एक करोड़ की फिरौती मांगी है। इसे लेकर पुलिस बुजुर्ग की तलाश में गंभीरता अपना रही है, वहीं झब्बू के स्वजन अनहोनी की आशंका से परेशान हैं। पुलिस ने मंगलवार को गांव के सभी घरों की तलाशी ली। गांव में मौजूद बड़े बक्सों को तलाशा गया, लेकिन झब्बू का कहीं कुछ पता नहीं चला।

झब्बू बीते 24 जून की रात से गायब हैं। पुलिस गुमशुदगी लिखकर मामले की जांच कर रही थी। 26 जून को उनके पड़ोसी के यहां एक चिट्ठी मिली थी, जिस पर झब्बू की सकुशल वापसी के लिए एक करोड़ रुपये की मांग की गई है। पुलिस पत्र को झूठा मान रही है, लेकिन झब्बू की तलाश के लिए उसने खोजबीन तेज कर दी है। इसका परिणाम है कि मंगलवार को बैंदौली व आस-पास के गांवों में घंटों बाग, नाला, तालाब आदि का निरीक्षण किया गया। गांव से सटे कौड़ीराम-बांसगांव मार्ग को निकलने वाले रास्ते पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई है, लेकिन झब्बू का कहीं कुछ पता नहीं चल रहा है। गांव में तलाशी के लिए डेढ़ सेक्शन पीएसी व पुलिस के जवानों को भी लगाया गया था। इस दौरान सीओ बांसगांव अंजनी कुमार पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि झब्बू यादव लापता होने के मामले में तीन संदिग्धों से पूछताछ चल रही है। कुछ लोगों के नंबर भी सर्विलांश पर लगाए गए हैं।

# टाप 10 बदमाशों को सजा दिलाएगी पुलिस

## डीआइजी ने तैयार कराई रेंज के 40 बदमाशों की सूची, तेज होगी मुकदमों की पैरवी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** जिले के टाप 10 बदमाशों के खिलाफ दर्ज मुकदमों में पुलिस अपनी पैरवी तेज कर उन्हें सजा दिलाएगी। डीआइजी ने गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज जिले के टाप 10 बदमाशों की सूची तैयार कराई है। मानीटरिंग सेल प्रभारी कोर्ट में चल रहे मुकदमों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं।

शासन के निर्देश पर प्रदेश, जिला व थाना स्तर पर टाप 10 बदमाशों की सूची तैयार की गई थी। जिले में चिन्हित किए गए बदमाशों पर कार्रवाई तो हुई लेकिन कोर्ट में विचाराधीन मुकदमे में सजा नहीं हो पायी है। डीआइजी रेंज जे. रविन्दर गौड ने आपरेशन शिकंजा में बदमाशों के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमों में पैरवी कर सजा दिलाने का आदेश रेंज के सभी जिलों के कप्तान को दिए हैं। अब तारीख पर पुलिस कोर्ट में पैरवी करेगी।

### यह हैं जिले के टाप 10 बदमाश



जे. रविन्दर गौड
डीआइजी रेंज

**गोरखपुर :** झंगहा के सुगहा निवासी राघवेंद्र यादव, बेलघाट के बहादुरपुर बुजुर्ग निवासी शैलेंद्र प्रताप सिंह, गुलरिहा के झुंगिया बाजार निवासी राकेश यादव, बांसगांव के धसका निवासी राधे उर्फ राधेश्याम यादव, कैंट के बेतियाहाता निवासी सत्यव्रत राय, खजनी के बसडीला निवासी सुभाष शर्मा, कैंट के बेतियाहाता में रहने वाले अजीत शाही, गीडा के मल्हीपुर निवासी प्रदीप सिंह, शाहपुर के बशारपुर निवासी सुधीर सिंह और गोरखनाथ के जटेपुर उत्तरी निवासी विनोद उपाध्याय का नाम शामिल है।

**देवरिया :** लार के पिंडी निवासी रवि प्रताप सिंह उर्फ झूला सिंह, कोतवाली के सोनूघाट निवासी हृदयशंकर, रामपुर कारखाना के नौतन हथियागढ़ निवासी सुनील राजभर, भलुअनी के बरडीहा चंदन निवासी महेश यादव, गौरीबाजार के इंदूपुर निवासी विवेक सिंह, सलेमपुर के रामपुर बुजुर्ग निवासी अनूप सिंह उर्फ बबलू सिंह, खुखुन्दू निवासी मनीष मिश्रा, लार के सकरापार निवासी रामप्रवेश यादव, बनकटा के नोनार पांडेय निवासी अमृतांश पांडेय और रुद्रपुर के भरोहिया निवासी गुड्डू यादव का नाम शामिल है।

**कुशीनगर :** पड़रौना भिसवा लाला निवासी रूपक राय उर्फ रुपचंद, कुबेरस्थान के सेमराहर्दो निवासी अख्तर, कुबेरस्थान के पचरुखिया निवासी अफजल, तुर्कपट्टी के छहूं निवासी अमरेश यादव, हाटा के देवराजपुर पिपरा निवासी जितेंद्र चौहान, रामपुर सोहरौना के विनोद कुमार पासवान, तरयासुजान के कोइंदी बुजुर्ग निवासी दीपक गुप्ता, हनुमानगंज के बुलहवा टोला निवासी श्रीराम उर्फ रामा, छहूं तुर्कपट्टी निवासी संतोष यादव, विशुनपुरा के दुदही निवासी गोलू मिश्रा का नाम शामिल है।

**महराजगंज :** कोतवाली के शास्त्रीनगर निवासी रजनीश सिंह, घुघली के बेलवा टीकर निवासी अनिल गुप्ता, पनियरा के औरहिया निवासी हरेकृष्ण मिश्र, फरेंदा के धानी ढाला निवासी उमा उर्फ उमाशंकर, पुरंदरपुर के करमहवा निवासी गोविंद, नौतनवां के वार्ड नंबर 16 भुंडी निवासी टीसू उर्फ अकरम, परसा मलिक के बेलभार निवासी मुलायम यादव, सौनौली के वार्ड नंबर 10 निवासी आफताब अंसारी, चौक क्षेत्र के परसौनी निवासी अनवर अली और ढूठीबारी के जमुई कला निवासी गोविंद कुमार गुप्ता का नाम शामिल गया है।

# गैंगस्टर के आरोपित को दो साल कठोर कारावास व अर्थदंड

गोरखपुर : गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत अपराध सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट सुशील कुमार खरवार ने कुशीनगर के खड्डा थाना क्षेत्र के वार्ड नम्बर आठ खड्डा निवासी अभियुक्त राजू गुप्ता को दो साल के कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

## कौड़ीराम में ई-टिकटों के दो अवैध कारोबारी पकड़े गए

**जासं, गोरखपुर:** दिल्ली और मुंबई जाने वाले यात्रियों की भीड़ बढ़ने के साथ ही टिकट दलालों की सक्रियता भी बढ़ गई है। अब तो इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन के एजेंट भी ई टिकटों का अवैध कारोबार करने लगे हैं। आरपीएफ की क्राइम इन्वेस्टीगेशन ब्रांच की टीम ने कौड़ीराम कस्बे स्थित दो दुकानों में छापेमारी कर अवैध टिकटों के दो कारोबारियों को पकड़ा है। दोनों प्रतिबंधित साफ्टवेयर से टिकट बुक कर रहे थे। उनके पास से करीब ढाई लाख रुपये के लगभग 160 ई टिकट बरामद हुए हैं।

सीआइबी की टीम ने आनंद इंटरनेट सर्विस और जनरल स्टोर में छापेमारी की थी। दोनों दुकानों के संचालक आइआरसीटीसी की वेबसाइट पर फर्जी आइडी बनाकर टिकट बुक कर रहे थे। कन्फर्म टिकट के बदले में यात्रियों से 1000 रुपये अतिरिक्त वसूल रहे थे। टीम ने टिकटों के अवैध कारोबार के आरोप में शंभू गुप्ता निवासी चाड़ी थाना बासगांव और अमरेन्द्र राय निवासी ग्राम धनौड़ा, थाना बासगांव को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित कर दी है।

# जेल लोक अदालत में सात मामले निस्तारित

**जासं, गोरखपुर** : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी के निर्देशन में मंगलवार को जिला कारागार में जेल लोक अदालत आयोजित की गई। प्राधिकरण के सचिव देवेंद्र कुमार ने बताया कि जेल लोक अदालत के लिए नामित पीठासीन अधिकारी प्रतीक त्रिपाठी द्वारा अभियुक्तों द्वारा जुर्म स्वीकार किए जाने पर कुल सात पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। जेल लोक अदालत में वरिष्ठ जेल अधीक्षक, जेलर एवं डिप्टी जेलर भी उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार के आरोपित एसपीओ की याचिका खारिज

- संयुक्त निदेशक अभियोजन और एसपीओ पर दर्ज है मुकदमा
- दर्ज एफआइआर को रद करने के लिए हाईकोर्ट में दायर की थी याचिका

**विधि संवाददाता, प्रयागराज/गोरखपुर** : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित एसपीओ (वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी) रणविजय सिंह की याचिका खारिज कर दी है। एसपीओ ने कैंट थाने में दर्ज एफआइआर को रद करने की गुहार लगाई थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सुनीत कुमार व न्यायमूर्ति गौतम चौधरी की खंडपीठ ने कहा कि प्राथमिकी से प्रथमदृष्टया संज्ञेय अपराध का खुलासा होता है। ऐसे में भजनलाल व अन्य के केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत हस्तक्षेप का आधार नहीं बनता।

याची रणविजय सिंह का कहना था कि उसके खिलाफ कोई अपराध का खुलासा नहीं होता। ऐसे में एफआइआर रद की जाए, लेकिन सरकारी वकील का कहना था कि संज्ञेय अपराध का खुलासा हो रहा है। याचिका खारिज की जाए। कोर्ट ने याचिका पर हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। साथ ही कहा कि याची चाहे तो वह सक्षम अदालत में नियमानुसार अग्रिम जमानत या नियमित जमानत अर्जी दाखिल कर सकता है।

**यह है मामला** : गोरखपुर में गैंगस्टर के आरोपितों को बचाने के लिए संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा व वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रणविजय सिंह का रिश्वत लेते वीडियो वायरल हुआ था। जिलाधिकारी ने इसका संज्ञान लेते हुए दोनों अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई की संस्तुति करते हुए एफआइआर दर्ज कराने का आदेश दिया था। वीडियो बनाने वाले शिकायतकर्ता की तहरीर पर दोनों अधिकारियों के खिलाफ कैंट थाने में मुकदमा दर्ज है।



डा. अमित गोयल को सम्मानित करते एडीजी जोन अखिल कुमार, एसपी सिटी कृष्ण कुमार व सीओ कैंट श्यामदेव • जागरण

# पैथोलाजी के निदेशक को एडीजी ने किया सम्मानित

**जासं. गोरखपुर** : आपरेशन त्रिनेत्र के तहत बेतियाहाता चौराहे पर सीसी कैमरे लगवाने वाले लाइफ पैथोलाजी के निदेशक डा. अमित गोयल को एडीजी अखिल कुमार ने मंगलवार को सम्मानित किया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, सीओ कैंट श्यामदेव बिंद ने माला पहनाकर उनके फैसले का स्वागत किया। उनकी पैथोलाजी के बाहर पुलिस का बैंड बजाया गया। एडीजी ने कहा कि जोन के सभी जिले में हर गली, चौराहे पर जनसहयोग से सीसी कैमरा लगवाने का फैसला किया गया है। डा. अमित गोयल ने बेतियाहाता चौराहे को गोद लिया है। यहां पर वह सीसी कैमरे लगवाएंगे।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

महावनखोर : दुष्कर्म व अपहरण के आरोप में कैंपियरगंज थाना पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र के धनहवां के अभय मौर्या को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। एक अन्य खबर के अनुसार हरपुर बुदहट थाना पुलिस ने किशोरी के अपहरण के आरोप में मझौरा निवासी रिजवान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित एक बच्चे का पिता है। वह लुधियाना में रहकर काम करता था। कुछ दिन पहले गांव आया था। (जासं)

# हत्यारोपित दो महिलाओं को पुलिस ने भेजा जेल

बांसगांव : बांसगांव थाना पुलिस ने हत्या के आरोप में मंगलवार को अड़रौली कानापार की कुसुम यादव व उसकी भाभी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। दोनों महिलाओं पर आरोप है कि वह प्रभुनाथ चौहान की हत्या में शामिल रही हैं। मुख्य हत्यारोपित रवि रविवार को ही जेल जा चुका है। (जासं)

# नामी कंपनी के नाम पर बेच रहे थे नकली सीमेंट

**जासं. चिलुआताल** : नामी कंपनी के नाम पर बाजार में नकली सीमेंट बिक रहा था। कंपनी के अधिकारियों ने मंगलवार को चिलुआताल क्षेत्र में सक्रिय गिरोह को पकड़ा। गिरोह के सदस्यों के कब्जे से मैजिक में लदा 60 बोरी नकली सीमेंट बरामद हुआ।

कंपनी के अधिकारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि कई दुकानदारों ने शिकायत की थी कि कई लोग कंपनी मूल्य से 50 रुपये प्रति बोरी कम मूल्य पर सीमेंट बेच रहे हैं। जानकारी होने पर शिकायतकर्ता से संपर्क किया और मंगलवार को चिलुआताल के मजनू में सीमेंट लदी मैजिक को पकड़ा, जिसमें नकली सीमेंट लदा था। गाड़ी चालक गोलू व मालिक रोहित कुशवाहा ने बताया कि यह सीमेंट रवि सीमेंट्स जटाशंकर तिवारीपुर से खरीदकर ओम ट्रेडर्स डोहरिया बाजार लेकर जा रहे हैं। दुकानदार एक बोरी सीमेंट 375 रुपये में बेचता है, जबकि कंपनी एक बोरी सीमेंट 455 रुपये में बेचती है। कंपनी के अधिकारी ने आरोपितों के खिलाफ चिलुआताला थाना में तहरीर दी है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# नर्सिंग कालेज के संचालक का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त

**गोरखपुर** : राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज पिपराइच रोड के संचालक डाक्टर अभिषेक यादव का जमानत प्रार्थना पत्र अपर सत्र न्यायाधीश रामकृपाल ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए निरस्त कर दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार जंगल अहमद अली शाह तुर्रा बाजार पिपराइच रोड स्थित राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज द्वारा विद्यार्थियों से डोनेशन एवं निर्धारित से अधिक फीस ली गई। उन्हें डिग्री नहीं दी गई और उनकी परीक्षा भी नहीं कराई गई। जिलाधिकारी के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत हुआ और पता चला कि संस्था द्वारा कूटरचित दस्तावेज के आधार पर मान्यता लेकर छात्रों से धोखा कर अधिक शुल्क लेकर उनके रुपये का गबन कर लिया गया है। (जासं)

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, कुसमौल :** विदेश भेजने के नाम पर लोगों से लाखों की ठगी करने वाले एक जालसाज को बेलीपार थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि उसने दो दर्जन से अधिक युवकों से विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी की है।

बेलीपार थाने पर मंगलवार को बिहार के गोपालगंज निवासी इमाम हुसैन सिद्दीकी व उनके साथी देवरिया के बालेन्द्र कुमार, कुशीनगर के फाजिलनगर निवासी अखिलेश कुमार, असलम अंसारी सहित दो दर्जन से अधिक लोगों ने तहरीर देकर बताया कि थाना क्षेत्र के बउवापार निवासी अजय कुमार ने सेंवई बाजार में उजैफा सेंटर के नाम से कार्यालय खोल रखा है। फर्जी विज्ञापनों से दावा करके लोगों को झांसे में लेता था, जबकि विदेश भेजने के नाम पर वह उन्हें टूरिस्ट वीजा देता था। लोग किसी तरह वापस आते थे तो रुपये भी नहीं देता और धमकाकर भगा देता था। वह दर्जनों लोगों से जालसाजी कर चुका है। सप्ताह भर पूर्व भी उसने दर्जन भर लोगों को चेन्नई भेज दिया और बताया कि उनका वीजा, पासपोर्ट वहीं मिलेगा। वहां उसके एक सहयोगी ने उसे टूरिस्ट वीजा दे दिया। एयरपोर्ट पर जांच के दौरान

> आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने बताया कि चेन्नई व दिल्ली से उसके कार्यालय का पंजीयन है, लेकिन वह कोई प्रमाण पत्र नहीं प्रस्तुत कर सका। जांच में यह बात सामने आई है कि उसने तमाम लोगों से विदेश भेजने के नाम पर ठगी की है। मुकदमा दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। विवेचना के दौरान अन्य नाम सामने आए तो उन पर भी कार्रवाई होगी।
>
> **प्रशाली गंगवार**, सीओ प्रशिक्षु/प्रभारी थानाध्यक्ष-बेलीपार

उन्हें पता चला कि उन्हें टूरिस्ट वीजा दिया गया है और उन्हें जाना कहां है, इसकी भी जानकारी उनके पास नहीं है। मंगलवार को ठगी के शिकार 28 युवक अजय के कार्यालय पर पहुंचे और उससे अपने रुपये मांगने लगे तो अजय ने रुपये देने से साफ मना कर दिया। इसे लेकर उन्होंने हंगामा किया तो पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।

**40 से 60 हजार रुपये की वसूली करता था अजय :** पीड़ितों ने बताया कि विदेश भेजने के नाम पर आरोपित एक-एक व्यक्ति से 40 से 60 हजार रुपये की वसूली करता था। मेडिकल कराने के नाम पर वह पांच हजार रुपये अलग से लेता था।

# अब शनिवार को सभी थानों में लगेगी चौपाल

गोरखपुर : पुलिस की चौपाल अब हर शनिवार को थानों में लगेगी। शनिवार को ही तहसील व समाधान दिवस आयोजित होता है, जिसमें शामिल होने जिले से पुलिस अधिकारी जाते हैं। बुधवार को समाधान दिवस होने की वजह से उन्हें सप्ताह में दो दिन मुख्यालय छोड़ना पड़ता था। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि हर बुधवार को थाने पर होने वाली चौपाल को अब शनिवार को ही कराया जाएगा। (जासं)

# एसपी रेलवे ने साइबर क्राइम सेल की टीम को किया सम्मानित

गोरखपुर। एसपी रेलवे डॉ. अवधेश सिंह ने मंगलवार को साइबर क्राइम सेल की टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी टीम ने गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में बम होने की सूचना देने की घटना का पर्दाफाश किया था।



साइबर सेल प्रभारी को सम्मानित करते डॉ. अवधेश। संवाद

जानकारी के मुताबिक, एसएसपी के आदेश पर साइबर टीम अपराधियों व सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच 17 मई को गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में बम की सूचना दी गई थी। ट्वीट पर जानकारी आते ही जीआरपी ने केस दर्ज किया था। इसके सफल अनावरण में गोरखपुर की साइबर टीम ने काम किया था। टीम में प्रभारी सुनील कुमार पटेल, सिपाही शशि शंकर राय, शशिकांत जायसवाल, पंकज कुमार गुप्ता को प्रशस्ति पत्र दिया गया। ब्यूरो

# पिपराइच थाने के दरोगा और सिपाही के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज

### दर्ज केस में गंभीर धारा बढ़ाने की धमकी देकर वसूले थे 25 हजार रुपये

### पीड़ित ने ट्वीट कर एसएसपी को दी थी जानकारी, जांच के बाद की गई कार्रवाई

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। मारपीट के मामले में केस दर्ज कर धारा बढ़ाने की धमकी देकर पीड़ित से 25 हजार रूपये वसूलने के मामले में दरोगा अखिल कुमार सिंह और सिपाही आकाश कुमार सिंह पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया गया है। ट्विटर पर आई शिकायत के बाद एसएसपी ने पूरे मामले की जांच एसपी नार्थ को सौंपी थी।

मंगलवार को जांच रिपोर्ट आने के बाद एसएसपी ने दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित करने के साथ ही पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज करने का आदेश दिया। एसएसपी के आदेश पर पिपराइच पुलिस ने केस दर्ज किया है। पीड़ित की तहरीर पर हाल के दिनों में पुलिस पर हुई यह दूसरी कार्रवाई है।

जानकारी के मुताबिक, पिपराइच थाने के ग्राम मौलाखोर निवासी शशि कुमार पुत्र विपिन कुमार ने एसएसपी गोरखपुर को ट्वीट करके बताया था कि 25 जून को गांव के कुछ लोगों ने उनके घरवालों से मारपीट की। इसमें उनके पिता सहित घर के कई लोगों को चोटें आईं। पिता विपिन कुमार ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस आई और दोनों पक्ष के लोगों को पकड़कर थाने ले गई।

थाने में तैनात दरोगा अतुल कुमार सिंह ने उनके ही परिवार पर मुकदमा दर्ज कर दिया। साथ ही यह भी कहा कि शीघ्र 25 हजार रुपये की व्यवस्था करो, नहीं तो गंभीर धाराओं में फंसाकर जीवन खराब कर देंगे। पीड़ित ने किसी तरह से एक व्यक्ति के माध्यम से 25 हजार रुपये का प्रबंध करने के लिए कहा। शशि ने बताया कि उसने रुपये का प्रबंध कराया तो पुलिस ने उसे छोड़ दिया, जबकि उसके पिता का शांतिभंग में चालान कर दिया। आरोप है कि दरोगा अतुल सिंह के साथ थाने का सिपाही आकाश सिंह भी शामिल रहा। शिकायत आने के बाद एसएसपी ने मामले की जांच का आदेश दिया था। मंगलवार को जांच रिपोर्ट आने के बाद एसएसपी ने कार्रवाई कर दी।

> ट्विटर पर शिकायत आने के बाद एसपी नार्थ को जांच सौंपी गई थी। मंगलवार को जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। साथ ही पीड़ित की तहरीर पर भ्रष्टाचार का केस पिपराइच थाने में दर्ज किया गया है। पीड़ित का कोर्ट में बयान दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। - **डा. विपिन कुमार ताडा,** एसएसपी

---

**सख्ती** रेंज के चारों जिलों में टॉप-10 बदमाशों की सूची तैयार

# सलाखों के पीछे पहुंचाएगी पुलिस

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गोरखपुर रेंज के सभी जिलों (गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज) के टॉप-10 बदमाशों को सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए पुलिस ऑपरेशन शिकंजा अभियान चलाएगी। ऐसे बदमाशों की केस की पैरवी पुलिस की ओर से विशेष तौर पर की जाएगी। ऐसा आदेश डीआईजी जे. रविंद्र ने दिया है।

जानकारी के मुताबिक, पहले सभी जिलों में टॉप बदमाशों की सूची तैयार की गई थी। पुलिस ने इन पर कार्रवाई तो की, लेकिन कई ऐसे बदमाश इस सूची में शामिल हैं, जिन्हें एक भी मुकदमे में कोर्ट से सजा नहीं हो पाई। यही वजह है कि डीआईजी ने ऑपरेशन शिकंजा को और प्रभावी बनाने का आदेश दिया है।

डीआईजी के निर्देश पर सभी जिले के टॉप-10 बदमाशों की सूची तैयार की गई है। इनके केसों की सूची भी बनाई गई है।

## जिले के टॉप-10 बदमाश

झंगहा निवासी राघवेंद्र यादव, गुलरिहा के राकेश यादव, बेलघाट के शैलेंद्र प्रताप सिंह, बांसगांव निवासी राधे उर्फ राधेश्याम यादव, कैंट निवासी सत्यव्रत राय, खजनी निवासी सुभाष शर्मा, कैंट के अजीत शाही, गीडा के मल्हीपुर निवासी प्रदीप सिंह, शाहपुर के सुधीर सिंह, गोरखनाथ के विनोद उपाध्याय का नाम शामिल किया गया है।

> हर जिले के टॉप-10 बदमाशों की सूची तैयार की है। इनके केसों की पैरवी कोर्ट में पुलिस प्राथमिकता के आधार पर करेगी, ताकि इन्हें सजा दिलाई जा सके। इसकी नियमित निगरानी की जाएगी। -**जे. रविंद्र,** डीआईजी

# बांसगांव में हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**बांसगांव।** इलाके के बरौली गांव में प्रभुनाथ की चाकू घोंपकर हत्या करने के दो आरोपियों को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान कुचैटा गांव निवासी कुसुम यादव पत्नी मुछेंद्र और रीना पत्नी हरिशंकर यादव के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, बांसगांव इलाके के बरौली गांव निवासी इंद्रासन चौहान की दो बेटियां संध्या (21) और गायत्री (18) शुक्रवार को गांव में स्थित पेड़ से जामुन तोड़ रही थीं। इस बीच उसी गांव का रहने वाला रविशंकर यादव उनपर छींटाकशी करते हुए मोबाइल में वीडियो बनाने लगा। तभी वहां पर पहुंचे इंद्रासन के बेटे प्रभुनाथ चौहान ने विरोध किया तो मारपीट हो गई। तब मौजूद लोगों ने बीचबचाव कर मामले को शांत करा दिया। लेकिन, थोड़ी देर बाद रविशंकर यादव घर से चाकू लेकर हरिशंकर यादव, कुसुम यादव व रीना यादव के साथ इंद्रासन के घर पहुंच गया। प्रभुनाथ को बाहर पाते ही चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। बचाव में बहनें भी घायल हुई थीं। पुलिस ने चार आरोपियों पर नामजद केस दर्ज किया था। ब्यूरो

# राज नर्सिंग होम के निदेशक की जमानत अर्जी खारिज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज जंगल अहमद अली शाह तुर्रा बाजार, के डॉ. अभिषेक यादव यादव की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश रामकृपाल ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद मौर्य का कहना था कि राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज ने जीएनएम, एएनएम, बीएससी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल विभाग के विद्यार्थियों से डोनेशन एवं निर्धारित फीस से अधिक फीस ली।

उसके बाद भी न तो उन्हें डिग्री दी गई और न तो उनकी परीक्षा कराई गई। प्रथम सत्र के विद्यार्थियों को यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी से संबद्ध बताकर नामांकन कराया गया।

डीएम के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत हुआ और पता चला कि संस्था द्वारा कूटरचित दस्तावेज के आधार पर मान्यता ले कर छात्रों से धोखा कर निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क लेकर उनके रुपये का गबन कर लिया गया।

**अपराध की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने सुनाया फैसला**

## गैंगस्टर के आरोपी को दो साल की सजा

गोरखपुर। गैंगस्टर का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट कोर्ट सुशील कुमार खरवार ने कुशीनगर जिले के खड्डा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर आठ खड्डा निवासी अभियुक्त राजू गुप्ता को दो साल के कठोर कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन का पक्ष विशेष लोक अभियोजक घनश्याम सिंह एवं अखिलेश शुक्ल ने रखा। ब्यूरो

# दिल्ली से जुड़े जालसाजों के तार

## गोरखपुर एयरपोर्ट पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर करते हैं ठगी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गोरखपुर एयरपोर्ट पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर जालसाजी करने का 'खेल' दिल्ली के द्वारिका से चल रहा है। इसके सुराग पुलिस को मिल गए हैं। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

जानकारी के मुताबिक, एयरपोर्ट में नौकरी के नाम पर ठगी के लिए शहर के कई चौराहों पर पोस्टर लगाए गए हैं। इस लालच में फंसकर कइयों ने रुपये भी गंवा दिए। एक सप्ताह पहले एयरपोर्ट प्रशासन ने पत्र लिख मामले की जानकारी पुलिस अधिकारियों को दी। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने जांच कराई तो पता चला कि पोस्टर पर जो फोन नंबर दर्ज हैं, वह दिल्ली के द्वारका में रहने वाले जालसाजों के हैं।

एसपी सिटी ने ही एक पुलिसकर्मी से संबंधित मोबाइल नंबरों पर फोन कराया। पुलिस कर्मी ने अभ्यर्थी बनकर नौकरी करने की इच्छा जताई। इस पर जालसाजों ने अपना ईमेल आईडी दिया और सभी दस्तावेज मांगें।

सिपाही ने दस्तावेज भेजा तो पैसे की मांग करने लगे। यहीं से जालसाजी का मामला खुलकर सामने आ गया। एसपी सिटी ने कहा कि गोरखपुर एयरपोर्ट पर किसी तरह की भर्ती नहीं हो रही है। इसपर एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया की स्थानीय इकाई ने सफाई भी दी गई है। लिहाजा, किसी को रुपये नहीं गंवाने चाहिए।

## विदेश भेजने के नाम पर जालसाजी, बेलीपार पुलिस ने आरोपी को लिया हिरासत में

**महावीर छपरा।** बेलीपार इलाके में रहने वाले एक युवक पर कई लोगों ने विदेश भेजने के नाम पर जालसाजी का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। मंगलवार को तहरीर मिलने के बाद पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर छानबीन शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक, बेलीपार थाने के सेंवई बाजार में एक सेंटर पर मंगलवार दोपहर चार पांच युवक हंगामा कर रहे थे। शोर सुनकर आसपास के लोग जुट गए। विरोध कर रहे युवकों का आरोप है कि सेंटर संचालक ने विदेश भेजने के नाम पर उनसे ठगी की है। चेन्नई हवाई अड्डा पर पहुंचने के बाद उन्हें जालसाजी की जानकारी हुई। मामले को संज्ञान लेते हुए बेलीपार पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। आरोप है कि एक युवक से 40 से 60 हजार रुपये वसूले गए हैं। गोपालगंज बिहार निवासी इमाम हुसैन सिद्दीकी और उनके तीन साथी बालेंद्र कुमार देवरिया, अखिलेश कुमार फाजिलनगर, असलम अंसारी ने बताया कि सेंवई बाजार के एजेंट ने चेन्नई यह कहकर भेज दिया कि वहीं एयरपोर्ट पर उसके दूसरे साथ बीजा दे देंगे। वहां के एजेंट ने वीजा का इंतजार कर रहे इन लोगों को टूरिस्ट बीजा दिया। वहां एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने जब वापसी के बारे में और रहने के बारे में पूछा तो इन्हें जालसाजी की जानकारी हो गई, जिसके बाद मंगलवार को बेलीपार पहुंचकर तहरीर दिए हैं। ब्यूरो

# महिला से मोबाइल फोन छीनकर भागने वाला शातिर बदमाश निकला

## चोरी की सात बाइक और 12 मोबाइल फोन बरामद, पुलिस ने जेल भेजा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। पुलिस ने चोरी की सात बाइक और 12 मोबाइल फोन के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, सोमवार को एक महिला का मोबाइल फोन छीनकर युवक भाग रहा था। शोर मचाने पर सक्रिय हुई पुलिस ने कुछ दूरी पर ही आरोपी को पकड़ लिया।

कड़ाई से पूछताछ की गई तो पता चला कि वह शातिर चोर है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर सात बाइक, मोबाइल फोन बरामद कर आरोपी को जेल भिजवा दिया।



चोरी का खुलासा करते एसपी सिटी। संवाद

### वाहन चोरों पर शिकंजा कस रहे एसपी सिटी

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई वाहन चोरों पर शिकंजा कस रहे हैं। वाहनों चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का ही असर रहा है कि चार पहिया से लेकर बाइक तक पुलिस बरामद करने में सफल रही है। नहीं तो केस दर्ज करने के बाद पुलिस भूल जाती थी और पीड़ित भी चार्जशीट लगाने के लिए थाने का चक्कर काटता था, ताकि उसे इंश्योरेंस का रुपया मिल सके। एसपी सिटी ने इसे लेकर अभियान चलाया है। पुलिस पिछले दो महीने में बीस से ज्यादा बाइक, चार पहिया वाहन और ऑटो बरामद कर चुकी है। एसपी सिटी ने बताया कि आगे भी अभियान जारी रहेगा।

पकड़े गए आरोपी की पहचान रायगंज उत्तरी निवासी साहेब के रूप में हुई है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने पुलिस लाइंस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पकड़े गए बदमाश के बारे में जानकारी दी। एसपी सिटी ने बताया कि राजघाट के तुर्कमानपुर में फोन पर बात कर रही महिला से झपट्टा मारकर मोबाइल छीन कर युवक भाग रहा था। महिला के शोर मचाने पर कुछ दूरी पर मौजूद पुलिस टीम ने आरोपित को बर्फखाना बैकुंठधाम घाट मोड़ से पकड़ लिया। एसपी सिटी ने बताया कि कड़ाई से पूछताछ में उसने चोरी की सात बाइक और 12 मोबाइल बरामद कराई। वह शातिर बदमाश है। इससे पहले भी वह जेल जा चुका है। उसपर राजघाट, बेलीपार और कोतवाली थाने में मुकदमे दर्ज हैं।

# अब शनिवार को लगेगी पुलिस की चौपाल

गोरखपुर। हर थाने में पुलिस की चौपाल अब शनिवार को लगाई जाएगी। इससे पहले यह बुधवार को आयोजित होती थी, जिसमें रोस्टर के हिसाब से थाने पर पुलिस अधिकारी जाते थे और फरियाद सुनते थे।



महीने के पहले व तीसरे शनिवार को थाना समाधान दिवस, दूसरे व चौथे शनिवार को तहसील दिवस होता है। ऐसे में पुलिस अधिकारी सप्ताह में दो दिन आफिस में नहीं बैठ पाते थे। इस वजह से चौपाल शनिवार को ही आयोजित करने का फैसला किया गया है।

एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत अब शनिवार को ही समाधान दिवस, तहसील दिवस और पुलिस की चौपाल लगेगी। अधिकारी बाकी दिन अपने दफ्तरों में फरियाद सुनेंगे। ब्यूरो

# सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए चौराहा गोद लेने पर डॉक्टर सम्मानित



गोरखपुर। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए बेतियाहाता चौराहा गोद लेने पर लाइफ पैथालॉजी के निदेशक डॉ. अमित गोयल को एडीजी अखिल कुमार ने सम्मानित किया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, सीओ कैंट श्यामदेव विंद ने भी इस निर्णय को सराहा। इस दौरान उनकी क्लीनिक के बाहर पुलिस बैंड बजाया गया। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 29-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 29-6-22

# अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**मेहरौना (एसएनबी)।** मंगलवार की दोपहर रामजानकी मार्ग पर लार थाना क्षेत्र के मेहरौना चेक पोस्ट पर पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान बड़ी कामयाबी मिली। मंगलवार की दोपहर मेहरौना चेक पोस्ट पर उपनिरीक्षक रामगिरिश चौहान, हेड कांसटेबल इस्तियार अहमद, सर्वेश यादव नितिश यादव वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर ने त्चना दिया कि दो युवक बाइक से अवैध शराब लेकर बिहार की तरफ जा रहे हैं। इसी बीच एक बाइक बीआर 2 जी 3731 पर सवार दो युवक लार की तरफ लार की तरफ से तेज रफतार में आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हे रूकने को कहा तो वे अपनी बाइक की रफतार तेज कर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर उन्हे पुल के समीप से दबोच लिया। पकड़े गए युवकों की तलासी के दौरान उनके पास से अवैध शराब 76 शीशी बरामद हुआ। पुलिस के पुछताछ में पगड़ें गए युवकों ने अपना नाम ओमनाथ कुमार चौहान पुत्र ओमप्रकाश चौहान निवासी नया बाजार सिवान बिहार व पूलदेव साह पुत्र गोपाल साह निवासी पड़ौदी पचरूखी सिवान बिहार बताया। पुलिस ने शराब के साथ पकड़े गए युवकों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हे जेल भेज दिया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 29-6-22

## राजू सिंह बनें रुद्रपुर कोतवाल

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली में तैनात कोतवाल विजय सिंह को कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर पुलिस अधीक्षक देवरिया डॉ. संकल्प शर्मा ने उन्हे निलंबित कर दिया है। रुद्रपुर कोतवाली का कार्यभार पुलिस लाइन से आये राजू सिंह को सौंपा गया है। कार्यभार संभालने के बाद राजू सिंह ने एक भेंट वार्ता मे कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाकर रखना मेरी प्राथमिकता होगी। थाने में आने वाले हर पीड़ित व्यक्तियों को शीघ्र न्याय दिलाया जायेगा। अपराधी किस्म के व्यक्तियों पर शिकंजा कसकर भयमुक्त माहौल बनाने का कार्य किया जायेगा।



राष्ट्रीय सहारा दि०-29-6-22

# 11 गोवंशीय पशु बरामद, एक गिरफ्तार



गोवंशीय पशुओं से भरे ट्रक का चित्र।

**बनकटा (एसएनबी)।** बनकटा पुलिस को मंगलवार को भोर में करीब 3 बजे जरिये मुखबिर सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के पँचरुखिया गांव के पास से वध हेतु बिहार ले जाने के लिए ट्रक पर लादे जा रहे 11 गोवंशीय पशुओं को बरामद करने के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गयी। जब कि दो अन्य भागने में सफल रहे।

पुलिस गिफ्तार अभियुक्त ट्रक समेत बरामद पशुओं को थाने ले आयी। अभियुक्त की तलाशी लेने पर उसकी जेब से 1710 रुपए नगद पाया गया जिसे सील कराकर जमाखाने में जमा कर दिया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम पता के रूप में अपना नाम सुनील यादव पुत्र श्रीकांत यादव निवासी ग्राम सिरसिया मिश्र थाना खामपार जिला देवरिया बताया। भागे साथियों का नाम वृजानंद यादव पुत्र रामलक्षन साकिन पँचरुखिया थाना बनकटा जिला देवरिया तथा प्रधान कुमार यादव पुत्र मयंकेश्वर यादव साकिन बैकुंठपुर पोस्ट पड़वा, मांझागढ़ गोपालगंज बिहार के रूप में बताया। उसने बताया कि प्रधान कुमार यादव ही ट्रक मालिक है। पुलिस ने बरामद ट्रक को सीज करते हुए उपरोक्ततीनो अभियुक्तों के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम एवं पशुक्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बनकटा एसओ दिलीप सिंह मंगलवार को क्षेत्रीय भ्रमण अवैध शराब निष्कर्षण एवं रोकथाम हेतु पुलिस चौकी रामपुर बुजुर्ग तक पहुंचे थे कि मुखबिर ने फोन से सूचना दी कि थाना क्षेत्र के पँचरुखिया गांव में चौकीदार के घर के पीछे कुछ गोवंशीय पशुओं को वध हेतु बिहार लेजाने के लिए ट्रक पर लादे जा रहा है। यदि तत्काल इनकी घेराबंदी की जाय तो पकड़े जा सकते है। मुखबिर की सूचना पर एसओ बनकटा अपनी पूरी टीम के साथ पँचरुखिया गांव की ओर रवाना हो गए और मुखबिर के बताए गए निशानदेही से पहले अपनी गाड़ी रोककर चारो तरफ से उन्हें घेर लिए। इस दौरान दो तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे जबकि एक तस्कर को पुलिस ने पकड़ लिया। ट्रक का पर्दा हटाकर देखा गया तो उसमें 11 गोवंशीय पशुओं को बेतरतीव ढंग से मुंह बांध कर एक के ऊपर के लादा गया था। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से पशुओं के मुंह की रस्सी खोलवा कर नीचे उतरवाया गया और उन्हे थाने लाया गया। तस्करी में प्रयुक्त ट्रक नम्बर डब्लू बी 23 डी 1097 को पुलिस ने धारा 207 एमवीएक्ट में पुलिस ने सीज कर दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि०-25-6-22

# धधक रही कच्ची शराब की भट्ठियां

रुद्रपुर (एसएनबी)। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र में कच्ची शराब के भट्ठियों का धधकना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। कोतवाली क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांव में कच्ची शराब का धंधा जोरो पर फलफूल रहा है। जहां कुछ गांव मिनी डिस्टेलरी रूप में जाने जाते हैं। पुलिस व आबकारी विभाग के उदासीनता के चलते रुद्रपुर क्षेत्र में कच्ची शराब की भट्ठिया तेजी के साथ धधक रही हैं। शादी विवाह व लगन का मौसम होने के नाते कच्ची शराब की खबत बढ़ गयी है। सूत्रों की मानें तो कच्ची शराब बनाने का धंधा रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोईलगढ़हा, तिवई, पिपरा, भरोहिया, लक्ष्मीपुर, छितही बाजार, झिरूआ, लुअठही, जंगल पिपरा, शिवपुर पड़रही सहित लगभग एक दर्जन गांवों में कच्ची शराब बनाने वाले कारोबारी तेजी के साथ कच्ची का धंधा चला रहे हैं। स्थानीय पुलिस व बीट के सिपाही व आबकारी विभाग की टीम द्वारा विगत माह से छापेमारी अभियान नहीं चलाया जा रहा है। जिसके चलते कच्ची कारोबारी तेजी के साथ इस धंधा को बढ़ा रहे हैं। उच्चाधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जबकि प्रदेश में कच्ची जहरीली शराब से मौत होने के बाद प्रशासन जागता है, व और समय-समय पर अभियान चलाकर छापेमारी कर कोरमपूरा कर लेता है। वर्तमान समय में कई माह से कच्ची शराब के विरुद्ध धड़ पकड़ अभियान नहीं चलाया जा रहा है। जिसके चलते कच्ची शराब बनाने वाले कारोबरियों के हौसले बुलंद हैं।



कच्ची शराब की धधक रही भट्ठी।

राष्ट्रीय सहारा दि० 29-6-22

# पुरानी रंजिश में युवक को पीटकर किया लहुलूहान

**बरहज (एसएनबी)।** सोमवार की देर रात पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही युवकों ने एक युवक को उसके घर से घूमने के बहाने धोखे से बुलाकर गांव से बाहर ले जाकर मारपीट कर लहुलूहान कर दिये। जाते-जाते घायल युवक को सड़क किनारे गढ्ढे में धकेल दिए। घायल युवक ने 112 नम्बर पर काल कर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर प्रहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज हेतु नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचाया जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने देवरहा बाबा मेडिकल कालेज देवरिया के लिए रेफर कर दिया। बरहज थाना क्षेत्र के ग्राम खुदिया पाठक निवासी सुधीर कुमार गोंड 24 वर्ष पुत्र स्व. गणेश गोंड ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया है कि सोमवार की रात गांव के राकेश पाठक ने घूमने के बहाने घर से बुलाकर अमांव गांव के पास ले गया। जहां पहले से दो लोग और मौजूद थे। वहां पहुंचते ही मेरे मुंह पर गमछा फेककर मारने पीटने लगे। पंच और धारदार हथियार से मारकर गंभीर रूप से लहुलूहान कर दिये और मुझे सड़क किनारे गढ्ढे में धकेल फरार हो गये। सुधीर ने बताया कि घायलावस्था में किसी तरह 112 नम्बर डायल कर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ करने के बाद इलाज हेतु नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने मुझे देवरिया मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

# न्यायालय का आदेश भी नहीं मान रही पुलिस

**बरहज।** प्रदेश में भाजपा की सरकार सत्तासीन होने के बाद लोगों को न्याय मिलने की उम्मीद जगी लेकिन पुलिस की कारस्तानी ने लोगों के उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। 156 (3) सीआरपीसी न्यायालय के आदेश के 8 माह बाद भी मुकामी पुलिस ने मुकद्मा दर्ज नहीं किया है। पीड़ित थाने का चक्कर लगाते लगाते थक हार गया है। पुलिस न्यायालय के आदेश का भी पालन करने से कतरा रही है। थाना क्षेत्र के ग्राम भैया बिजौली निवासी सत्यदेव प्रसाद पुत्र रंगलाल ने पट्टीदारों द्वारा मारपीट की घटना के बाद मुकामी पुलिस को तहरीर दिया। पुलिस ने मुकद्मा न दर्ज करते हुए उसके विरोधी का मुकद्मा दर्ज कर एक पक्षीय कार्यवाही में जुट गयी। थाने से न्याय न मिलने पर 156 (3) के तहत न्यायालय में वाद दाखिल कर न्याय की गुहार लगायी। न्यायालय ने वादी के प्रार्थना पत्र पर मुकामी पुलिस को मुकद्मा दर्ज करने का आदेशित किया कि प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर थानाध्यक्ष बरहज सुसंगत धाराओं में अविलम्ब एफआईआर दर्ज करके मामले की विवेचना नियमानुसार करें लेकिन मुकामी पुलिस 8 माह बीतने के बाद भी मुकद्मा दर्ज न करते हुए न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर रहा है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 29-6-22

हिन्दुस्तान दि० 29-6-22

# रुपये लेने के बाद भूमि का नहीं कर रहा है बैनामा, केस

देवरिया, निज संवाददाता। रुपये लेने के बाद भू स्वामी बैनामा नहीं कर रहा है। रुपये मांगने पर भू स्वामी जान से मारने की धमकी दिया। पीड़ित ने कोर्ट में गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने मारपीट और गबन का केस दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंधी मिल कालोनी मोहल्ला के रहने वाले राजेश कुमार पुत्र गनेश चन्द्र ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है भूमि के लिए बभनी के रामदरश चौरसिया से बात हुई थी। इसके लिए ढाई लाख दे दिया। शेष 12.50 लाख बैनामा के समय देने की बात हुई। रुपये लेने के बाद रामदरश बैनामा करने के लिए दौड़ाने लगा। बार बार समय देने के बाद भूमि बैनामा नहीं हुआ तो पीड़ित ने अपना पैसा मांगा तो वह अन्य लोगों के साथ मारपीट करने लगा। पीड़ित का केस सदर कोतवाली में दर्ज नहीं हुआ तो उसने न्यायालय में गुहार लगाई। कोर्ट ने सदर कोतवाली पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया। सदर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रामदरश चौरसिया पुत्र स्व. जयराम निवासी बभनी थाना सदर कोतवाली और दो अज्ञात के विरुद्ध मारपीट, जान से मारने की धमकी और गबन का मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि० 29-6-22

## सब्जी खरीदने सोमवार की शाम निकला था कुशीनगर का श्रीकांत

# गला रेतकर अधेड़ की हत्या शव नहर के किनारे फेंका

**दुस्साहस**

**रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद।** कुशीनगर के रहने वाले एक व्यक्ति की बदमाशों ने गला रेत कर हत्या कर दी। उसका शव मंगलवार की सुबह महुआडीह थाना क्षेत्र में नहर के किनारे सड़क पर मिला। जेब में रखे आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस की तीन टीमें मामले की छानबीन में जुटी है।

कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली स्थित करंज गांव निवासी श्रीकांत प्रसाद (55) पुत्र स्वर्गीय गुजेसर प्रसाद मजदूरी करते थे। सोमवार को दिन भर खेत में रोपाई करने के बाद वह वापस घर लौटा। शाम को वह साइकिल से सब्जी लेने महुआडीह थाना क्षेत्र के रामपुर गौनरिया चौराहे पर गया, लेकिन देर रात तक वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने पूरी रात उसकी तलाश की। उसका पता नहीं चल सका। मंगलवार की तड़के उसका शव महुआडीह थाना क्षेत्र के चिउरहा खास गांव में सड़क किनारे पड़ा मिला।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जेब में मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान करंज गांव निवासी श्रीकांत प्रसाद के रूप में हुई। मजदूर की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने उसका शव नहर के किनारे सड़क पर फेंक दिया गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

**चाबी जेब में और साइकिल गायब:** श्रीकांत प्रसाद दिन भर मजदूरी करने के बाद शाम को साईकिल से सब्जी लेने निकला था। जिस साइकल से वह सब्जी लेने निकला था, उसकी चाबी जेब में थी लेकिन साइकल घटनास्थल से नदारद थी। जानकारी मिलते ही पत्नी शांति देवी और 11 वर्षीय बेटा प्रीतम दहाड़े मार कर रोने लगे। मौके पर पहुंची महुआडीह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।



श्रीकांत प्रसाद (फाइल फोटो)

- कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र करंज गांव का था रहने वाला
- महुआडीह थाना क्षेत्र के चिउरहा खास गांव के पास फेंका गया था शव

"महुआडीह थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव मिला है। उसकी पहचान हो गई है। उसके गले पर धारदार हथियार से वार किया गया है। मामले में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्रवाई की जा रही है। घटना की खुलासे के लिए तीन टीमें लगाई गई हैं। प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि किसी परिचित के द्वारा ही वारदात को अंजाम दिया गया है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

-संकल्प शर्मा, एसपी देवरिया

### 2 जुलाई को सऊदी अरब के लिए थी फ्लाइट

घर की माली हालत सुधारने के लिए श्रीकांत ने सऊदी अरब जाने का फैसला किया था। पासपोर्ट और वीजा ओके होने के बाद उसने सऊदी अरब जाने की तैयारी कर ली थी। 2 जुलाई को लखनऊ से उसकी सऊदी अरब के लिए फ्लाइट भी थी। लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। सब्जी लेने निकला श्रीकात घर नहीं लौटा। उसके मौत की खबर आई।

हिन्दुस्तान दि०-29-6-22

# महिला और किशोर पर कुदाल से किया हमला

देवरिया। भूमि विवाद को लेकर पड़ोसियों ने एक महिला और उसके बेटे पर कुदाल से हमला कर दिया। जिससे दोनों मां बेटे गंभीर रुप से घायल हो गए।

सदर कोतवाली क्षेत्र के पोखरभिंडा चौहान टोला गांव की रहने वाली सरिता चौहान का भूमि विवाद पड़ोस के एक व्यक्ति से चलता है। मंगलवार की सुबह भूमि विवाद हो गया। जिसमें पड़ोसी ने महिला और उसके बेटे पर फावड़े से हमला कर दिया। जो महिला के चेहरे पर लगा। जिसस मौके पर हंगामा बढ़ गया। महिला के शोर मचाने पर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने बीच बचव कर विवाद को शांत कराया। कुदाल की प्रहार से महिला के चेहरे पर जख्म हो गया। जिससे महिला और उसका बेटा गंभीर रुप से घायल हो गए।

हिन्दुस्तान दि0-25-6-22

# दो भाइयों पर केस

देवरिया। ठेला लगाने के विवाद में हुए मारपीट के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने दो सगे भाइयों पर केस दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के आचार्य रामचन्द्र शुक्ल नगर मोहल्ला के रहने वाले ओम प्रकाश मद्धेशिया मोहल्ले में ठेला लगाते है। मोहल्ले के दो भाईयों ने ठेला लगाने के विवाद में मारपीट दिया। तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने पंकज वर्मा और उनके भाई के विरुद्ध केस किया।

हिन्दुस्तान दि० 29-6

# मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल

सलेमपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के दो स्थानों पर पुरानी रंजिश को लेकर मंगलवार को मारपीट हो गई। कोतवाली क्षेत्र के मालीपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। जिसमें अवधेश गुप्त, बबलू कुशवाहा गम्भीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरी घटना आपसी विवाद को लेकर मधवापुर गांव में दो पक्षों में हो गई। जिसमें बृजेश मिश्रा, बलवंत यादव पुत्र सियानंद यादव एवं धर्मेंद्र यादव पुत्र रामानंद यादव घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर लाए। दो की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

हिन्दुस्तान दि०-29-6-22

# पत्नी का बाल काटने वाले पति पर मुकदमा दर्ज हुआ

देवरिया, निज संवाददाता। पिता ने बेटी को एक लाख रुपये में बेचने की तैयारी किया। इसका विरोध उसकी बेटी और पत्नी ने किया तो उन्हें मार पीट कर घर में बंद कर दिया था। पति ने अपनी पत्नी का बाल काट दिया था। महिला की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी पति के विरुद्ध मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। महिला बेटियों के साथ मायके में रह रही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के खोराराम गांव के खलहवा टोला की रहने वाली बबिता देवी ने बताया कि वह अपनी बड़ी बेटी की शादी खोज रही है। इसी बीच उसके शराबी पति अवधेश चौहान ने बेटी को मुरादाबाद के रहने वाले व्यक्ति से एक लाख रुपये में बेचने का सौंदा कर दिया। 23 जून की रात में अवधेश शराब के नशे में घर पहुंचा तो बेटी और उसकी मां ने इसका विरोध किया तो उन्हें मारा पीटा । इसके साथ ही महिला का बाल काट दिया। उसने पत्नी और बेटियों को कमरे में बंद कर दिया। इसके बारे में 24 जून को महिला के मायके जानकारी हुई तो परिवार के लोग खोराराम पहुंचे और महिला और उसके बेटियों को साथ ले जाने की तैयारी करने लगे तो अवधेश विवाद करने लगा। आस पास के लोगों के सहयोग से मायके वाले बबिता और उसके बेटियों को अपने साथ लेकर जाने लगे। अवधेश उन्हें अमेठी मंदिर के पास घेर कर मारपीट करने लगा। आस पास के लोगों ने बीच बचाव किया।

हिन्दुस्तान दि0-29-6-22

# गोवंशों के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

बनकटा। बनकटा थाना क्षेत्र के पंचरूखिया गांव से पुलिस ने मंगलवार को गोवंश से भरी ट्रक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त के विरूद्ध केस दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया है। पूछताछ के दौरान पकड़े गए तस्कर की पहचान सुनील यादव निवासी सिरसिया मिश्र थाना खामपार के रूप में हुआ।

दैनिक जागरण दि0-29-6-22

# गोवंश के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, दो फरार

जासं, बनकटा: पुलिस ने मंगलवार को गोवंश से भरे एक ट्रक को बरामद कर एक आरोपित को धर दबोचा, जबकि मौका पाकर दो आरोपित फरार हो गए। बनकटा पुलिस को सूचना मिली कि पचरुखिया गांव में ट्रक में गोवंशीय को लेकर बिहार की तरफ जाने वाले हैं। इसके बाद पुलिस ट्रक के साथ एक आरोपित सुनील यादव पुत्र श्रीकांत यादव निवासी सिरसिया मिश्र थाना खामपार को गिरफ्तार कर लिया। मौके से दो अन्य आरोपित भागने में सफल हो गए। उनकी पहचान बृजनांद यादव पुत्र रामलक्षण यादव निवासी पचरुखिया थाना बनकटा तथा प्रधान यादव निवासी बैकुंठपुर थाना मांझागढ़ जनपद गोपालगंज के हैं। प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

दैनिक जागरण दि० 29-6-22

# टाप 10 बदमाशों को सजा दिलाएगी पुलिस

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** जिले के टाप 10 बदमाशों के खिलाफ दर्ज मुकदमों में पुलिस अपनी पैरवी तेज कर उन्हें सजा दिलाएगी। डीआइजी ने गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज जिले के टाप 10 बदमाशों की सूची तैयार कराई है। मानीटरिंग सेल प्रभारी कोर्ट में चल रहे मुकदमों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं।

शासन के निर्देश पर प्रदेश, जिला व थाना स्तर पर टाप 10 बदमाशों की सूची तैयार की गई थी। जिले में चिन्हित किए गए बदमाशों पर कार्रवाई तो हुई लेकिन कोर्ट में विचाराधीन मुकदमे में सजा नहीं हो पायी है। डीआइजी रेंज जे. रविन्दर गौड ने आपरेशन शिकंजा में बदमाशों के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमों में पैरवी कर सजा दिलाने का आदेश रेंज के सभी जिलों के कप्तान को दिए हैं। अब तारीखं पर पुलिस कोर्ट में पैरवी करेगी।



जे. रविन्दर गौड डीआइजी रेंज •

**यह हैं जिले के टाप 10 बदमाश**

**देवरिया :** लार के पिंडी निवासी रवि प्रताप सिंह उर्फ झूला सिंह, कोतवाली के सोनूघाट निवासी हृदयशंकर, रामपुर कारखाना के नौतन हथियागढ़ निवासी सुनील राजभर, भलुअनी के बरडीहा चंदन निवासी महेश यादव, गौरीबाजार के इंदूपुर निवासी विवेक सिंह, सलेमपुर के रामपुर बुजुर्ग निवासी अनूप सिंह उर्फ बबलू सिंह, खुखुन्दू निवासी मनीष मिश्रा, लार के सकरापार निवासी रामप्रवेश यादव, बनकटा के नोनार पांडेय निवासी अमृतांश पांडेय और रुद्रपुर के भरोहिया निवासी गुड्डू यादव का नाम शामिल है।

दैनिक जागरण दि० 29-6-22

# महिला को पीटने के मामले में चार पर मुकदमा

**जासं, कुशीनगर :** पकडियार बाजार में घर में घुसकर महिला को मारने पीटने व तोड़फोड़ करने के मामले में मंगलवार को चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। आरोप है कि पुरानी रंजिश व भूमि हड़पने के प्रयास को लेकर घटना को अंजाम दिया गया। नेबुआ नौरंगिया पुलिस मामले की जांच कर रही है।




दैनिक जागरण दि०-29-6-22

# पुत्री का सौदा करने वाला पिता गिरफ्तार, जेल भेजा गया

- शराबी पति ने विरोध करने पर पत्नी के काट दिए थे बाल
- पुत्रियों को ताला में बंदकर आरोपित ने पहुंचाया था चोट

**जागरण संवाददाता, देवरिया**: मुरादाबाद के एक व्यक्ति के हाथों पुत्री को एक लाख में बेचने का सौदा करने व विरोध करने पर पत्नी के बाल काटने के मामले में पुलिस ने एसपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया है। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के खोराराम खलहवा टोला का रहने वाला अवधेश चौहान की शादी बबीता से हुई है। उनकी पांच पुत्रियां हैं। अवधेश शराब पीने का आदी है, जिसके कारण पुंत्रियों की परवरिश बबीता मेहनत मजदूरी कर करती है।

बड़ी पुत्री सुनैना चौहान की शादी की बात चल रही थी। इसी बीच शराबी पति अवधेश ने पुत्री सुनैना को शादी के नाम पर जनपद मुरादाबाद के किसी व्यक्ति के हाथों एक लाख रुपये में बेचने का सौदा किया। इसकी जानकारी होने पत्नी ने विरोध किया। 23 जून की रात करीब 11 बजे पत्नी की पिटाई की और जबरदस्ती बाल काट दिए। कपड़ा फाट दिया। पुत्री सुनैना, नेहा व निधि की पिटाई कर कमरे में बंद कर ताला लगा दिया। खाना-पानी भी बंद कर दिया। महिला ने मायके वालों को सूचना दी। तब सभी मुक्त हुए। मायके वाले महिला व उनकी पुत्रियों को लेकर जा रहे थे, तभी पति ने फिर घेरकर पिटाई की। महिला ने राहगीरों के प्रयास्स से अपनी व पुत्रियों की जान बचाई। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

दैनिक जागरण दि०-29-6-22

## आरोपित को भेजा जेल

रामपुर कारखाना : पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित को मंगलवार को हिरंदापुर तिराहे के निकट से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां उसे जेल भेज दिया गया। राजन प्रसाद ने किशोरी का अप्रैल में अपहरण कर दुष्कर्म किया था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। (जासं)

## बाल अपचारी गिरफ्तार

रामपुर कारखाना : पुलिस ने वांछित बाल अपचारी को मंगलवार को आनंद नगर चौराहा से गिरफ्तार कर बाल संप्रेक्षण गृह गोरखपुर भेज दिया गया। पुलिस को इसकी कई महीने से तलाश थी। (जासं)

दैनिक जागरण दि० -29-6-22

## बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : कोतवाली क्षेत्र के रुद्रपुर-देवरिया मार्ग पर उसराबाजार औद्योगिक क्षेत्र के समीप बाइक की ठोकर से घायल महिला की मृत्यु के मामले में पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। खुखुंदू थाना क्षेत्र के ग्राम असना की रहने वाली सीता देवी पत्नी मनोज कुमार घायल हो गई थीं। चिकित्सा के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। (जासं)

## धोखाधड़ी का आरोपित गिरफ्तार

रामपुर कारखाना : धोखाधड़ी के आरोपित को रामपुर कारखाना पुलिस ने विशुनपुर भरत राय से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। विशुनपुर भरत राय के रहने वाले धोखाधड़ी के मामले में वारंटी स्वामीनाथ पुत्र जिरेखन फरार चल रहा था, उसके खिलाफ़ सहबाजपुर के रहने वाले मुन्ना यादव ने धारा 419/420 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया था। न्यायालय ने आरोपित के खिलाफ वारंट जारी करते हुए कुर्की करने का भी आदेश दिया था। इस मामले में रामपुर कारखाना पुलिस को 30 जून तक न्यायालय में जबाब देने को कहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 29-6-22

# बाइक की टंकी में शराब छिपाकर ले जा रहे दो युवक गिरफ्तार

**जासं, लार :** बिहार में शराब प्रतिबंधित होने के बाद भी तस्करी जारी है। मंगलवार की सुबह बाइक की टंकी में शराब छिपाकर ले जा रहे दो युवकों को मेहरौना चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। एक ही बाइक पर दो युवक लार से गुठनी की तरफ जा रहे थे। मेहरौना पुलिस ने उन्हें रोका। संदेह होने पर पुलिस ने तलाशी ली। बाइक की डिक्की व पेट्रोल टंकी से अंग्रेजी व देसी शराब बरामद हुई। युवकों ने पेट्रोल की टंकी में शराब छिपाया था, जबकि वाहन चलाने के लिए अलग से बोतल में पेट्रोल रखकर इंजन को कनेक्ट कराए थे। पूछताछ में एक युवक ने अपना नाम ओमनाथ कुमार चौहान पुत्र ओम प्रकाश निवासी नया बाजार जनपद सिवान व दूसरे ने फूल देव शाह पुत्र गोपाल निवासी पड़ौदी थाना पचरुखी जिला सिवान बताया। चौकी इंचार्ज राम गिरीश चौहान ने बताया कि शराब तस्कर बिहार में शराब पहुंचाने के लिए सभी हथकंडे अपना रहे हैं।

रिया

6 तथा भारत
न (संसोधन)
लका परिषद,
र उपयोग पर

अमर उजाला दि०-29-6-22

# पुलिस पैरवी कर जिले के टॉप 10 बदमाशों को सजा दिलाएगी

## डीआईजी के आदेश पर रेंज के चारों जिलों में टॉप बदमाशों की सूची तैयार की गई

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** पुलिस, गोरखपुर रेंज के सभी जिलों (गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज) के टॉप-10 बदमाशों के मामलों में पैरवी कर सजा दिलाएगी।

ऑपरेशन शिकंजा के तहत पुलिस अभियान चला रही है, लेकिन टॉप-10 बदमाशों की सूची में शामिल होने के बाद भी कई को कोर्ट से सजा नहीं हो पाई है। यही वजह है कि इसे प्राथमिकता में शामिल कर कोर्ट में पैरवी करने का आदेश डीआईजी जे. रविंद्र ने दिया है। उनके आदेश पर चारों जिलों के टॉप बदमाशों की सूची तैयार भी कर ली गई है।

जानकारी के मुताबिक, हरेक जिले में टॉप बदमाशों की सूची तैयार की गई थी। इन पर कार्रवाई तो पुलिस ने की, लेकिन कई ऐसे बदमाश इस सूची में शामिल हैं, जिन्हें एक भी मुकदमे में कोर्ट से सजा नहीं हो पाई है। यही वजह है कि डीआईजी ने ऑपरेशन शिकंजा को और प्रभावी बनाने का आदेश दिया है। डीआईजी के निर्देश पर सभी जिले के टॉप बदमाशों की सूची तैयार की गई है।

### ये हैं टॉप 10 बदमाश

#### गोरखपुर

**झंगहा** निवासी राघवेंद्र यादव, गुलरिहा के राकेश यादव, बेलघाट के शैलेंद्र प्रताप सिंह, बांसगांव निवासी राधे उर्फ राधेश्याम यादव, कैंट निवासी सत्यव्रत राय, खजनी निवासी सुभाष शर्मा, कैंट के अजीत शाही, गीडा के मल्हीपुर निवासी प्रदीप सिंह, शाहपुर के सुधीर सिंह, गोरखनाथ के विनोद उपाध्याय का नाम शामिल किया गया है।

#### देवरिया

**लार** निवासी रवि प्रताप सिंह उर्फ झुला सिंह, कोतवाली इलाके के हृदयशंकर, रामपुर कारखाना के सुनील राजभर, भलुअनी निवासी महेश यादव, गौरीबाजार निवासी विवेक सिंह, सलेमपुर निवासी अनूप सिंह उर्फ बबलू सिंह, खुखुंदू निवासी मनीष मिश्रा, लार निवासी रामप्रवेश यादव, बनकटा निवासी अमृतांश पांडेय का नाम शामिल गया है।

#### कुशीनगर

**पडरौना** निवासी रुपक राय उर्फ रुपचंद, कुबेरस्थान के अख्तर, कुबेरस्थान के अफजल, तुर्कपट्टी के अमरेश यादव, हाटा निवासी जितेंद्र चौहान, हाटा के विनोद पासवान, तरयासुजान निवासी दीपक गुप्ता, हनुमानगंज निवासी श्रीराम उर्फ रामा, तुर्कपट्टी निवासी संतोष यादव, विशुनपुरा निवासी गोलू मिश्रा का नाम शामिल है।

#### महराजगंज

**कोतवाली** इलाके के रजनीश सिंह, घुघली निवासी अनिल गुप्ता, पनियरा निवासी हरेकृष्ण मिश्र, फरेंदा निवासी उमा उर्फ उमाशंकर, पुरंदरपुर निवासी गोविंद, नौतनवां निवासी टीपू उर्फ अकरम, परसामलिक का मुलायम यादव, सौनौली निवासी आफताब अंसारी, परसौनी के अनवर अली और तूठीबारी के गोविंद कुमार गुप्ता का नाम शामिल गया है।

हर जिले के टॉप-10 बदमाशों की सूची तैयार कराई गई है। इन सभी के केसों की पैरवी कोर्ट में पुलिस प्राथमिकता के आधार पर करेगी, ताकि इन्हें सजा दिलाई जा सके। इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

-जे. रविंद्र, डीआईजी



अमर उजाला दि0-29-6-22

# सीएम के संभावित कार्यक्रम से प्रशासन अलर्ट

लार। एक जुलाई को लार सीएचसी में सीएम के संभावित कार्यक्रम के मद्देनजर जिला प्रशासन अलर्ट है। मंगलवार को एसपी, एडीएम ने अस्पताल का जायजा लिया। हेलिपैड स्थल का निरीक्षण किया।

सीएम योगी आदित्य नाथ लार सीएचसी से संचारी रोगों की रोकथाम के लिए झंडी दिखाएंगे। मंगलवार को एसपी संकल्प शर्मा एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज सहित कई प्रशासनिक अधिकारी लार सीएचसी पहुंचे। यहां अधिकारियों ने परिसर, ओपीडी, जेई वार्ड, महिला व पुरुष वार्ड, ओटी आदि का जायजा लिया। परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था परखी। अधिकारियों ने पार्क का भी अवलोकन किया। प्रसव कक्ष में प्रसूताओं से ।नकारी ली। यहां से नगर के रमावती धर्मनाथ इंटर कालेज के प्रांगण में पहुंचे अधिकारियों ने हेलिपैड स्थल, इमरजेंसी रूम बनाने, बैरिकेडिंग, रूट डायवर्जन आदि पर मंथन किया। संवाद

अमर उजाला दि० 29-6-22

# अभियान में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर कारखाना।** थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी और पुलिस टीम ने सोमवार की रात में वांछितों के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने विशुनपुर भरत राय गांव निवासी जालसाजी के आरोपी स्वामीनाथ प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी राजन प्रसाद को हिरंदापुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य आरोपी पर दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। उसे पुलिस ने रात में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम एसआई मिथिलेश कुमार एसआई बलराम यादव शामिल रहे। संवाद

अमर उजाला दि०-29-6-22

# पशुओं से लदा ट्रक पकड़ा, एक गिरफ्तार

**देवरिया।** बनकटा थाना क्षेत्र के पचरूखिया में मंगलवार को पुलिस ने पशुओं से लदे ट्रक को पकड़ा। साथ ही एक युवक को गिरफ्तार किया। ट्रक से 11 पशु मुक्त हुए।

प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह, उपनिरीक्षक सुनील कुमार, सुनील कुमार त्रिपाठी व सुनील यादव, आशीष यादव के साथ अपराध की रोकथाम, वांछित अभियुक्तों की तलाशी और वाहन चेकिंग में निकले थे। पुलिस टीम ने एक ट्रक को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख चालक ट्रक लेकर भागने प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने रोक दिया और चेकिंग की गई तो ट्रक पर 11 पशु लदे थे। पुलिस ने पशुओं को मुक्त कराते हुए युवक को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान खामपार थाना क्षेत्र के सिरसिया गांव निवासी सुनील यादव के रूप में हुई। संवाद

अमर उजाला दि० 29-6-22

# बेटी का एक लाख में किया सौदा पिटाई कर पत्नी के बाल काटे

## आरोपी के खिलाफ मारपीट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। पिता ने बेटी का एक लाख रुपये में बेचने के लिए मुरादाबाद के एक व्यक्ति से सौदा तय कर लिया। इसकी जानकारी होने पर पत्नी और बेटी ने विरोध किया तो पति ने कमरे में बंद कर दोनों की जमकर पिटाई कर दी। आरोपी ने पत्नी का बाल भी काट दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र की महिला ने प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया है कि उनके पति ने बेटी को मुरादाबाद के व्यक्ति से एक लाख रुपये में बेचने का सौदा किया। 23 जून की रात में नशे में घर पहुंचा तो जानकारी हुई। इसका विरोध करने पर उन्हें मारा पीटा। इसके बाद महिला का बाल काट दिया। साथ ही पत्नी और बेटियों को कमरे में बंद कर पिटाई की। इस बारे में 24 जून को महिला के मायके के लोगों को जानकारी हुई तो परिवार के लोग गांव पहुंचे और महिला और उसकी बेटियों को साथ ले जाने की तैयारी करने लगे। इस बीच पति विवाद करने लगा। आसपास के लोगों के सहयोग से मायके वाले दोनों को अपने साथ ले गए। पीड़ित महिला की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने मारपीट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल अनुज कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज लिया गया है।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 29-06-2022

# हत्या में वांछित को भेजा गया जेल

कुशीनगर। मंगलवार को थाना नेबुआ नौरंगिया पुलिस हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अभियुक्त मोलई पुत्र चांदबली निवासी नौगांवा थाना नेबुआ नौरंगिया को मेहदिया बाजार से गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस टीम में एसओ गिरिजेश उपाध्याय, एसआई भरत राम मिश्रा, कां. यशवन्त कुमार एवं रामबिलास यादव शामिल रहे।

# प्रत्येक जरूरतमंद बंदी को मिलेंगे वकील

## जिला जज, डीएम व एसपी ने किया जिला जेल देवरिया का निरीक्षण, पूछी बंदियों की समस्या

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** जिला जज अशोक कुमार सिंह, डीएम एस राजलिंगम, एसपी धवल जायसवाल व सीजेएम कुशीनगर ने मंगलवार को जिला जेल देवरिया का निरीक्षण कर जिले के बंदियों की समस्याएं जानीं। स्वास्थ्य तथा जमानत के बारे में जानकारी ली। प्रत्येक जरूरतमंद को वकील की सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। कई बंदियों ने जमानत से जुड़ा प्रार्थना-पत्र जिला जज को सौंपा।

जिला जज, डीएम व एसपी दोपहर में जिला जेल पहुंचे। बैरक में जाकर जनपद के बंदियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं पूछीं। अधिकारियों ने मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। जिला जज ने बंदियों से पूछा कि कोई दिक्कत तो नहीं है, स्वास्थ्य सुविधाएं समय से मिलती हैं कि नहीं। जमानत की क्या स्थिति है, वकील की जरूरत तो नहीं है। कई बंदियों के कोई रिश्तेदार या घर के लोग न होने पर उन्हें विधिक सहायता न मिलने की जानकारी पर जिला जज ने जेल अधीक्षक के माध्यम से प्रार्थना-पत्र भिजवाने की बात कही। कुछ बंदियों ने उन्हें प्रार्थना-पत्र मौके पर ही सौंपा। जिला जज ने कहा कि हर जरूरतमंद को निश्शुल्क वकील की सुविधा प्रदान की जाएगी। जिससे कि वह न्याय से वंचित न रह जाए। महिला बैरक में अधिकारी महिला बंदियों से मिले। उनके साथ मौजूद छोटे बच्चों के बारे में बात की और उनका स्वास्थ्य जाना। सीजेएम रविकांत यादव आदि मौजूद रहे। जेल अधीक्षक राजकुमार ने बताया कि कुशीनगर के अधिकारियों ने जेल का रूटीन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने व्यवस्था पर संतोष जताया।

- बंदियों ने जिला जज को सौंपा जमानत से संबंधित पत्र
- महिला बंदियों के साथ मौजूद छोटे बच्चों के बारे में ली जानकारी



देवरिया जेल में जिला जज अशोक कुमार सिंह को पत्रक सौंपते बंदी • सौ. सूचना विभाग

### जल ही जीवन का आधार

**जासं, कसया:** जल ही जीवन का आधार है। रोगाणुओं, जहरीले पदार्थों एवं अनावश्यक मात्रा में लवणों से युक्त पानी अनेक रोगों को जन्म देता है। बीमारियों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रदूषित पानी का ही हाथ होता है। यह बातें मंगलवार को जिला जज अशोक कुमार सिंह सप्तम ने दीवानी न्यायालय कसया परिसर में लगे वाटर कूलर आरओ सिस्टम का शुभारंभ करते हुए कहीं। आरओ प्लांट नगरपालिका ने लगवाया है। यह जिले का दूसरा व्यस्ततम न्यायालय है। यहां 350 वकील कार्यरत हैं, लगभग एक हजार वादकारी रोज आते हैं। आरओ लग जाने से अब न्यायालय परिसर में शीतल जल उपलब्ध हो गया है। एसीजेएम सुनील त्रिपाठी, जेएम नवनीत कश्यप, सीजेएम रविकांत यादव, जूनियर डिविजन शोभित राय, बार संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, महामंत्री संजय सिंह बघेल ने भी संबोधित किया। पूर्व अध्यक्ष बद्रीनाथ दूबे, वीरेंद्र लाल श्रीवास्तव, ओंकार नाथ पांडेय, आनंद राय, दिव्यप्रकाश मणि, दीनदयाल मल्ल आदि उपस्थित रहे।

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

**नेबुआ नौरंगिया :** क्षेत्र के नौगांवा में शनिवार शाम सुभाष की गुमटी को गांव के ही तीन युवक धक्का देकर गिरा रहे थे। इसका दुकानदार के भाई शैलेश ने विरोध किया तो युवकों ने उसकी पिटाई की और जान से मारने की मंशा से धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। युवक का इलाज चल रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस चेतन, लोटन व मोलई के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्जकर आरोपितों की धरपकड़ के लिए प्रयास कर रही थी। मंगलवार को थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय को सूचना मिली कि आरोपित मोलई कहीं भागने के फिराक में मेहदिया बाजार के समीप खड़ा है। मौके पर पहुंच कर टीम ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। (जासं)

# दुकान व प्रतिष्ठान में अनिवार्य रूप से लगवाएं सीसीटीवी कैमरा



कोतवाली में व्यापारियों की बैठक को संबोधित करते सीओ सदर कुंदन सिंह ● जागरण

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** नगर कोतवाली में मंगलवार रात आठ बजे व्यापारियों की बैठक हुई, जिसमें सुरक्षा तथा नगर की यातायात व्यवस्था पर चर्चा की गई। व्यापारियों से प्रतिष्ठान तथा दुकान में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने की अपील की गई।

बैठक में सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस सजग है। भीड़भाड़ वाली जगहों पर नियमित रूप से पुलिस गश्त करती है। व्यापारी हितों को देखते हुए जहां आवश्यकता होगी वहां पिकेट की स्थापना की जाएगी। व्यापारियों ने नगर की यातायात व्यवस्था का मुद्दा उठाया। सीओ ने कहा कि नगर में नो इंट्री जोन का कड़ाई से अनुपालन कराया जा रहा है। आप सभी भी इसमें सहयोग करें। माल वाहक वाहनों की निर्धारित समय में ही आवाजाही रहे। आह्वान किया कि व्यापारी अपनी दुकान व प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगवाएं।

कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने कहा कि कैमरे का रूख प्रवेश द्वारा तथा सड़क एरिया की तरफ हो जिससे कि आवश्यकता पर इसकी मदद ली जा सके। कहा कि समय समय पर यह चेक करते रहें कि कैमरा काम कर रहा है या नहीं। बैठक में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री सचिन चौरसिया, पाली चौरसिया, लालबाबू गुप्ता, अक्षय स्वर्णकार, अनुराग खेतान आदि मौजूद रहे।

# मारपीट के मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा

**नेबुआ नौरंगिया:** पडरौना कोतवाली के जंगल बेलवा गांव में सोमवार की सुबह बांस काटने को लेकर हुई मारपीट में एक पक्ष के अनिल चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल के पुत्र अर्जुन की तहरीर के अधार पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के मोतीलाल, सोना, राजेश व मीना के विरुद्ध जानलेवा हमला, मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।(जासं)

# घर में घुसकर महिला को पीटने पर मुकदमा

**जासं, नेबुआ नौरंगिया :** पकडियार बाजार में घर में घुसकर महिला को मारने पीटने व तोड़फोड़ करने के मामले में मंगलवार को चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। आरोप है कि पुरानी रंजिश व भूमि हड़पने के प्रयास को लेकर घटना को अंजाम दिया गया। नेबुआ नौरंगिया पुलिस मामले की जांच कर रही है। तहरीर के अनुसार पकडियार बाजार की रहने वाली मिंटू के घर में 18 जून की देर शाम घर में घुसकर मारा पीटा गया व सामान तोड़ा फोड़ा गया। अगले दिन दोपहर में पुनः महिला के घर पर लोग चढ़ आए। महिला के जेठ के पुत्र पन्नेलाल ने रोका तो हमलावरों ने चाकू मारकर घायल कर दिया।

दिया।(जासं)

## चुनावी रंजिश को लेकर पीटने के मामले में चार पर मुकदमा

**नेबुआ नौरंगिया:** जंगल जगदीशपुर गांव में चुनावी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति को पीटने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। नेबुआ नौरंगिया पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार जंगल जगदीशपुर गांव के अवधेश प्रजापति 19 जून को प्राइमरी पाठशाला में कोटा चयन हेतु टेंट लगवा रहे थे और चयन प्रक्रिया में शामिल हुए। वहां से वापस घर लौटते समय सामुदायिक भवन के समीप चार लोगो ने उनको चुनावी रंजिश को लेकर रास्ते में रोककर बुरी तरह मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने इस मामले में उमा यादव, हौसिला, बिनोद, घूरा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।(जासं)

# हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कांग्रेसियों का पैदल मार्च




नरायनपुर गांव में जुलूस में शामिल कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू दाएं व अन्य ● जागरण

**जागरण संवाददाता, वेलवा कारखाना:** पटहेरवा के नरायनपुर कोठी में आभूषण व्यापारी हत्याकांड के पर्दाफाश की मांग को लेकर धरने के छठवें दिन मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च कर प्रदर्शन किया।

पार्टी कार्यकर्ताओं ने नरायनपुर बाजार में पैदल मार्च निकाल जनसमर्थन मांगा तथा पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने नारेबाजी भी की। मनोज सिंह, ब्लाक अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह, विधानसभा अध्यक्ष पलटन यादव ने भी संबोधित किया। हरिकेश्वर पांडेय, विकास सिंह, अफरोज, पवन कुशवाहा, प्रमोद तिवारी, बाबूलाल कुशवाहा, भोलि कुशवाहा, गब्बर खान, विनोद तिवारी, रमेश गुप्ता, अलाउद्दीन अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश में ध्वस्त है कानून व्यवस्था : राधेश्याम

**जासं, सेवरही:** भाजपा सरकार में प्रदेश अपराध का अड्डा बन गया है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। अब तो कानून के रखवाले तक सुरक्षित नहीं हैं। अपराधियों की हिम्मत यहां तक बढ़ गई है कि पुलिसकर्मियों को गाड़ियों से कुचल रहे हैं।



पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ● जागरण

यह बातें पूर्व राज्यमंत्री राधेश्याम सिंह ने कहीं। मंगलवार को वह तमकुहीराज में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। कहा कि अराजकता, अव्यवस्था और असुरक्षा के चलते कानून व्यवस्था केवल कहने सुनने की बात रह गई है। सरकार संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन में विफल है। महिला अपराधों में यूपी सबसे आगे है, यह आंकड़े सरकार नहीं मानती है। डायल 112 के आंकड़ों को लेकर सरकार संवेदनशील नहीं है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। लागत के सापेक्ष किसानों को गन्ना मूल्य नहीं मिल पा रहा, उनकी आर्थिक कमजोर हो रही है।

# कैदियों से की मुलाकात, जाना हाल

## जिला जज, डीएम और एसपी ने किया देवरिया जेल का निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** जिला जज कुशीनगर अशोक कुमार सिंह, डीएम राजलिंगम, चीफ ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट रविकांत यादव, एसपी धवल जायसवाल ने मंगलवार को देवरिया जेल का औचक निरीक्षण किया। इस बीच जेल परिसर में जाकर कैदियों से मुलाकात की उनकी समस्याएं सुनी, उनकी स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया।

जिला जज ने कैदियों से बात करके उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने कैदियों से पूछा कि स्वास्थ्य सुविधाएं समय से मिलती है कि नहीं, जमानत की क्या स्थिति है, वकील की जरूरत तो नहीं है। उनके जमानत के संदर्भ में जानकारी ली तथा उनका समाधान



जिला जज, डीएम और एसपी ने कैदियों से मुलाकात की। संवाद

### विधिक पहलू और समस्याओं से हुए अवगत

भी बताया। उन्होंने कुछ कैदियों के आवेदन भी स्वीकार किए तथा जेलर के माध्यम से भी दरखास्त भिजवाने की बात की गई। जिन कैदियों को अपने मामले में वकील की जरूरत थी, उन्हें आवेदन के माध्यम से वकील करने की सलाह दी। सभी उच्चाधिकारी महिला बैरक में जाकर महिला कैदियों से भी मिले। महिला कैदियों के साथ छोटे बच्चों के बारे में पूछताछ की। उनके स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। महिला कैदियों की समस्याएं जानी गई।

# घर में रखे आभूषण और नकदी उठा ले गए चोर

संवाद न्यूज एजेंसी

**पिपरा बाजार।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के कुकरहा गांव के तेलिया टोला में सोमवार की रात चोरी हुई। घर में रखा आभूषण, नकदी और कपड़ा चोर उठा ले गए। गृहस्वामी मंगलवार की भोर में जगे तो चोरी की घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल मे जुटी है।

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के कुकरहा गांव के तेलिया टोला निवासी विजय उपाध्याय सोमवार शाम परिजनों के साथ भोजन कर सो गए। मंगलवार की भोर करीब तीन बजे जगे और अपना मोबाइल खोजने लगे तो मोबाइल नहीं मिला। इसके बाद घर की महिलाओं को जगाया तो देखा कि घर में रखा बाक्स गायब है। करीब 500 मीटर दूरी पर एक गन्ने के खेत में टूटा हुआ बाक्स मिला। पीड़ित परिवार ने बताया कि चोर गहने, नकदी, कपड़ा और दो मोबाइल फोन चुरा ले गए हैं। इसके अलावा उनके घर के बगल स्थित गुड्डी राजभर के घर में भी चोरी हुई। इनके घर से चोर टीवी, मोबाइल फोन, सोने की अंगूठी और नकदी उठा ले गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है। एसओ गिरजेश उपाध्याय ने कहा कि इस तरह की घटना संज्ञान में नहीं है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 29-06-2022

# पत्नी के हत्यारे को दस वर्ष का सश्रम कारावास

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद के थाना पनियरा क्षेत्रान्तर्गत ग्रामसभा मौलागंज में वर्ष 2017 में लक्ष्मण प्रसाद ने लाठी-डण्डा से पीटकर अपनी पत्नी शीला की हत्या कर दी। इस मामले में दोषी पाये जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पाण्डेय नेलक्ष्मण प्रसाद के विरुद्ध धारा 304 (1) आईपीसी के तहत दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार वादी मुकदमा परमहंस निवासी ग्रामसभा बड़वार थाना पनियरा नेरिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी बहन शीला का विवाह इसी थाना क्षेत्र के मौ लागंज निवासी लक्ष्मण से हुआ था। 28 अगस्त 2017 को सायं 4 बजे लक्ष्मक्ष ने लाठी-डण्डा से पीटकर शीला की हत्या कर दी। इस पर थाना पनियरा मेंधारा 304 आईपीसी पंजीकृत हुआ। विवेचक द्वारा विवेचना के उपरान्त न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। विचारण के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवेन्द्र पाण्डेय ने 11 गवाहों की गवाही दर्ज कराकर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य एवं सबूतों के आधार पर उक्त सजा सुनायी है। अर्थदण्ड की धनीराशि शीला के दोनों बच्चों दीपक व सं जू को बराबर- बराबर दी जायेगी।

# 356 वाहनों का चालान

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्ह्ति स्थानों पर दो पहिया वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 356 वाहनों का चालान किया गया साथ ही 23 वाहनों से 19500 ₹शमन शुल्क वसूल किया। **शांतिभंग की आशंका में 37 गिरफ्तार** : जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांतिभंग की आशंका में कुल 37 व्यक्तियों को सीआरपीसी की धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन्हें चालान न्यायालय किया गया। **50 लीटर कच्ची शराब बरामद** : जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए 9 व्यक्तियों के कब्जे से50 लीटर कच्ची व 78 शीशी नेपाली शराब बरामद किया गया। साथ ही उसे 60 आबकारी एक्ट के तहत चालान न्यायालय किया गया।

# वाहनों की जांच, दर्जनों का चालान

**ठूठीबारी (एसएनबी)**। पुलिस अधिक्षक के निर्देशन में बी स्कीम के तहत आज ठूठीबारी तिराहे पर क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे के नेतृत्व में वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों के चालान काटे गये। प्रभारी निरीक्षक ठूठीबारी संजय दूबे ने जांच के दौरान दो पहिया वाहनों को रोक कर विधिवत चेकिंग की। वाहन चेकिंग के दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन पेपर उपलब्ध नहीं होने पर दर्जनों वाहनों का ई-चालान काटा गया। क्षेत्राधिकारी श्री दूबे ने बार्डर क्षेत्र का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतेगी। जो भी अपराध करते पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक अरुण दुबे समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# मारपीट में आधा दर्जन घायल

**कोल्हुई बाजार (एसएनबी)**। थाना कोल्हुई क्षेत्र के लोटन रोड पर स्थित बभनी बुजुर्ग में बीती रात उलाहना देने को लेकर जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट में महिला समेत दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल बताये जा रहे है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और एम्बुलेंस के माध्ययम से घायलों को उपचार के लिए भेज दिया। जबकि आज उक्त प्रकरण में तीन लोगों को शान्तिभंग के आरोप में चालान किया गया है। ग्राम सभा बभनी बुजुर्ग में एक पक्ष राममिलन तथा दूसरा पक्ष रामसेवक,जयप्रकाश आदि लोगों में उलाहना देने को लेकर कहा सुनी होने लगी और कुछ ही देर बाद मामला मारपीट में बदल गयी। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट में राममिलन, मुटूरा,अवधेश, गणेश, सुनीता, जयप्रकाश,रामसेवक, समेत आधा दर्जन लोग घायल हुए है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और किसी तरह मामाला शान्त कराया है। जबकि एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को उपचार के लिए भेज दिया गया है। इस सम्बन्ध में एसओ कोल्हुई अभिषेक सिंह ने बताया कि मारपीट की घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए भेजा गया है। इस मामले में राममिलन समेत तीन लोगों को शान्तिभंग के आरोप में चालान किया गया है। उन्होंने बताया कि दूसरे पक्ष के लोगों को भी तलाश किया जा रहा है। इस मामले में मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाई किया जायेगा।

**बभनी बुजुर्ग में हुई मारपीट,तीन गिरफ्तार**

# 30 लीटर कच्ची शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

**बृजमनगंज (एसएनबी)**। बृजमनगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के चिरैयाकोट में अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध छापेमारी करते हुए 30 लीटर शराब बरामद किया है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष चन्द्रहास मिश्रा ने बताया कि अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध थाना क्षेत्र के चिरैयाकोट में पुलिस ने छापेमारी किया है जिसमें राजेन्द्र पुत्र मंगरु निवासी चिरैयाकोट, हरीलाल पुत्र रामलखन निवासी लेहड़ा बाजार, उमेश यादव पुत्र लालसा निवासी दुबौलिया हरपुर को पुलिस ने 30 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इन लोगों के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या क्रमशः 126/22,127/22,128/22 एवं 60 आबकारी एक्ट के तहत दर्ज किया गया है।

# दहेज हत्या का वांछित आरोपी ने किया सरेंडर

**पनियरा (एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सतगुर निवासी जय किसान जो स्थानीय थाने पर दर्ज मुकदमा धारा 498 ए,304 बी.व 3/4 डीपी एक्ट का वांछित आरोपी था। पनियरा पुलिस द्वारा उसकी गिरफ्तारी के लिए दी जा रही लगातार दबिश के दबाव मेंमंगलवार को उसनेन्यायालय में आत्मसर्मण कर दिया। यह आशय की जानकारी थानाध्यक्ष पनियरा सत्य प्रकाश सिंह ने दी है।

# अधिकाधिक सम्मन का करायें तामिला : एसपी



बैठक को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ।

**महराजगंज (एसएनबी)।** स्थानीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय के तथागत सभागार में पुलिस अधीक्षक डा . कौस्तुभ ने जनपद के मानिटरिंग सेल के प्रभारी व कर्मचारी , कोर्ट मोहर्रिर व जनपद के समस्त थानों के पैरोकारों के साथ मीटिंग की। मीटिंग के दौरान एसपी ने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक सम्मन का तामिला कराया जाय। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने चार्जशीट दाखिला में तेजी लाने, विचाराधीन मुकदमों में नियमित पैरवी करने तथा कोर्ट की सुनवाइयों में समय से उपस्थित रहनें का निर्देश दिया । साथ ही मुकदमों की लगातार पैरवी करने व अपराधियों को सजा दिलानें में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त एसपी ने न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश-निर्देशों का थाना स्तर पर नियमानुसार अनुपालन करने और कराने के लिए निर्देशित किया ।

# पत्नी की हत्या में पति को दस साल की सश्रम कैद

**महराजगंज, निज संवाददाता।** पनियरा क्षेत्र के मौलागंज में पांच साल पहले लाठी-डंडा से पीट पत्नी की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय की अदालत ने सुनवाई के बाद पति को दोषी करार दिया है। उसके खिलाफ दस साल का सश्रम कारावास का सजा सुनाया है। दस हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है।

**2017**

**में पनियरा क्षेत्र में हुई थी घटना**

**कोर्ट ने पति को ठहराया दोषी**

पत्रावली में दर्ज साक्ष्यों के मुताबिक घटना वर्ष 2017 की है। वादी मुकदमा बड़वार निवासी परमहंस ने पनियरा थाना में तहरीर देकर बताया था कि उसकी बहन शीला की शादी वर्ष 2003 मौलागंज निवासी लक्ष्मण से हुई थी। 28 अगस्त 2017 को सायं चार बजे लक्ष्मण ने लाठी-डंडा से पीट शीला की हत्या कर दी। पनियरा पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 304 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर विवेचना के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दिया। ट्रायल के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता देवेन्द्र पांडेय ने 11 गवाहों की गवाही कराई। बहस के बाद सजा की मांग की। न्यायालय में पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्य व सबूत के आधार पर विस्तृत फैसला सुनाया। लक्ष्मण को दस साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अर्थदंड की धनराशि शीला के दोनों बच्चों में बराबर-बराबर दे दी जाएगी।

# संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की हुई जांच

**निचलौल।** सर्किल निचलौल के सभी पांचों थानों में बी स्कीम के तहत चिन्हित स्थानों पर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की पर्याप्त पुलिस बल के साथ सीओ सुनील दत्त दुबे ने चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान अवैध हथियार, अवैध तस्करी और अवैध मादक पदार्थ व चोरी तथा संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की गई। सीओ ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा गुंडा एक्ट के तहत छह माह के लिए जिला बदर अपराधी कैलाश निवासी बोदना थाना ठूठीबारी को गांव में मौजूद रहने की सूचना पर थाना ठूठीबारी के एसआई राजेश कुमार व पुलिस बल के साथ तलाश किया गया। इस दौरान वह घर पर मौजूद नहीं मिला।

# जिला बदर की तलाश में वोदना में छापेमारी

**जासं निचलौल:** ठूठीबारी थाना के वोदना में जिला बदर अपराधी कैलाश की तलाश में सीओ सुनील दत्त दुबे ने मंगलवार को छापेमारी की, लेकिन वह घर पर नहीं मिला। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि जिला बदर होने के बाद भी वह अपने घर पर रह रहा है।

छापेमारी में उनके साथ उपनिरीक्षक राजेश कुमार व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# पत्नी के हत्यारे को 10 वर्ष की सजा और अर्थदंड

महराजगंज : पनियरा के मौलागंज में वर्ष 2017 में पत्नी शीला की हत्या के मामले में अभियुक्त पति लक्ष्मण प्रसाद को दोषी पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय ने 10 वर्ष के सश्रम कारावास के साथ ही 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है। बड़वार निवासी परमहंस ने तहरीर दी थी कि बहन शीला का विवाह मौलागंज में वर्ष 2003 में लक्ष्मण पुत्र हरिराम से हुआ था। 28 अगस्त 2017 को सायं चार बजे लक्ष्मण ने शीला को लाठी से पीटकर हत्या कर दी। मामले में पनियरा थाना में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। (जासं)

# जिले के टाप 10 बदमाशों को सजा दिलाएगी पुलिस

- डीआइजी ने तैयार कराई रेंज के 40 बदमाशों की सूची
- विचाराधीन मुकदमों की जुटाई जा रही है जानकारी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** जिले के टाप 10 बदमाशों के खिलाफ दर्ज मुकदमों में पुलिस अपनी पैरवी तेज कर उन्हें सजा दिलाएगी। डीआइजी ने गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज जिले के टाप 10 बदमाशों की सूची तैयार कराई है। मानीटरिंग सेल प्रभारी कोर्ट में चल रहे मुकदमों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं।



जे. रविन्दर गौड,डीआइजी रेंज

शासन के निर्देश पर प्रदेश, जिला व थाना स्तर पर टाप 10 बदमाशों की सूची तैयार की गई थी। जिले में चिन्हित किए गए बदमाशों पर कार्रवाई तो हुई लेकिन कोर्ट में विचाराधीन मुकदमे में सजा नहीं हो पायी है। डीआइजी रेंज जे. रविन्दर गौड ने आपरेशन शिकंजा में बदमाशों के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमों में पैरवी कर सजा दिलाने का आदेश रेंज के सभी जिलों के कप्तान को दिए हैं। अब तारीख पर पुलिस कोर्ट में पैरवी करेगी।

**यह हैं जिले के टाप 10 बदमाश**

- **गोरखपुर :** झंगहा के सुगहा निवासी राघवेंद्र यादव, बेलघाट के बहादुरपुर बुजुर्ग निवासी शैलेंद्र प्रताप सिंह, गुलरिहा के झुंगिया बाजार निवासी राकेश यादव, बांसगांव के धसका निवासी राधे उर्फ राधेश्याम यादव, कैंट के बेतियाहाता निवासी सत्यव्रत राय, खजनी के बसडीला निवासी सुभाष शर्मा, कैंट के बेतियाहाता में रहने वाले अजीत शाही, गीडा के मल्हीपुर निवासी प्रदीप सिंह, शाहपुर के बशारपुर निवासी सुधीर सिंह और गोरखनाथ के जटेपुर उत्तरी निवासी विनोद उपाध्याय का नाम शामिल है।

- **देवरिया :** लार के पिंडी निवासी रवि प्रताप सिंह उर्फ झूला सिंह, कोतवाली के सोनूघाट निवासी हृदयशंकर, रामपुर कारखाना के नौतन हथियागढ़ निवासी सुनील राजभर, भलुअनी के बरडीहा चंदन निवासी महेश यादव, गौरीबाजार के इंदूपुर निवासी विवेक सिंह, सलेमपुर के रामपुर बुजुर्ग निवासी अनूप सिंह उर्फ बबलू सिंह, खुखुन्दू निवासी मनीष मिश्रा, लार के सकरापार निवासी रामप्रवेश यादव, बनकटा के नोनार पांडेय निवासी अमृतांश पांडेय और रुद्रपुर के भरोहिया निवासी गुड्डू यादव का नाम शामिल है।

- **कुशीनगर :** पडरौना भिसवा लाला निवासी रूपक राय उर्फ रुपचंद, कुबेरस्थान के सेमराहर्दो निवासी अख्तर, कुबेरस्थान के पचरुखिया निवासी अफजल, तुर्कपट्टी के छहूं निवासी अमरेश यादव, हाटा के देवराजपुर पिपरा निवासी जितेंद्र चौहान, रामपुर सोहरौना के विनोद कुमार पासवान, तरयासुजान के कोइंदी बुजुर्ग निवासी दीपक गुप्ता, हनुमानगंज के बुलहवा टोला निवासी श्रीराम उर्फ रामा, छहूं तुर्कपट्टी निवासी संतोष यादव, बिशुनपुरा के दुदही निवासी गोलू मिश्रा का नाम शामिल है।

- **महराजगंज :** कोतवाली के शास्त्रीनगर निवासी रजनीश सिंह, घुघली के बेलवा टीकर निवासी अनिल गुप्ता, पनियरा के औरहिया निवासी हरेकृष्ण मिश्र, फरेंदा के धानी ढाला निवासी उमा उर्फ उमाशंकर, पुरंदरपुर के करमहवा निवासी गोविंद, नौतनवां के वार्ड नंबर 16 भुंडी निवासी टीसू उर्फ अकरम, परसा मलिक के बेलभार निवासी मुलायम यादव, सौनौली के वार्ड नंबर 10 निवासी आफताब अंसारी, चौक क्षेत्र के परसौनी निवासी अनवर अली और ठूठीबारी के जमुई कला निवासी गोविंद कुमार गुप्ता का नाम शामिल गया है।

# विचाराधीन मुकदमों में नियमित करें पैरवी

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने कहा कि विचाराधीन मुकदमों में नियमित पैरवी करें और अपराधियों को सजा दिलाने में तेजी लाएं।

पुलिस अधीक्षक, मंगलवार को मानिटरिंग सेल, कोर्ट मोहर्रिर व पैरोकारों के साथ कार्यालय सभागार में बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच शुरू होती है और 90 दिनों के अंदर पुलिस को अदालत के समक्ष केस संबंधित चार्जशीट दाखिल करनी होती है। अगर किसी जांच में देरी हो रही है तो पुलिस 90 दिनों बाद भी चार्जशीट दाखिल कर सकती है, लेकिन ऐसी परिस्थिति में आरोपी बेल का हकदार हो जाता है। इसलिए चार्जशीट दाखिल करने में तेजी लाएं। ताकि कोई भी अपराधी बच न सके और उसे कोर्ट में सजा दिलाई जा सके। अधिक से अधिक सम्मन का तामिला कराएं। विचाराधीन मुकदमों में नियमित पैरवी करें तथा कोर्ट की सुनवाई में समय से उपस्थित रहें।



कार्यालय सभागार में बैठक करते एसपी डा. कौस्तुभ ● जागरण

**एसपी ने मानिटरिंग सेल, कोर्ट मोहर्रिर व पैरोकारों के साथ बैठक कर चार्जशीट दाखिल करने में तेजी लाने के दिए निर्देश**

# पुलिस पैरवी कर जिले के टॉप 10 बदमाशों को सजा दिलाएगी

## डीआईजी के आदेश पर रेंज के चारों जिलों में टॉप बदमाशों की सूची तैयार की गई

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** पुलिस, गोरखपुर रेंज के सभी जिलों (गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज) के टॉप-10 बदमाशों के मामलों में पैरवी कर सजा दिलाएगी।

ऑपरेशन शिकंजा के तहत पुलिस अभियान चला रही है, लेकिन टॉप-10 बदमाशों की सूची में शामिल होने के बाद भी कई को कोर्ट से सजा नहीं हो पाई है। यही वजह है कि इसे प्राथमिकता में शामिल कर कोर्ट में पैरवी करने का आदेश डीआईजी जे. रविंद्र ने दिया है। उनके आदेश पर चारों जिलों के टॉप बदमाशों की सूची तैयार भी कर ली गई है।

जानकारी के मुताबिक, हरेक जिले में टॉप बदमाशों की सूची तैयार की गई थी। इन पर कार्रवाई तो पुलिस ने की, लेकिन कई ऐसे बदमाश इस सूची में शामिल हैं, जिन्हें एक भी मुकदमे में कोर्ट से सजा नहीं हो पाई है। यही वजह है कि डीआईजी ने ऑपरेशन शिकंजा को और प्रभावी बनाने का आदेश दिया है। डीआईजी के निर्देश पर सभी जिले के टॉप बदमाशों की सूची तैयार की गई है।

### ये हैं टॉप 10 बदमाश

#### गोरखपुर

**झंगहा** निवासी राघवेंद्र यादव, गुलरिहा के राकेश यादव, बेलघाट के शैलेंद्र प्रताप सिंह, बांसगांव निवासी राधे उर्फ राधेश्याम यादव, कैंट निवासी सत्यव्रत राय, खजनी निवासी सुभाष शर्मा, कैंट के अजीत शाही, गीडा के मल्हीपुर निवासी प्रदीप सिंह, शाहपुर के सुधीर सिंह, गोरखनाथ के विनोद उपाध्याय का नाम शामिल किया गया है।

#### देवरिया

**लार** निवासी रवि प्रताप सिंह उर्फ झूला सिंह, कोतवाली इलाके के हृदयशंकर, रामपुर कारखाना के सुनील राजभर, भलुअनी निवासी महेश यादव, गौरीबाजार निवासी विवेक सिंह, सलेमपुर निवासी अनूप सिंह उर्फ बबलू सिंह, खुखुंदू निवासी मनीष मिश्रा, लार निवासी रामप्रवेश यादव, बनकटा निवासी अमृतांश पांडेय का नाम शामिल गया है।

#### कुशीनगर

**पडरौना** निवासी रुपक राय उर्फ रुपचंद, कुबेरस्थान के अख्तर, कुबेरस्थान के अफजल, तुर्कपट्टी के अमरेश यादव, हाटा निवासी जितेंद्र चौहान, हाटा के विनोद पासवान, तरयासुजान निवासी दीपक गुप्ता, हनुमानगंज निवासी श्रीराम उर्फ रामा, तुर्कपट्टी निवासी संतोष यादव, विशुनपुरा निवासी गोलू मिश्रा का नाम शामिल है।

#### महराजगंज

**कोतवाली** इलाके के रजनीश सिंह, घुघली निवासी अनिल गुप्ता, पनियरा निवासी हरेकृष्ण मिश्र, फरेंदा निवासी उमा उर्फ उमाशंकर, पुरंदरपुर निवासी गोविंद, नौतनवां निवासी टीसू उर्फ अकरम, परसामलिक का मुलायम यादव, सौनौली निवासी आफताब अंसारी, परसौनी के अनवर अली और दूठीबारी के गोविंद कुमार गुप्ता का नाम शामिल गया है।

हर जिले के टॉप-10 बदमाशों की सूची तैयार कराई गई है। इन सभी के केसों की पैरवी कोर्ट में पुलिस प्राथमिकता के आधार पर करेगी, ताकि इन्हें सजा दिलाई जा सके। इसकी नियमित मानिटरिंग भी की जाएगी।

-जे. रविंद्र, डीआईजी



# तीन वारंटी गिरफ्तार

महराजगंज। फरेंदा थाना क्षेत्र के भैसहिया गांव के मारपीट समेत अन्य धारा में वांछित तीन वारंटी मंगलवार को गिरफ्तार किए गए। मोहन, रामचरन, भगवती निवासी भैसहिया टोला महुआरी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सोशल मीड़िया सेल द्वारा दी गई। संवाद

# गैर इरादतन हत्या के दोषी को दस साल सश्रम कारावास

**महराजगंज।** न्यायालय एडीजे एफटीसी प्रथम में धारा 304 के अभियुक्त लक्ष्मण प्रसाद निवासी मौलागंज पनियरा के मामले की सुनाई हुई। सभी साक्ष्यों के परीक्षण एवं गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को दस साल की सश्रम कारावास से दंडित किया है। दस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। इसे जमा न करने की दशा में अभियुक्त को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी देवेंद्र पांडेय ने बताया कि वादी परमहंस प्रसाद निवासी बड़हरा पनियरा ने 28 अगस्त 2017 को पनियरा थाने में तहरीर दिया था।

तहरीर के अनुसार परमहंस की बहन शीला की शादी लक्ष्मण निवासी मौलागंज पनियरा से हुई थी। शीला के दो बच्चे हैं। 28 अगस्त को 2017 को लक्ष्मण ने शीला को लाठी मारकर घायल कर दिया। जिससे इलाज के दौरान शीला की मौत हो गई थी। पुलिस द्वारा प्रकरण की विवेचना की न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 29-06-2022

# गंभीर अपराधों की रोकथाम व महिला सुरक्षा होगी प्राथमिकता

## डीआईजी बोले

बस्ती, निज संवाददाता। नवागत पुलिस उप महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने मंगलवार की देर शाम कार्यभार ग्रहण कर लिया। कहा कि जनसुनवाई, गंभीर अपराधों की रोकथाम के साथ ही महिला सुरक्षा प्राथमिकता होगी। इसके पहले डीआईजी विन्ध्याचल परिक्षेत्र, डीआईजी एसआइटी लखनऊ, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वाराणसी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली, एसपी रेलवे इलाहाबाद अनुभाग, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर, एसपी खीरी, एसपी बाराबंकी, एसपी रामपुर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं।

2005 बैच के आईपीएस आरके



नवागत पुलिस उप महानिरीक्षक आरके भारद्वाज

भारद्वाज ने कहा कि कानून व्यवस्था, महिला अपराध नियंत्रण, जन शिकायतों का निस्तारण व ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने पर उनका फोकस होगा। कानून का उल्लंघन करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। नशाखोरी को बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि नशा उन्मूलन के लिए समाज के साथ मिलकर काम किया जाएगा। साइबर अपराध के मामलों का निस्तारण तेजी से हो, इसके भी प्रयास किए जाएंगे।

# दो सौ लीटर अर्धनिर्मित कच्ची शराब बरामद

बस्ती। जिले के छावनी थानांतर्गत बाघानाला गांव के दक्षिण तरफ माझा क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार/ मंगलवार की रात छापेमारी की। इस दौरान मौके से 80 लीटर अवैध कच्ची शराब के अलावा 200 लीटर अर्धनिर्मित शराब के साथ पांच सौ किलो लहन बरामद की गई। लहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया। दो एल्युमिनियम पतीला, छह प्लास्टिक के 15-15 लीटर के डिब्बा, एक लोहे का ड्रम के अलावा मौके से केमिकल व यूरिया बरामद की गई है।

थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि मौके से टीम ने आरोपी विनोद निषाद को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसके दो अन्य साथियों दिनेश उर्फ भूसे और मुन्ना उर्फ सत्यम का नाम सामने आया है।

# 20 लीटर कच्ची शराब संग महिला गिरफ्तार

बस्ती। परससरामपुर पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अरविन्द शाही ने बताया कि मंगलवार की सुबह आरोपी कुशलता निवासी हरनहवा थाना परससरामपुर को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ उसके गांव से गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ धारा 60, 60(2), 63 आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# ससुरालियों पर मारपीट का आरोप, केस दर्ज

बस्ती। गौर थाने के तरैनी निवासी सुमन पत्नी रंजीत ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके पति व अन्य ससुरालियों ने अपशब्द कहते हुए उन्हें मारपीट कर धमकाया। प्रताड़ित भी किया गया।

पुलिस ने पति रंजीत सोनकर के अलावा बाबूलाल, लक्ष्मी, प्रकाश व राधा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# रेप और उत्पीड़न का मुकदमा

बस्ती। पुरानी बस्ती थाने में तहरीर देकर एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसके पति अजय ने उसका जबरन शारीरिक शोषण किया। गर्भ ठहरने पर गर्भपात करा दिया। दहेज के लिए ससुराल वालों ने प्रताड़ित किया। विरोध करने पर जानमाल की धमकी भी दी गई।

पुरानी बस्ती पुलिस ने अजय, आकाश समेत अन्य के खिलाफ आईपीसी रेप, छेड़खानी, दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बताते चलें कि महिला ने शहर के एक अन्य मोहल्ले में गैर जाति के युवक से विवाह किया था। जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

# एसपी ने मुसहा चौकी का किया उद्घाटन, क्षेत्रीय लोगों ने एसपी को सम्मानित किया

# चौकी खुली, थाने नहीं जाना पड़ेगा

**बस्ती, निज संवाददाता।** जिले के पैकोलिया थानांतर्गत नवनिर्मित पुलिस चौकी मुसहा (जिलेबीगंज) का उद्घाटन मंगलवार को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने पूजन-अर्चन के बाद फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने चौकी क्षेत्र ग्राम प्रहरियों को अंगवस्त्र भेंट किया। साथ ही चौकी परिसर में पौधरोपण किया। क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

एसपी ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कि मुसहा (जिलेबीगंज) चौकी क्षेत्र की जनता को अपने समस्या का समाधान कराने के लिए अब थाने जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। आपकी समस्या का निस्तारण आपके क्षेत्र में बनी मूसहा चौकी पर ही हो सकेगा। चौकी बनने से अपने हल्के के दरोगा और आरक्षियों से सम्पर्क स्थापित करने में भी आसानी होगी।

एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने कहा यह पुलिस चौकी आमजन के सहयोग से बनी है। अब आसानी से शिकायतकर्ता यहां पहुंच कर अपनी समस्या का निदान करा सकेंगे। बताया कि शीघ्र ही यहां पर एक उपनिरीक्षक व कुछ पुलिसकर्मी नियुक्त किए जाएंगे। सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ने कहा कि थाने से गांवों की दूरी देखकर पुलिस चौकी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

थानाध्यक्ष पैकोलिया दुर्गेश कुमार पांडेय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। ब्लॉक प्रमुख गौर प्रतिनिधि जटाशंकर शुक्ल, प्रभारी निरीक्षक गौर ब्रजेन्द्र पटेल, थानाध्यक्ष छावनी उमाशंकर त्रिपाठी, पीआरओ नरायनलाल श्रीवास्तव, एसआई ओमप्रकाश भारती, दिग्विजय सिंह राना आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन थाने की महिला आरक्षी कीर्ति सिंह ने किया।

- पैकोलिया थाने के अंतर्गत आती है नवनिर्मित मुसहा चौकी
- ग्राम प्रहरियों को अंगवस्त्र भेंटकर परिसर में पौधरोपण भी किया गया



पैकोलिया थानांतर्गत नवनिर्मित पुलिस चौकी मुसहा (जिलेबीगंज) का फीता काटकर मंगलवार को उद्घाटन करते एसपी आशीष श्रीवास्तव। • हिन्दुस्तान

## नगर थाने के पोखरे में खुलेगी पुलिस चौकी

**नगर बाजार।** नगर थाना क्षेत्र के पोखरा बाजार में नई पुलिस चौकी स्थापित होगी। मंगलवार को थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन किया। पुलिस चौकी खुलने से क्षेत्रीय जनता खुश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस चौकी खुलने से अब यहां की जनता को 11 किलोमीटर दूर चलकर नगर थाने पर नहीं आना पड़ेगा।

थाना प्रभारी नगर धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस चौकी का जल्द ही निर्माण आरंभ हो जाएगा। पुलिस चौकी खुलने से क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा मिल सकेगी।

जनता भयमुक्त होगी व अपराध व अपराधियों पर और प्रभावी ढंग से अंकुश लगाया जा सकेगा। इस मौके पर कांस्टेबल मनोज यादव, घनश्याम तिवारी, हरि राय, शशि शेखर सिंह, सुनील कुमार पटेल, राम सिंह, ऋषिकेश पाठक समेत तमाम लोग मौजूद रहे

# आर्म्स एक्ट में दो को तीन साल की सजा

बस्ती। आर्म्स एक्ट के दो आरोपितों को तीन साल के साधारण कारावास व दस-दस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। पुलिस कार्यालय के अनुसार ऑपरेशन शिकंजा में चयनित अभियोग का पैरवी सेल और थाना गौर पुलिस ने प्रभावी ढंग से की।

थाना गौर में 2009 में धारा 3/6/25ए आर्म्स एक्ट के मुकदमे में आरोपी महेश सोनी उर्फ गुड्डू सोनी निवासी वार्ड नंबर 6 कस्बा बभनान बाजार थाना गौर और राकेश तिवारी निवासी पंडित पुरवा भटहा जंगल थाना गौर जनपद को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश-6 ने मंगलवार को तीन साल के साधारण कारावास व प्रत्येक को दस हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# लड़कियों पर फब्तियां कसने वाले दो गिरफ्तार

बस्ती। नगर पुलिस ने लड़कियों पर फब्तियां कसने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाने की महिला कांस्टेबल पूजा देवी ने तहरीर देकर बताया है कि नगर के पोखरनी निवासी किशन शर्मा व कोतवाली के जखनी निवासी अमन चौरसिया सोमवार की रात पोखरनी के पास गुजरती लड़कियों पर फब्तियां कस रहे थे। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया है।

# बीयर शॉप के सेल्समैन से छिनैती की कोशिश

- वाल्टरगंज के गनेशपुर के पास की वारदात
- तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा

बस्ती, निज संवाददाता। वाल्टरगंज थानांतर्गत चैनपुर गनेशपुर के पास एक सेल्समैन से रुपया वाला बैग छिनने की कोशिश का मामला सामने आया है। एसपी आशीष श्रीवास्तव के निर्देश पर पुलिस ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

सिद्धार्थनगर के लोटन थानांतर्गत पोखराभिटवा निवासी अशोक कुमार बस्ती के वाल्टरगंज थानांतर्गत शंकरपुर गनेशपुर स्थित बीयर शॉप के सेल्समैन हैं। उन्होंने वाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर बताया है कि रविवार की रात करीब दस बजे वह बीयर की दुकान बंद करके रघुनाथपुर जाने के लिए निकला था। आरोप है कि चैनपुर गनेशपुर स्थित नहर के पास तीन बदमाशों ने रास्ते में उसकी बाइक को रोक लिया। इसके बाद तीनों उससे वह बैग छीनने लगे जिसमें बिक्री का 21 हजार पांच सौ रुपया रखा हुआ था। तीनों से उसने बचते हुए वह बैग लेकर किसी तरह वहां से भाग निकला और सूचना वाल्टरगंज पुलिस को दी।

# दुष्कर्म के आरोपी समेत दो गिरफ्तार

बस्ती। पुरानी बस्ती और परसरामपुर पुलिस ने दो वांछित आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार किशोरी को बहला-फुसलाकर कर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने की घटना में आरोपित इटावा के सहसो निवासी नीलेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही अपहृता को बरामद कर लिया गया है। वहीं परसरामपुर थाने के एसआई राजकुमार चौधरी ने धारा 60, 60(2), 63 आबकारी अधिनियम व 272 आईपीसी में वांछित आरोपी रामधनी निवासी हरनहवा को पहाड़गंज से गिरफ्तार कर लिया है।

# नवागत पुलिस उप महानिरीक्षक ने कार्यभार संभाला

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** नवागत पुलिस उप महानिरीक्षक आर के भारद्वाज ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसके पहले कार्यालय पहुंचने पर पुलिस गार्द ने उन्हें सलामी दी। बाद में उन्होंने अपने कार्यालय स्टाफ के साथ परिचयात्मक बैठक की। कहा कि जन सुनवाई, गंभीर अपराधों की रोकथाम के साथ ही महिला सुरक्षा उनकी प्राथमिकता होगी।

2005 बैच के आइपीएस आर के भारद्वाज ने मंगलवार की देर शाम डीआइजी बस्ती का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कानून व्यवस्था, महिला अपराध नियंत्रण, जन शिकायतों का निस्तारण व ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार पर जोर देते हुए कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। नशाखोरी को बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि नशा उन्मूलन के लिए समाज के साथ मिलकर काम किया जाएगा। साइबर अपराध के मामलों का निस्तारण तेजी से हो, इसके भी प्रयास किए जाएंगे।



# जिला जज, डीएम और एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण




जिला जेल का निरीक्षण कर बाहर निकलते जिला जज साथ में डीएम व एसपी ●जागरण

**जासं, बस्ती:** जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने मंगलवार को जिला कारागार बस्ती का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जेल में बंदियों के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने जेल के एक एक बैरक का निरीक्षण किया। बंदियों से बात कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। उनके मुकदमों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इसके बाद जेल स्थित अस्पताल का निरीक्षण कर उनमें भर्ती मरीजों के बारे में जानकारी ली। उनसे दवा और अन्य सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। पाकशाला में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता की जांच की। महिला बैरक में मौजूद बंदियों और उनके साथ रह रहे बच्चों की जानकारी ली। जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक त्रैमासिक निरीक्षण करने आए थे। हर तीन माह पर उनका संयुक्त निरीक्षण होता है।

# नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन

**जासं पैकोलिया, बस्ती:** पचपेड़वा चौराहा से दुबौला मार्ग पर स्थित मुसहा चौराहे पैकोलिया थाने की नई पुलिस चौकी का मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने पूजन-अर्चन व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर उद्घाटन किया।

इसके पूर्व महिला आरक्षी प्रियम मिश्रा ने उद्घाटन समारोह में गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया।एसपी आशीष श्रीवास्तव ने कहा पैकोलिया थाने के लिए मुसहा में लंबे समय से पुलिस चौकी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ऐसे में यहां पुलिस चौकी की स्थापना की गई है। पुलिस चौकी की स्थापना से इस क्षेत्र की सुरक्षा में आसानी होगी। पुलिस अधीक्षक ने बाद में चौकी परिसर में पौधारोपण भी किया। इसके अलावा ग्राम प्रहरी को गमछा देकर सम्मानित भी किया।

अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी ने कहा कि मुसहा पुलिस चौकी आमजन के सहयोग से बनी है। थाने पर जाने के लिए समय लगता था स्थानीय लोगों की समस्याएं यहीं सुन ली जाएंगी। यहां एक उपनिरीक्षक के साथ ही पुलिसकर्मी भी तैनात किए जा रहे हैं। क्षेत्राधिकारी हर्रैया शेषमणि उपाध्याय, गौर ब्लाक के प्रमुख गौर प्रतिनिधि जटाशंकर शुक्ल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन महिला आरक्षी कीर्ति सिंह ने किया।

इस दौरान गौर थाने के प्रभारी निरीक्षक ब्रजेंद्र पटेल, थानाध्यक्ष पैकोलिया दुर्गेश पांडेय, एसपी के पीआरओ नरायन लाल श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी, राजाराम तिवारी, नागेंद्र सिंह उर्फ सिंकू, दुर्गा प्रसाद मौर्य, दिग्विजय नारायण सिंह उर्फ राना सिंह, अब्दुल मलिक, आनंद सिंह उर्फ डेविड, फूलचंद यादव, रामलौट मौर्य, राम सुरेश चौधरी, अमरनरायन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



नव निर्मित पुलिस चौकी मुसहा का उद्घाटन करते पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ●जागरण

# पोखरा बाजार में नई पुलिस चौकी के लिए भूमि पूजन

**जासं, गोंडा:** नगर थाना क्षेत्र के पोखरा बाजार मे नई पुलिस चौकी के निर्माण के लिए थानाध्यक्ष नगर धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन किया। बताया कि पुलिस चौकी भवन का जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। पोखरा में पुलिस चौकी खुलने से क्षेत्र के लोगों को छोटे-छोटे विवादों को लेकर थाने पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

क्षेत्र में तैनात पुलिस कर्मियों को वर्षा,ठंडी व तेज धूप के कारण दुश्वारियों का सामना करना पड़ता था। पुलिस चौकी का निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों मे सुरक्षा का भाव पैदा होगा और अपराध पर अंकुश लग सकेगा। कांस्टेबल मनोज यादव, घनश्याम तिवारी,हरि राय,शशि शेखर सिंह आदि मौजूद रहे।



नई पुलिस चौकी के निर्माण को भूमि पूजन करते थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी •जागरण

# पुलिस बल के साथ एसपी ने किया पैदलमार्च



शहर में पैदल मार्च करते पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव व अन्य ●जागरण

**जागरण संवाददाता,बस्ती**: उदयपुर में नुपूर शर्मा के समर्थन में पोस्ट करने पर युवक की हत्या के बाद शहर में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाएं रखने के लिए पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए किसी प्रकार के अफवाह से बचने की अपील की। मंगलवार की रात आठ बजे कंपनीबाग पर एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ,सीओ सिटी आलोक प्रसाद,प्रीती खरवार,प्रशिक्षु सीओ सार्थक सेंगर, कोतवाल संजय कुमार,महिला थाने की थानाध्यक्ष भाग्यवती पांडेय सहित चौकी इंचार्ज व पुलिसकर्मी एकत्र हुए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कानून व्यवस्था के मद्देनजर पैदल मार्च किया गया है।

# शारीरिक शोषण व उत्पीड़न का आरोप, मुकदमा

**बस्ती :** एक महिला ने पुरानी बस्ती पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके पति अजय ने उसका जबरन शारीरिक शोषण किया। गर्भ ठहरने पर उसका गर्भपात करा दिया। दहेज के लिए ससुराल वालों ने उसे प्रताड़ित भी किया। विरोध करने पर जानमाल की धमकी भी दी गई। पुलिस ने आरोपित अजय तथा उसके परिवार वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# 38 साल बाद दो आरोपित बरी

## 31 साल में सरकार व अभियोजन प्रस्तुत नहीं कर सकी गवाह

**जागरण संवाददाता, बस्ती**: अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्पिता यादव ने सिद्धार्थनगर के 38 साल पुराने गबन के मामले में दो आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। सरकार और अभियोजन 31 साल में अदालत में कोई गवाह प्रस्तुत नहीं कर पाई।

घटनाक्रम के अनुसार थाना तेतरी बाजार में 16 अक्टूबर 1984 को एक मुकदमा ताराचंद निवासी महादेवा बुजुर्ग थाना तेतरी बाजार व कन्हैया लाल गुप्ता निवासी बिस्कोहर बाजार थाना तिलोकपुर वर्तमान में जिला सिद्धार्थनगर के विरुद्ध गबन का मुकदमा दर्ज कराया गया था। कहा गया था कि जिला सहकारी साधन समिति में ताराचंद सचिव पद पर तैनात था। कन्हैया सहयोगी था, ताराचंद को उसका बाजार के लिए 1983 में स्थानांतरित किया गया था, लेकिन वह तबादला के बाद भी वहां से नहीं गया।

4585 रुपये के गबन करने, स्टाक व अभिलेखों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया गया था। सिद्धार्थनगर जनपद के सृजन होने से पूर्व यह मुकदमा सुनवाई की श्रेणी में आ गया था। इसलिए इस मुकदमे को सिद्धार्थनगर जनपद न्यायालय में स्थानांतरित नहीं किया गया था। इस मुकदमे की सुनवाई स्थानीय जनपद न्यायालय के इस अदालत में चल रही थी। 1991 में आरोप पत्र तय होने के बाद यह मुकदमा गवाही में आ गया, तब से लेकर अब तक अभियोजन विभाग, पुलिस व सरकार गवाह प्रस्तुत नहीं कर पाई। कई बार पुलिस व प्रशासन के लोगों को न्यायालय द्वारा पत्र प्रेषित कर गवाह को अदालत में हाजिर करने की अपेक्षा की गई थी पर सरकार कोई भी साक्षी प्रस्तुत करने में सफल नहीं रही।

न्यायालय ने 12 मई 2022 को अभियोजन को साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर समाप्त कर दिया। न्यायालय ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुना। आरोपित के अधिवक्ता गुलाब सिंह ने कहा कि आरोपितों पर लगाए गए आरोप मनगढ़ंत हैं, कोई भी साक्षी अदालत में आकर आरोप को साबित नहीं कर पाया है। पत्रावली के अवलोकन व पक्षों का तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने दोनों आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। आरोपितों को 38 साल अदालत के चक्कर काटने पड़े। आखिरकार अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता ने उन्हें बरी कर दिया।

# 80 लीटर शराब व उपकरण के साथ एक गिरफ्तार

**विक्रमजोत, बस्ती:** छावनी पुलिस ने अवैध शराब के अपमिश्रण, निष्कर्षण व विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को छावनी पुलिस ने बाघानाला के पास माझा क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान विनोद निषाद निवासी बाघानाला को पुलिस ने मौके पर शराब बनाते समय गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो अन्य लोग भाग निकले। मौके पर तैयार 80 लीटर कच्ची शराब, 200 लीटर अर्द्ध निर्मित शराब , दो पतीला, 6 प्लास्टिक के गैलन, एक लोहे का ड्रम, केमिकल एवं यूरिया के अलावा भारी मात्रा में लहन बरामद किया गया।



# फब्तियां कसने के दो आरोपित गिरफ्तार

**बस्ती :** नगर पुलिस ने लड़कियों पर फब्तियां कसने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। महिला कांस्टेबल पूजा देवी ने तहरीर देकर बताया है कि थाना क्षेत्र के पोखरनी निवासी किशन शर्मा व कोतवाली के जखनी निवासी अमन चौरसिया सोमवार की रात पोखरनी के पास गुजरती लड़कियों पर फब्तियां कस रहे थे। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# बीयर की दुकान के सेल्समैन के साथ छिनैती का प्रयास

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** वाल्टरगंज थाने के गनेशपुर स्थित बीयर की दुकान के सेल्समैन से छिनैती के प्रयास के मामले में पुलिस ने बाइक सवार तीन बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना गनेशपुर चौकी प्रभारी इंद्रभूषण सिंह को सौंपी गई है।

सिद्धार्थनगर जिले के लोटन थानाक्षेत्र के पोखरभिटवा गांव निवासी अशोक कुमार सिक्टा रोड, गनेशपुर में स्थित बीयर की दुकान के सेल्स मैन हैं। वह थाना क्षेत्र के ही रघुनाथनपुर गांव में किराए के मकान में रहते हैं।

पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित ने बताया कि 26 जून की रात वह दुकान बंद कर बाइक से रघुनाथपुर लौट रहे थे। अभी वह सिक्टा रोड पर स्थित पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनका बैग झपट्टा मारकर छीनने की कोशिश की। बदमाश अपने मकसद में सफल नहीं हो पाए।

बताया कि बैग में उस समय बैग में 21500 रुपये मौजूद था, जो बच गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन व्यक्तियों के विरुद्ध छिनैती के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है।

# मैरेज हाल से बाइक चोरी मुकदमा

**बस्ती :** कोतवाली क्षेत्र के बड़ेवन स्थित हरिगंगा मैरेज हाल से 27 जून को एक बाइक चोरी हो गई। गोरखपुर जनपद के थाना गुल्हरिया के मुगलहा साईपुरम निवासी शुभम कुमार पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बाइक मैरेज हाल से चोरी हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।(जासं)

# ससुरालियों पर मारपीट का आरोप, मुकदमा

**बस्ती :** गौर थाने के तरैनी गांव निवासी सुमन पत्नी रंजीत ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके पति व अन्य ससुरालियों ने अपशब्द कहते हुए उन्हें मारा-पीटा व जानमाल की धमकी दी। उन्हें प्रताड़ित भी किया गया। पुलिस ने पति रंजीत सोनकर के अलावा बाबूलाल, लक्ष्मी, प्रकाश व राधा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# भूमि विवाद में मारपीट, चार पर मुकदमा

**जासं, पकोलिया:** थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में सोमवार की शाम गांव में खाद-गड्ढे की जमीन पर बुनियाद खोदकर दीवार बनाते समय दो पक्षों में विवाद हो गया।

मामले में पीड़ित रामचंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि खाद-गड्ढे की सरकारी जमीन पर सुनील कुमार, अनिल कुमार, सूरज कुमार पुत्रगण राम अदालत व राम अदालत पुत्र रामकेवल मनबढई के दम पर बुनियाद खोदकर उस पर दीवार बना रहे थे। जब रामचन्द्र, प्रभावती, ज्योति, करन कुमार व सुभावती ने दीवार बनाने से मना किया तो आरोपितों ने उन्हें लाठी-डंडा व कुल्हाड़ी के बेंट से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# न्यायालय ने आरोपी को दोषमुक्त करार दिया

**बस्ती।** न्यायालय एसीजेएम प्रथम की न्यायाधीश अर्पिता यादव की अदालत ने गबन के मामले में साक्ष्य के अभाव में आरोपी सिद्धार्थनगर जिला के त्रिलोकपुर थाना के बिस्कोहर बाजार निवासी ताराचंद गुप्ता को दोषमुक्त करार दिया है।

इस मामले में मुकदमा वर्ष 1984 में दर्ज हुआ था, जिसमें विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय को मिला। सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला सुनाया। संवाद

**व्यवस्था** एसपी ने परिसर में किया पौधरोपण, ग्राम प्रहरियों को दिया गमछा

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुसहा पुलिस चौकी का उद्घाटन

संवाद न्यूज एजेंसी

**पैकोलिया।** थाना क्षेत्र के पचपेड़वा दुबौला मार्ग पर स्थित जिलेबीगंज चौराहे के पास नवनिर्मित पुलिस चौकी मुसहा का मंगलवार को पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने वैदिक मंत्रोच्चार के दौरान फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान थाने की महिला आरक्षी प्रियम मिश्रा ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

एसपी ने अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह से नया वृक्ष रोपकर देखभाल व सिंचाई की जाती है और बड़ा होने पर वही पेड़ अनेक लाभ देता है। पैकोलिया थाने के लिए ठीक उसी प्रकार से मुसहा पुलिस चौकी जन आकांक्षाओं के लिए सुविधाजनक व फायदेमंद साबित होगी। इससे स्थानीय आमजन को सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में एसपी ने पौधरोपण भी किया और ग्राम प्रहरियों को गमछा देकर सम्मानित किया। कार्यशैली और प्रतिबद्धता के लिए थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय की एसपी ने सराहना की। एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने कहा यह पुलिस चौकी आमजन के सहयोग से बनी है। अब आसानी से शिकायतकर्ता यहां पहुंच कर अपनी समस्या का निदान करा सकेंगे। बताया कि शीघ्र ही यहां पर एक उपनिरीक्षक व कुछ पुलिसकर्मी नियुक्त किए जाएंगे। क्षेत्राधिकारी हरैया शेषमणि उपाध्याय ने कहा कि थाने से गांवों की दूरी देखकर पुलिस चौकी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख गौर प्रतिनिधि जटाशंकर शुक्ल ने कहा कि मुसहा के आसपास रहने वाले गांव के व्यक्तियों के लिए यह पुलिस चौकी सुविधाजनक साबित होगी। कार्यक्रम का संचालन थाने की महिला आरक्षी कीर्ति सिंह ने किया।

इस दौरान पीआरओ नारायन लाल श्रीवास्तव, छावनी थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी व गौर प्रभारी निरीक्षक बृजेन्द्र पटेल, एसआई ओम प्रकाश भारती, संदीप यादव, प्रेमशंकर शुक्ल के अलावा राजाराम तिवारी, अमरदीप शुक्ल, नागेन्द्र उर्फ सिंकू सिंह, दुर्गा प्रसाद मौर्य, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिग्विजय सिंह राना, अब्दुल मलिक, डेविड, अखिलेश श्रीवास्तव, फूलचंद यादव, मन्ना दुबे, रामलौट मौर्य, राम सुरेश चौधरी, अमर नरायन सिंह, पंडित अमन शुक्ल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



मुसहा पुलिस चौकी का उद्घाटन करते एसपी आशीष श्रीवास्तव। संवाद

## पोखरा में खुलेगी नई पुलिस चौकी, हुआ भूमि पूजन

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर थाना क्षेत्र के पोखरा बाजार में नई पुलिस चौकी का निर्माण होगा। इसके लिए थाना प्रभारी नगर धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने मंगलवार को विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन किया। पुलिस चौकी खुलने से क्षेत्र की जनता में हर्ष का माहौल है। लोगों का कहना है कि पुलिस चौकी खुलने से अब यहां की जनता को 11 किलोमीटर दूर चलकर नगर थाने पर नहीं आना पड़ेगा। थाना प्रभारी नगर धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस चौकी का जल्द ही निर्माण शुरू हो जाएगा। पुलिस चौकी खुलने से क्षेत्र के लोगों को सहूलियत मिलने के साथ जनता भयमुक्त होगी व अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सकेगा। इस मौके पर कांस्टेबल मनोज यादव, घनश्याम तिवारी, हरि राय, शशि शेखर सिंह, सुनील कुमार पटेल, राम सिंह, ऋषिकेश पाठक समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संवाद

# नवागत डीआईजी ने देर शाम पदभार ग्रहण किया

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। परिक्षेत्र के नवनियुक्त पुलिस उपमहानिरीक्षक आरके भरद्वाज ने मंगलवार देर शाम कार्यभार ग्रहण किया।

2005 बैच के आईपीएस अधिकारी भारद्वाज इसके पहले डीआईजी विंध्याचल परिक्षेत्र, डीआईजी एसआईटी लखनऊ, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वाराणसी, एसपी सुरक्षा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली, एसपी रेलवे इलाहाबाद अनुभाग,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के अलावा एसपी खीरी ,एसपी बाराबंकी, एसपी रामपुर समेत प्रदेश के कई जिले के पुलिस अधीक्षक पद पर रह चुके हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से जन्तु विज्ञान से मास्टर आफ साइंस की उपाधि ग्रहण की है। यूएस ट्रेनिंग एकेडमी मायोक नार्थ कारोलिना (यूएसए) से एटीए पोस्ट ब्लास्ट इनवेस्टीगेशन कोर्स, नेशनल पुलिस एकेडमी हैदराबाद एंड चार्ल्स स्टूर्ट यूनिवर्सिटी मेलबार्न आस्ट्रेलिया से मिड कॅरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम फेज-3 एवं नेशनल इंटेलेक्चुअल प्रापर्टी राईटस कार्डिनेशन सेन्टर हांगकांग से इंटेलेक्चुअल प्रापर्टी इनफोर्समेन्ट वर्कशाप किया है। इन्हें वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री से कुंभ सेवा मेडल प्रदान किया गया जा चुका है।

## सड़क हादसे में मौत, मुकदमा

**बस्ती।** कलवारी थाने पर तहरीर देकर नगर थाने के पोखरनी निवासी महन्थ सिंह का आरोप है कि झिनकू लाल इंटर कॉलेज कुसौरा बाजार के पास उनके बड़े भाई के दामाद की बाइक में एक ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक ठोकर मार दी। बाइक से गिरकर दामाद को गंभीर चोट आई और इलाज के लिए जाते वक्त दम तोड़ दिया। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। संवाद

## लड़कियों पर फब्तियां कसने वाले दो गिरफ्तार

**बस्ती।** नगर पुलिस ने लड़कियों पर फब्तियां कसने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाने की महिला कांस्टेबल पूजा देवी ने तहरीर देकर बताया है कि नगर के पोखरनी निवासी किशन शर्मा व कोतवाली के जखनी निवासी अमन चौरसिया सोमवार की रात पोखरनी के पास गुजरती लड़कियों पर फब्तियां कस रहे थे। पुलिस ने दोनों पर मुकदमा दर्ज किया है।

## पति पर दर्ज कराया रेप व उत्पीड़न का मुकदमा

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाने में तहरीर देकर एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसके पति अजय ने उसका जबरन शारीरिक शोषण किया। गर्भ ठहरने पर गर्भपात करा दिया। दहेज के लिए ससुराल वालों ने प्रताड़ित किया। विरोध करने पर जानमाल की धमकी भी दी। पुरानी बस्ती पुलिस ने अजय, आकाश समेत अन्य पर आईपीसी रेप, छेड़खानी, दहेज उत्पीड़न व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

## न्यायाधीश ने किया कारागार का निरीक्षण

**बस्ती।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार, डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष श्रीवास्तव ने मंगलवार शाम जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल के बैरक, पाठशाला, अस्पताल, मेस आदि देखा। बंदियों और कैदियों से वार्ता कर स्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों ने मौजूद सभी जेल कर्मियों को सख्त हिदायत दी कि उनसे अपेक्षित समस्त कार्रवाईयों का निर्वहन पूर्ण/सही तरीके से करें। साथ ही मैनुअल के मुताबिक कैदियों व बंदियों को अनुमन्य सुविधाएं देने को कहा। इस दौरान जेल अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। संवाद

# कच्ची शराब बनाते एक गिरफ्तार, दो लोग हुए फरार

**विक्रमजोत।** छावनी पुलिस ने मंगलवार को छापा मारकर बाघानाला के माझा क्षेत्र में कच्ची शराब बनाते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

उसके पास से 80 लीटर कच्ची शराब, 200 लीटर अर्धनिर्मित शराब, 500 लीटर लहन, दो पतीला, 15-15 लीटर के छह प्लास्टिक के डिब्बे, लोहे का ड्रम व केमिकल एवं यूरिया बरामद की गई। मौके पर पहुंची पुलिस को देख कर दो आरोपी मौके से भागने में सफल रहे। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी की पहचान विनोद निषाद निवासी बाघानाला के रूप में हुई। विनोद ने बताया कि फरार आरोपी उसके सगे भाई दिनेश उर्फ भूसे व मुन्ना उर्फ सत्यम हैं। थानाध्यक्ष छावनी उमाशंकर तिवारी ने बताया कि तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत कर एक को न्यायालय भेजा जा रहा है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। छापे के दौरान थानाध्यक्ष के अलावा चौकी प्रभारी विक्रमजोत योगेंद्र कुमार, उप निरीक्षक वीरेंद्र यादव, कांस्टेबल सूरज, राहुल सिंह, अरविंद यादव, अखिलेश सिंह व महिला कांस्टेबल श्वेता चौरसिया शामिल रहे। संवाद

**अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही पुलिस**

# ससुरालियों पर मारपीट का आरोप, केस

**बस्ती।** गौर थाने के तरैनी निवासी सुमन पत्नी रंजीत ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके पति व अन्य ससुरालियों ने अपशब्द कहते हुए उन्हें मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने पति रंजीत सोनकर,बाबूलाल, लक्ष्मी, प्रकाश व राधा पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# किशोरी को भगा ले जाने का मुकदमा

**बस्ती।** कलवारी थाने पर तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया है कि उनकी चौदह वर्षीय बेटी को गांव का रहने वाला रवि बहला-फुसलाकर 24 जून की भोर में भगा ले गया। जानकारी होने पर आरोपी के घरवालों को उलहना दी तो अपशब्द कहते हुए मारने के लिए दौड़ा लिया। जानमाल की धमकी भी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद



डीएम प्रियंका निरंजन ने बाबा भद्रेश्वर नाथ मंदिर का किया निरीक्षण। संवाद

# डीएम ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर भद्रेश्वर नाथ मंदिर का जायजा लिया

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** आगामी सावन माह में कावड़ यात्रा के मद्देनजर डीएम प्रियंका निरंजन ने अधिकारियों के साथ बाबा भद्रेश्वरनाथ मंदिर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने पूजा-अर्चना की तथा सफाई एवं अन्य व्यवस्था समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

पीडब्ल्यूडी की ओर से मंदिर से पहले सीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। डीएम ने इसके दोनों किनारे पर मिट्टी भरवाने का सहायक अभियंता को निर्देश दिया। उन्होंने मंदिर के चारों ओर भ्रमण करके श्रद्धालुओं के आने-जाने का अलग-अलग मार्ग निर्धारित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर एडीएम अभय कुमार मिश्र, एसडीएम सदर सूरज यादव, तहसीलदार इन्द्रमणि तिवारी, सीओ आलोक प्रसाद, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, नायब तहसीलदार के.के. मिश्रा, मंदिर के पुजारी तथा स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# जिले में प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोकथाम के लिए अभियान आज से

## शासन के निर्देश पर तीन जुलाई तक चलेगा अभियान, होगी कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शासन की पहल पर जिले में प्लास्टिक प्रयोग के लिए रोकथाम का पांच दिवसीय अभियान बुधवार से शुरू हो जाएगा।

इसके तहत सिलसिलेवार प्रतिदिन जहां जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, वहीं प्लॉस्टिक प्रयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। यही नहीं सफाई अभियान व कचरा इकट्ठा करने वाले ग्रीन हीरोज को सम्मानित किया जाएगा।

प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सख्त हुए शासन ने मुख्य सचिव दुर्गा प्रसाद मिश्र के जरिए सिंगल यूज प्लॉस्टिक पर पूरी तरह से पाबंदी लगाने का फरमान जारी किया है। इसके तहत जिले में 29 जून से तीन जुलाई तक विधिवत पांच दिवसीय जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। आवास एवं शहरी नियोजन, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, युवा कल्याण विभाग व रेलवे के अलावा कई विभाग इस अभियान का हिस्सा बनेंगे। नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी समेत जिला प्रशासन से नामित नोडल अधिकारी इसका पर्यवेक्षण करेंगे।

### यहां चलेगा स्वच्छता अभियान

जिला कार्यक्रम प्रबंधक अभय कुमार श्रीवास्तव और जिला समन्वयक अनुज सिंह के अनुसार पूरे परिवेश को प्लॉस्टिक के प्रयोग से मुक्त करने के लिए यह अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत सड़क किनारे खाली प्लॉट समेत अन्य जगहों पर प्रतिबंधित प्लॉस्टिक को हटाया जाएगा। बताया कि बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, रेलवे लाइन, विद्यालय परिसर, विभिन्न विभागों के परिसर, अस्पताल परिसर व अन्य सार्वजनिक अथवा निजी परिसरों पर प्लॉस्टिक प्रयोग रोका जाएगा।

### नगर पालिका ने की तैयारी

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अखिलेश त्रिपाठी के अनुसार 29 जून को शपथ, सफाई व कार्यशाला, 30 जून को शपथ, स्वच्छता अभियान व ईको मेला, पहली जुलाई को शपथ, स्वच्छता अभियान व झोला बैंक की स्थापना के साथ प्रदर्शनी, दो जुलाई को शपथ व स्वच्छता अभियान व तीन जुलाई को शपथ, सफाई अभियान व कचरा इकट्ठा करने वाले और ग्रीन हीरोज को सम्मानित किया जाएगा।

# टॉप-5 हिस्ट्रीशीटरों पर शिकंजा कसने की रणनीति तैयार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** थाने के टॉप-5 हिस्ट्रीशीटरों पर शिकंजा कसने के लिए नई रणनीति तैयार की गई है। जिसमें उनके मुकदमों की सूची बनाने के बाद पुलिस कोर्ट में प्रभावी पैरवी करके उन्हें सजा दिलाएगी। साथ ही उनकी निगरानी भी की जाएगी कि वे इस समय अपराध में सक्रिय हैं कि नहीं। यह सब एडीजी जोन अखिल कुमार के निर्देश पर किया जा रहा है।

एडीजी ने निर्देश दिया है कि थाने का एक दरोगा एक माफिया के पीछे लगेगा। इसी प्रकार एक हिस्ट्रीशीटर के पीछे भी एक दरोगा लगेगा। हर थाने की पुलिस अपने-अपने थाने के टॉप 5 माफिया और टॉप 5 हिस्ट्रीशीटर की सूची बनाएगा और उन पर कार्रवाई कराएगा।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि निर्देश के मुताबिक हिस्ट्रीशीटरों की सूची तैयार की जा रही है। साथ ही उन पर शिकंजा कसने के लिए उपनिरीक्षकों को नामित किया जा रहा है। जिले में कोतवाल समेत कुल 16 थाने हैं। जिनमें पुरानी बस्ती, वाल्टरगंज, सोनहा, रुधौली, मुंडेरवा, लालगंज, कलवारी, नगर बाजार, दुबौलिया, कप्तानगंज, हर्रैया, छावनी, परशुरामपुर, पैकोलिया, गौर थाना शामिल है। इन थानों में सक्रिय हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ पुलिस अभियान चलाती रहती है ताकि आम आवाम उनसे भयग्रस्त न रहे और लोगों में कानून-व्यवस्था के प्रति विश्वास कायम रहे। इस कड़ी में नई पहल करते हुए एडीजी जोन ने थानावार पांच-पांच हिस्टशीटरों को चिन्हित करके उन पर शिकंजा कसने की योजना तैयार की है। इस पहल में खास बात यह है कि इसमें एक-एक हिस्ट्रीशीटर के पीछे एक दरोगा को लगाया जा रहा है। वहीं, दरोगा संबंधित पर दर्ज मुकदमों की सूची तैयार करके उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करेगा। उन मुकदमों की पैरवी करके हिस्ट्रीशीटरों को सजा दिलाने का प्रयास करेगा। एसपी के मुताबिक इस पहल से पुलिस की छवि बेहतर होगी व अपराधियों में कानून का डर पैदा होगा।

## प्रत्येक हिस्ट्रीशीटरों के पीछे लगेंगे दरोगा, करेंगे कार्रवाई

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 29-06-2022

# साइबर ठगों के चंगुल से खाते में वापस कराया 48500 रुपये

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** साइबर क्रिमनल के चंगुल में फंसकर 49712 रुपये का ठगी का शिकार हुए एसएसबी के निरीक्षक बृजनंद का साइबर सेल की टीम के प्रयासों से खाते में वापस कराने में सफलता हासिल किया है। साइबर ठगों के गिरफ्त से पैसा खाते में वापस आते ही एसएसबी के निरीक्षक के चेहरे खुशी से चमक उठे और उन्होंने इसके लिए साइबर सेल की पूरी टीम व पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**मैसेज पर क्लिक करते ही साइबर ठगों ने एसएसबी के निरीक्षक बृजनंद के खाते से उड़ा दिया था 49712 रुपये**

ठगी का शिकार हुए एसएसबी के निरीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत को बताया कि शनिवार उनके मोबाइल पर एक लिंक आया हुआ था, जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया खाते से 49712 रुपया साइबर क्रिमनलो ने उड़ा दिया, इसकी सूचना जोगिया कोतवाली को दिया, तो वहाँ पर बताया गया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय कैंपस में साइबर सेल है, वहां पर अपनी समस्या बताइए, जब साइबर सेल पहुंचा तो वहाँ पर साइबर सेल प्रभारी पंकज पाण्डेय, व दिलीप द्विवेदी से मुलाकात हुई, अपनी समस्या को मैंने बताया, तो उनके द्वारा बताया गया कि आप परेशान मत होइए आपका पैसा आपके खाते में वापस आ जायेगा। उन्होंने बताया कि मुझे तो विश्वास ही नही था कि पैसा अब खाते में वापस आएगा; काफी निराश हो गया था, लेकिन साइबर सेल की टीम के प्रयास से जब खाते में 48500 रुपये वापस आ गया। साइबर-टीम के इस सराहनीय कार्य के लिए एसएसबी के निरीक्षक बृज नंद द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई। पैसा वापस कराने वाली साइबर टीम में साइबर सेल प्रभारी पंकज पाण्डेय, अतुल चौबे, आशुतोष जायसवाल, अजय यादव का योगदान रहा।



पुलिस टीम का धन्यवाद करते एसएसबी कर्मी। फोटो : एसएनबी

# तहसील में एक व्यक्ति की पिटाई, केस

डुमरियागंज। डुमरियागंज तहसील परिसर में मंगलवार को एक व्यक्ति को आधा दर्जन दबंगों ने घेर कर मारा पीटा इससे उसे काफी चोटें आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है।

इटवा थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी रविंद्र शुक्ला पुत्र यदुनाथ प्रसाद ने डुमरियागंज पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि वह एक मामले को लेकर अपने अधिवक्ता के पास बैठा था तभी डुमरियागंज थाना क्षेत्र के मझौवा गांव निवासी पंकज पाण्डेय व उनके साथ करीब आधा दर्जन लोग पहुंच गए। सभी ने एक साथ हमला बोल दिया। थानाध्यक्ष सूर्यभान सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर एक नामजद व अन्य के विरूद्घ मुकदमा लिखा गया है। जांच के लिए मौके पर पुलिस को भेजी है।

# महिला से चेन स्नेचिंग, कट्टा लहराते भाग निकला

बढ़नी, हिन्दुस्तान संवाद। ढेबरुआ थाना के बढ़नी कस्बे में मंगलवार की सुबह एक महिला के साथ चेन स्नेचिंग की घटना हो गई। चेन छीनने वाले को भीड़ ने दौड़ा कर पकड़ने का प्रयास किया तो वह कट्टा लहराते हुए भाग निकला। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान में जुटी है।



चेन स्नेचिंग की शिकार महिला



सीसीटीवी में नज़र आया स्नेचर

> घटनास्थल के आसपास के दुकानों में लगे सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही इसमें शामिल आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।
>
> -हरिओम कुशवाहा, एसओ, ढेबरुआ

मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे बढ़नी कस्बे के चट्टी बाजार निवासी कांति देवी पत्नी राम कीर्ति बस स्टाप स्थित समय माता स्थान से पोस्ट आफिस रोड होते हुए अपने घर जा रही थी। घर से 50 मीटर पहले तुफैल होजरी के घर के पास पहुंची थी कि पहले से घात लगाकर बैठे एक स्नेचर ने उसके गले से सोने का चेन (23 ग्राम) खींच लिया। महिला के शोर मचाने पर आस-पास के लोगों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वह कट्टा लहराने लगा। डरकर लोग पीछे हट गए। वह एक गली से होते भागने में कामयाब रहा। इसकी जानकारी बढ़नी चौकी इंचार्ज को दी गई। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे चौकी इंचार्ज ने घटनास्थल के आस-पास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगाला तो पता चला कि स्नेचर काफी देर से एक क्राकरी की दुकान के सामने बैठा हुआ था। वह अपने चेहरे पर काले रंग का मास्क पहने हुए हुए था। चेहरा स्पष्ट नहीं हो पाया। पीड़ति महिला ने ढेबरुआ थाने पर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।



खेसरहा थाना का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी अमित कुमार आनंद । ● हिन्दुस्तान

# एसपी ने खेसरहा थाना देखा अपराध रोकने के निर्देश

**निरीक्षण**

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एसपी अमित कुमार आनंद ने खेसरहा थाना का मंगलवार को निरीक्षण किया। उन्होंने अपराधियों पर कार्रवाई व अपराध नियंत्रण का निर्देश दिया। उन्होंने पत्रावलियों का निरीक्षण भी किया।

खेसरहा थाना पहुंचे एसपी ने संतरी ड्यूटी, मालखाना, सीसीटीएनएस कक्ष, थाना परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर, भूमि-विवाद रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर, एससीएसटी रजिस्टर एवं मालखाना रजिस्टर का निरीक्षण किया। प्रविष्ठियां अपूर्ण पाए जाने पर अभिलेखों को तत्काल पूर्ण करने का निर्देश दिया। वाहन चोरी, लूट, नकबजनी, चोरी, महिलाओं से होने वाले छेड़छाड़/अपराध की घटनाओं पर रोकथाम एवं सघन चेकिंग के लिए सायंकाल नियमित पेट्रोलिंग, रात में पैदल गश्त व पिकेट ड्यूटी का निर्देश दिया। उन्होंने मातहतों से कहा कि वह निष्पक्ष तरीके से पीड़ितों को न्याय दिलाएं।

## एक नजर में

# पुलिस अधीक्षक ने जोगिया कस्बे में किया फ्लैग मार्च

जोगिया : मंगलवार देर शाम जोगिया कस्बे में नवागत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने फ्लैग मार्च कर कस्बावासियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। फ्लैग मार्च के दौरान कस्बे में सड़क की पटरी पर खड़े वाहनों के स्वामियों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान कोतवाली एसओ दिनेश कुमार सरोज, एसआइ राजेश शुक्ला आदि मौजूद रहे। (जासं)

# ठगी के शिकार इंस्पेक्टर के रुपये वापस कराए

## साइबर क्राइम

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एसएसबी के इंस्पेक्टर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने के चक्कर में साइबर फ्राड का शिकार हो गए थे। ठगों ने उनके खाते से 49 हजार रुपये उड़ा लिए थे जिसमें से सइबर सेल से साढ़े 48 हजार उनके खाते में मंगलवार को वापस करा दिया।

एसएसबी निरीक्षक बृजनन्द कुमार ने पुलिस से शिकायत की कि उन्हें अपने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ानी थी। अज्ञात व्यक्ति ने उनसे संपर्क कर पूछताछ की और उनके खाता से 49712 रुपये उड़ा लिया है। मामला साइबर सेल तक पहुंचा तो उसने जांच शुरू करते हुए साइबर ठगों का पता लगाना शुरू किया। अंत में साइबर सेल टीम के प्रभारी पंकज पाण्डेय, आरक्षी अतुल चौबे, आशुतोष जायसवाल व अजय यादव को कामयाबी मिल गई। उन लोगों ने ठगों से 48500 रुपये एसएसबी इंस्पेक्टर के खाते में वापस करा दिया। पैसा वापसी के बाद एसएसबी इंस्पेक्टर एएसपी सुरेश चंद्र रावत से मिले और साइबर सेल की प्रशंसा की।

# पुलिस ने शांति भंग में तीन को किया गिरफ्तार

कपिलवस्तु : नोनहवा गांव में हुई मारपीट की घटना का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने तीन लोगों का चालान शांतिभंग में कर दिया। आरोपितों के नाम शमशाद, रामबचन, नूरहसन है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक किशोरीलाल चौधरी, घनश्याम यादव शामिल रहे। (जासं)

# पाक्सो एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

जासं, सिद्धार्थनगर: गल्हौरा पुलिस ने मंगलवार को मारपीट व पाक्सो एक्ट के आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसओ छत्रपाल सिंह ने बताया कि आरोपित को बहादुरगंज चौराहे से पकड़ा गया। उसे कोर्ट भेजा गया है।

पति- पत्नी साथ रहने को राजी: सिद्धार्थनगर: महिला थाने में नई किरण का आयोजन किया गया है। तीन पत्रावलियां प्रस्तुत की गईं। सुलह-समझौते के आधार पर पति-पत्नी साथ रहने को राजी हो गए। थाना प्रभारी मीरा चौहान, सविता सिंह, अनिशा सरोज, नेहा सिंह ने अहम भूमिका निभायी।

**यह और अन्य खबरें देखें–**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# मुसीबत में 7 .39 मिनट में मौके पर पहुंच रही पुलिस

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: मुसीबत में हैं तो डायल 112 नंबर डायल करते ही 7.37 मिनट में जनपद की पुलिस मौके पर पहुंच जा रही है। इसका औसत समय 7 मिनट 39 सेकंड है। जोन में सबसे कम समय में घटना स्थल पर पहुंचने में पुलिस दूसरे स्थान पर है। महराजगंज की पुलिस 7.29 सेकंड में मौके पर पहुंचकर जोन में पहले स्थान पर है। वहां की पुलिस के पहुंचने का औसत समय सात मिनट 29 सेकंड है।

पुलिस विभाग त्वरित मदद के लिए 112 की सेवा कुछ वर्ष पूर्व शुरू किया था। पहले सूचना पर मौके पर पहुंचने में पुलिस को 20 मिनट से अधिक का समय लगता था। कम समय में पुलिस पहुंचे इसके लिए 112 के डीजीपी अशोक कुमार ने प्रयास शुरू हुआ। सभी जनपदों को कम समय में मौके पर पहुंचने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए निर्देश मिला। इसके बाद समय में सुधार का प्रयास शुरू हुआ। 112 सेवा का कंट्रोल रूम पुलिस लाइन में स्थापित किया गया है। वहां काल रिसीव करने के लिए पहले की अपेक्षा शिफ्टवार ड्यूटी लगाए जाने लगी। इसका नतीजा भी दिखने लगा। पिछले माह यह समय आठ मिनट से अधिक था। पुलिस एटीआर (एक्शन टेकन रिपोर्ट) भर रही है।



घटना-दुर्घटना होने पर 112 से जुड़ी पुलिस कम समय में मौके पर पहुंच रही है। प्रदेश के रैंकिंग में आठवां स्थान हासिल किया है। यह विभाग के लिए गौरव की बात है।

**सुरेश चंद्र रावत**, अपर पुलिस अधीक्षक

**ऐसे 112 की पुलिस करती है कार्य:** कंप्यूटर पर ही फार्म भरने के बाद काल डीओ (डिस्पैच आफिसर) को फारवर्ड की जाती है। इंटरनेट पर मूवमेंट देखकर घटना स्थल के करीब होने वाली गाड़ी को सूचना दी जाती है। यह सूचना गाड़ी में लगे एमडीटी (मोबाइल डाटा टर्मिनल) पर जाती है। वाहन पर काम करने वाले पुलिसकर्मी मौके पर कार्रवाई करते हुए इसकी सूचना कंट्रोल रूम को एटीआर के तहत देते हैं।

## जोन के जिलों का यह है पहुंचने का समय

| प्रदेश में स्थान | जनपद | पहुंचने का समय ग्रामीण क्षेत्र | शहरी क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 7वां | महराजगंज | 7.29 | 7.29 |
| 8वां | सिद्धार्थनगर | 7.47 | 7.37 |
| 16वां | कुशीनगर | 8.21 | 7.55 |
| 24वां | बस्ती | 8.37 | 7.36 |
| 38वां | संतकबीरनगर | 9.03 | 8.46 |
| 46वां | देवरिया | 9.25 | 8.10 |
| 48वां | गोरखपुर | 9.52 | 8.29 |

# खोला लिंक, खाते से गायब हो गया 49712 रुपये

जासं,सिद्धार्थनगर: मोबाइल पर आए एक लिंक को खोलते ही एसएसबी में बतौर निरीक्षक तैनात बृजनन्द कुमार के बैंक खाते से 49712 रुपये गायब हो गया। उन्होंने बैंक के हेल्पलाइन से मदद मांगी। धन वापस नहीं आने पर उसने पुलिस की साइबर सेल के प्रभारी पंकज कुमार पांडेय से मिले। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए खाता हैक निकाले गए धन को 24 घंटे के अंदर वापस कराया। मंगलवार को जवान ने एएसपी से मिलकर पुलिस के प्रति आभार जताया है। साइबर सेल प्रभारी पांडेय ने बताया कि एसएसबी जवान के मोबाइल पर एक ठगों ने एक लिंक भेजा। क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की जानकारी देते हुए लिंक खोलने को कहा। जैसे ही उन्होंने इसे खोला बैंक खाते से से पहली बार में 39712 व दूसरी बार में 10 हजार रुपये निकाल लिया गया। रुपये वापस कराने में सेल के प्रभारी, अतुल चौबे, आशुतोष जायसवाल, अजय यादव ने अहम भूमिका निभाई। साइबर सेल प्रभारी पांडेय ने कहा कि फ्राड करने वालों की ओर से मोबाइल नंबर पर लिंक भेजा जाता है। इसे कदापि न खोलें। इसके खोलते ही ठग के पास मोबाइल में मौजूद डिटेल पहुंच जाएगी।



बैंक खाते में धन वापस आने के बाद साइबर सेल के प्रभारी के साथ एएसपी सुरेशचंद्र रावत से मिलते एसएसबी के निरीक्षक बृजनन्द कुमार ● जागरण

# पीड़ितों के साथ अच्छा व्यवहार करें पुलिसकर्मी

जागरण संवाददाता, खेसरहा, सिद्धार्थनगर : कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए नवागत एसपी अमित कुमार आनंद ने सोमवार को देर शाम खेसरहा थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना क्षेत्र के आपराधिक गतिविधियों एवं घटनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। संतरी ड्यूटी, थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, मेस का निरीक्षण कर थाना परिसर की सफाई व्यवस्था और बेहतर करने के लिए थाना प्रभारी अशोक कुमार वर्मा को निर्देशित किया।

इस दौरान उन्होंने एससी एसटी, भूमि विवाद, महिला उत्पीड़न, समाधान दिवस तथा मालखाना रजिस्टर का गहनता से अवलोकन किया। कुछ रजिस्टर अपूर्ण पाएं जाने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तुरंत अभिलेख पूर्ण करने के लिए निर्देशित भी दिए।

क्षेत्र में वाहन चोरी, लूट, नकबजनी, चोरी, महिलाओं से होने वाले अपराध की घटनाओं पर रोकथाम एवं त्वरित कार्रवाई करने को कहा। वारंटी एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, वाहन चेकिंग, रात्रि गश्ती, बैंक एटीएम पर भी पैनी नजर रखें। थाने पर आने वाले फरियादियों से पुलिस कर्मी सलीके से पेश आएं। सभी लोग अपना कार्य पूरी ईमानदारी तथा निष्पक्ष तरीके से करें। किसी भी प्रकार कि शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपनिरीक्षक संजीत सिंह, शिव कुमार यादव, रामफल चौरसिया, आरक्षी जयसिंह चौरसिया, अनूप कुमार आदि मौजूद रहे।



खेसरहा थाने का निरीक्षण करते एसपी अमित कुमार आनंद ( मध्य में ) ● जागरण

# जूट के बोरे से गैस सिलेंडर की आग पर पा सकते हैं काबू

जासं, बांसी : मंगलवार को विकास खंड के सभाकक्ष में आग से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। अग्निशमन विभाग की टीम से फैलाई जा रही इस जागरूकता में लोगों को इसकी तकनीकी जानकारी दी जा रही है।

अग्निशमन टीम के प्रभारी नसीमुद्दीन खान ने आग से कैसे करें बचाव इसका प्रशिक्षण ब्लाक कर्मियों व ग्राम प्रधानों को दिया। प्रशिक्षण में ज्वलनशील पदार्थ में लगी आग से कैसे बचा जाए इसके लिए एक गैस सिलेंडर में आग लगा उसे बुझाने का तरीका प्रयोग विधि से बताया। उन्होंने कहा गैस सिलेंडर में लगी आग को बुझाने में जूट के बोरे को भिगा कर आग पर मारें इससे आग पर काबू पाया जा सकता है। आग लगने के सबसे अधिक मामले गेहूं कटाई के बाद देखने को मिलते हैं। आग से जीवन व संपत्ति की रक्षा करने के लिए छोटी छोटी जानकारी सभी को रखनी चाहिए। और इससे समाज को भी जागरूक करें । अग्निशमन टीम में एलएफएम जगदीश यादव, रामबचन यादव, दीनदयाल सहित खंड विकास अधिकारी सच्चिदानंद शुक्ल, एडीओ पंचायत जय प्रकाश राय, परशुराम मणि, रिन्कू आदि उपस्थित रहे।



ब्लाक सभाकक्ष में आग से बचाव के उपाय बताते अग्निशमन विभाग कर्मी ● जागरण

# महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस ने किया जागरूक

जासं, बांसी, सिद्धार्थनगर : शुक्रवार को शिवनगर थाना ड़िडई क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोल्हौरा में एसपी महिला बीट पुलिस की अगुवाई में महिला सशक्तीकरण अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक किया गया। इसमें महिला पुलिस सावित्री त्रिपाठी,दीक्षा यादव ने गांव की महिलाएं एवं लड़कियों को सरकार की ओर से किए गए सुरक्षा इंतजाम व योजनाओं की जानकारी दिया। 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड लाइन के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया गया कि महिलाओं अथवा बच्चियों के सुरक्षा हेतु पुलिस सदैव तैयार है। यदि उन्हें किसी तरह की कोई समस्या होती है,तो ऊपर बताए गए निम्न हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। काल करने के बीस से पच्चीस मिनट में पुलिस आपके सुरक्षा में पहुंच जाएगी।

# दुष्कर्म के प्रयास में तीन आरोपित गिरफ्तार

जासं, बांसी, सिद्धार्थनगर : बीते 20 जून को एक दुकान पर सामान लेने गई नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने के प्रयास में नामजद तीन आरोपितों को पुलिस मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपितों में दो नाबालिग बताए जा रहे हैं।

गोल्हौरा पुलिस ने तीनों को थाना क्षेत्र के बांसी – इटवा मार्ग स्थित बहादुरगंज चौराहे से गिरफ्तार कर किया। सभी मुकदमा दर्ज होने की खबर सुन कहीं भागने की फिराक में थे। थानाध्यक्ष छत्रपाल सिंह का कहना है कि इस मामले में पीड़िता की मां ने सोमवार को मुकदमा दर्ज कराया था। उसके बाद नाबालिग पीड़िता को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया था। चिकित्सकीय रिपोर्ट के अनुसार धाराओं में तब्दीली की जाएगी।

# साइबर सेल ने खाते में वापस कराई रकम

**सिद्धार्थनगर।** क्रेडिट कार्ड की रकम की लिमिट बढ़ाने के नाम पर एसएसबी के निरीक्षक से ठगी हो गई। उसके बाद साइबर सेल की सक्रियता से उनकी रकम वापस उनके खाते में आ गई। टीम की सक्रियता से 49,712 रुपये उनके खाते में आ गए।

एएसपी सुरेश चंद रावत ने बताया कि एसएसबी निरीक्षक बृजनंद कुमार के क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के लिए कॉल आई। उनके मोबाइल फोन पर एक मैसेज आया और उसे क्लिक करते ही बैंक खाते से 49,712 रुपये की ठगी हो गई।

इस मामले की शिकायत साइबर सेल से की गई। उसके बाद टीम मामले की छानबीन में जुट गई थी। टीम के प्रयास से बैंक खाते में वापस रकम आ गई। साइबर सेल प्रभारी पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि अगर कोई ठगी का शिकार होता है तो उसे तत्काल सूचना देनी चाहिए।

तत्काल जानकारी मिलने से बैंक खाते पर रोक लगा दी जाती है। इससे और धनराशि खाते से नहीं जाएगी। साथ ही रकम को वापस कराने में आसानी रहती है। संवाद

# महिला अपराध के मामलों में करें त्वरित कार्रवाई : एसपी

**सिद्धार्थनगर।** एसपी अमित कुमार आनंद ने खेसरहा थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने एसओ को निर्देश दिए कि महिला अपराध के मामले में त्वरित कार्रवाई करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आकस्मिक निरीक्षण में पहुंचे एसपी अमित कुमार आनंद ने संतरी ड्यूटी, मालखाना का निरीक्षण कर थाना परिसर की सफाई के लिए थानाध्यक्ष खेसरहा अशोक कुमार वर्मा को निर्देश दिए। थाने के विभिन्न अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। संपूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर, एससी-एसटी केस के रजिस्टर एवं मालखाना के रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया। प्रविष्ठियां अपूर्ण पाए जाने पर अभिलेखों को तत्काल पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। वाहन चोरी, लूट, नकबजनी, चोरी, महिलाओं से होने वाली छेड़छाड़, अपराध की घटनाओं पर रोकथाम एवं सघन चेकिंग के लिए सायंकाल नियमित गश्त, पिकेट ड्यूटी के लिए निर्देश दिए गए। संवाद

# तीन बार आत्महत्या का प्रयास, चौथी बार में मौत

## डुमरियागंज क्षेत्र के भारतभारी में फंदे से लटका मिला बुजुर्ग का शव, घर पर अकेले थे

संवाद न्यूज एजेंसी

**भारतभारी।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र की नगर पंचायत भारतभारी में सोमवार रात बुजुर्ग ने कमरे में लगे पंखे के सहारे फंदे से लटका बुजुर्ग का शव मिला। लोगों के मुताबिक, बुजुर्ग ने आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि इससे पहले बुजुर्ग ने तीन बार आत्महत्या का प्रयास किया था। चौथी बार में जान चली गई। आत्महत्या के पीछे परिवार में कलह की बात सामने आ रही है। मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसे पुलिस ने जांच के लिए भेज दिया है।

लोगों के अनुसार, क्षेत्र के भारतभारी निवासी भीखी गिरि (60) कई दिनों से पारिवारिक विवाद की वजह से तनाव में थे। अक्सर परिवार के लोगों से फोन पर कहासुनी होती थी। भीखी की पत्नी की चार साल पहले मृत्यु हो चुकी है। उनके तीन बेटे और चार बेटियां हैं। सभी की शादी हो चुकी है। तीनों बेटे जीविकोपार्जन के लिए महाराष्ट्र में रहते हैं। भीखी अकेले गांव में रहते थे और खेती करके अपना जीवन बिता रहे थे। लोगों का कहना है कि चार से पांच माह पहले भी तीन बार भीखी ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था, लेकिन लोग समय पर अस्पताल पहुंचा देते थे, जिससे वे बच गए। सोमवार की भीखी का शव कमरे में पंखे के सहारे रस्सी के फंदे से लटका दिखा। सोमवार की रात को लगभग 10.30 बजे बेटी ने ससुराल से पिता से मोबाइल फोन पर बात करने की कोशिश की। पिता का फोन न उठा, तब बेटी ने अपने चाचा के बेटे को कॉल किया। चाचा के बेटे ने कमरे के पास जाकर आवाज दी तो कोई जवाब नहीं आया। तब शटर उठाया तो देखा कि उसके बड़े पिता अंदर फंदे से लटके थे। उसने शोर मचाया तो लोग इकट्ठा हो गए। फिर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर एसडीएम डुमरियागंज विकास कश्यप और सीओ डुमरियागंज अजय श्रीवास्तव व कोतवाल डुमरियागंज सूर्यभान सिंह पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में डुमरियागंज कोतवाल सूर्यभान सिंह का कहना है कि सुसाइड नोट के हिसाब से मामला आत्महत्या का है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### दामाद करेंगे अंतिम संस्कार

भीखी के कमरे में मिले सुसाइड नोट में लिखा है कि उनका अंतिम संस्कार और पूजा उनके दामाद झिनकू करेंगे। आगे यह भी लिखा है कि रणधीर के पास एक लाख रुपये हैं, जिन्हें उनके दामाद झिनकू को दे दिए जाएं। उसी से क्रिया कर्म किया जाए। आगे लिखा है कि मुझे भरोसा है आप लोग यह काम कर देंगे। इससे मेरी आत्मा को शांति मिलेगी।

# एक आरोपी जेल भेजा गया, दो गए बाल सुधार गृह

**गोल्हौरा।** स्थानीय थाने की पुलिस ने 10 साल की बालिका से सामूहिक दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। दो को बाल सुधार गृह बस्ती भेजा गया। सोमवार को पुलिस ने तीनों के विरुद्ध केस दर्ज किया था। गोल्हौरा थानाक्षेत्र के एक गांव की लगभग 10 वर्षीया बालिका बीते 20 जून की सुबह अपनी मां के कहने पर एक दुकान पर चीनी खरीदने गई थी। संवाद

# एक आरोपी जेल भेजा गया, दो गए बाल सुधार गृह

**गोल्हौरा।** स्थानीय थाने की पुलिस ने 10 साल की बालिका से सामूहिक दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। दो को बाल सुधार गृह बस्ती भेजा गया। सोमवार को पुलिस ने तीनों के विरुद्ध केस दर्ज किया था। गोल्हौरा थानाक्षेत्र के एक गांव की लगभग 10 वर्षीया बालिका बीते 20 जून की सुबह अपनी मां के कहने पर एक दुकान पर चीनी खरीदने गई थी।संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 29-06-2022

# जिला जज ने बंदियों से पूछी समस्या

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण जिला जज लक्ष्मी कांत शुक्ल, एसपी सोनम कुमार व एडीएम मनोज कुमार सिंह ने किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिखा रानी जायसवाल व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिकेश कुमार भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के समय कुल 520 बंदी निरुद्ध थे। इनमें 442 पुरुष व 29 महिला बंदी तथा 49 अल्पवयस्क शामिल हैं। इन बंदियों में 136 सिद्धदोष कैदी, 383 विचाराधीन व एक एनएसए बंदी है। निरीक्षण के समय पाकशाला, पुरुष बैरक, अल्पव्यस्क बैरक, चिकित्सालय एवं महिला बैरक में निरुद्ध बंदियों से एक-एक कर बात की गई। बंदियों ने कोई विशेष समस्या नहीं बताई गई। पाकशाला में रात के भोजन की तैयारी चल रही थी। भोजन में दाल, चावल, रोटी, सब्जी बन रही थी, साफ सफाई पर्याप्त थी। सभी खाना बनाने वालों ने मास्क पहन रखा था। बालों को ढक रखा था। जिला जज द्वारा खाने की गुणवत्ता की जांच की गई। इसमें कोई विशेष कमी नहीं पाई गई। खाना मेन्यू के अनुसार बना था। अल्पवयस्क अहाते में ऐसे बंदी रखें जाते हैं जो 18 वर्ष से अधिक और 21 वर्ष से कम आयु के होते हैं। जिला कारागार के चिकित्सालय में वर्तमान में कुल 13 बंदी भर्ती हैं। एक बंदी विनोद मेडिकल कॉलेज लखनऊ से उपचार के उपरांत वापस आकर भर्ती है। महिला बैरक में निरुद्ध बंदियों ने भी कोई समस्या नहीं बताई। संवाद

# जिला जज, एसपी व एडीएम ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण करते जिला जज, एसपी, एडीएम व अन्य।

संतकबीरनगर (एसएनबी)। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशानुसार जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण जिला जज व पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किये जाने का दिशा निर्देश है। उक्त निर्देश के क्रम में जनपद न्यायाधीश लक्ष्मी कांत शुक्ल, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिखा रानी जायसवाल एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिकेश कुमार के द्वारा अपराह्न में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कुल 520 बंदी निरुद्ध थे जिनमें 442 पुरुष एवं 29 महिला बंदी तथा 49 अल्पवयस्क हैं। इन बंदियों में 136 सिद्धदोष बंदी, 383 विचाराधीन एवं 01 एनएसए बंदी शामिल है। निरीक्षण के समय पाकशाला, पुरुष बैरक, अल्प व्यस्क बैरक, चिकित्सालय एवम् महिला बैरक में निरुद्ध बंदियों से एक-एक करके बात की गई। बंदियों द्वारा कोई विशेष समस्या नहीं बताई गई। पाकशाला में रात के भोजन की तैयारी चल रही थी। भोजन में दाल, चावल, रोटी, सब्जी बन रही थी, साफ सफाई पर्याप्त थी। सभी खाना बनाने वालों ने मास्क पहन रखा था तथा बालों को ढक रखा था। जिला जज द्वारा खाने की गुणवत्ता की जांच की गई, कोई विशेष कमी नहीं पाई गई। खाना मेन्यू के अनुसार बना था। अल्पवयस्क अहाते में ऐसे बंदी रखे जाते हैं जो 18 वर्ष से अधिक और 21 वर्ष से कम आयु के होते हैं। जिला कारागार के चिकित्सालय में वर्तमान में कुल 13 बंदी भर्ती हैं जिनका उपचार चल रहा है। एक बंदी विनोद मेडिकल कालेज लखनऊ से उपचार के उपरांत वापस आकर भर्ती है। महिला बैरक में निरुद्ध बंदियों द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई। विचाराधीन महिला बंदी सोनी जो 2012 से निरुद्ध है, अपने मुकदमें के शीघ्र निस्तारण की प्रार्थना की। निरीक्षण में जेलर जीआर वर्मा, उप कारापाल कमल नयन सिंह, गीता रानी, फार्मासिस्ट डीपी सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण को लेकर गंभीर नहीं पुलिस

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बा में इन दिनों अतिक्रमण सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। अतिक्रमण के प्रति पुलिस विभाग भी गंभीर नही है। पुलिस टीम के सामने ही सड़क की पटरियों पर आड़ा तिरछा वाहन खड़ी करके लोग चल देते हैं और पुलिस के जवान ड्यूटी पर तैनात मौन साधे खड़े रहते हैं । कई बार तो काफी देर तक जाम लगा रहता है।

महुली थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बा में सप्ताह में दो दिन क्रमशः गुरुवार और रविवार को साप्ताहिक बाजार लगती है। जिसमे आस पास के दर्जनों गांवों से सैकड़ों लोग अपनी जरूरत का सामान खरीदने पहुंचते है। जिससे बाजार के दिन भीड़ काफी बढ़ जाती है। लोग सड़क की पटरी पर आड़ा तिरछा वाहन खड़ी करके दुकान में चले जाते है, जिससे जाम लग जाता है। यही हाल चौराहे का है। चौराहे की जलपान की दुकानों पर लोग जाते हैं लेकिन वाहन चौराहे पर खड़ी कर देते हैं।

# पुलिस ने पैदल गश्त कर कराया सुरक्षा का एहसास

बखिरा। बखिरा पुलिस ने मंगलवार को बखिरा कस्बे में पैदल गस्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। चेकिंग अभियान का नेतृत्व चौकी प्रभारी बखिरा हरेन्द्र पाठक ने किया। चालकों को वाहन के सभी दस्तावेज दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस ने कस्बे के बडौदा बैंक, स्टेट बैंक व यूनियन बैंक में जाकर अनावश्यक रूप से मौजूद लोगो को हिदायत देकर बाहर निकाला।

# विवाद को भुलाकर एक हुए पति-पत्नी

संतकबीरनगर। साथ-साथ कार्यक्रम के तहत लंबे समय से विवाद के कारण अलग रह रहे पति-पत्नी के बीच सुलह कराया गया। चौकी इन्चार्ज गौरी शुक्ला ने दोनों पक्षों को बैठाकर उनके बीच के विवाद को समाप्त कराया। रूबी पुत्री रामतीरथ निवासी कुरमौल, धनघटा व द्वितीय पक्ष सुग्रीव पुत्र विरोधे निवासी परसहर के बीच विवाद चल रहा था।

# 38 वाहनों का हुआ चालान

संतकबीरनगर। यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध मंगलवार को पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई किया। पूरे जिले में चले अभियान 38 वाहनों का चालान किया गया। इनसे 30,500 रुपए का सम्मन शुल्क वसूल किया। इसके अलावा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई।

# जिला जज-एसपी ने जेल का जायजा लिया



जिला जेल में मंगलवार को निरीक्षण के दौरान कैदियों से वार्ता कर जिला जज के साथ एसपी व एडीएम ने जानकारी ली।

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिला कारागार का जिला जज, प्रभारी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से मंगलवार को त्रैमासिक निरीक्षण किया। जेल की व्यवस्था देखने के साथ ही कैदियों से बात भी की। निरीक्षण में व्यवस्था ठीक मिली। किचेन में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए गए।

जनपद न्यायाधीश लक्ष्मीकान्त शुक्ल, प्रभारी जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिखा रानी जायसवाल एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिकेश कुमार अपराह्न में जिला जेल पहुंचे। निरीक्षण के समय कुल 520 बंदी निरुद्ध मिले। इन बंदियों में 136 सिद्धदोष बंदी हैं। 383 विचाराधीन एवं एक एनएसए बंदी शामिल है। निरीक्षण के समय पाकशाला, पुरुष बैरक, अल्पवयस्क बैरक, चिकित्सालय एवं महिला बैरक में निरुद्ध बंदियों से एक-एक करके बात की गई। बंदियों द्वारा कोई विशेष समस्या नहीं बताई गई। पाकशाला में रात के भोजन की तैयारी चल रही थी। जिला जज द्वारा खाने की गुणवत्ता की जांच की गई। निरीक्षण के समय जेलर जी आर वर्मा, उपकारापाल कमल नयन सिंह, गीता रानी आदि उपस्थित रहे।

# विवाद में घायल महिला को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीरनगर। पीआरवी 1492 को थाना धनघटा क्षेत्र के कंणजी रूस्तमपुर से कालर ने मारपीट / विवाद के दौरान में एक महिला के घायल होने की सूचना दिया। सूचना मिलते ही तत्काल पीआरवी कर्मी घटना स्थल पर पहुंचे। पहले विवाद को शांत कराया, उसके बाद घायल महिला को उपचार के लिए सीएचसी नाथनगर पहुंचाया साथ ही विवाद की सूचना स्थानी पुलिस को दिया।

# कोटे के विवाद में अधिवक्ता पर हमला, हालत गंभीर



अधिवक्ता के ऊपर हमला को लेकर बार एसोसिएशन धनघटा के अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन ● जागरण

**जागरण संवाददाता, धनघटा, संतकबीर नगर** : सोमवार की रात को एक अधिवक्ता खलीलाबाद आरटीओ आफिस से मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे। उसी समय तिघरा पुलिया के पास गांव के कुछ लोगों ने कोटे के विवाद में हमला कर दिया। शोर मचाने पर अगल-बगल गांव के लोग पहुंच गए। इस दौरान अधिवक्ता को गंभीर चोटें आईं हैं। अधिवक्ता पर हमले को लेकर धनघटा तहसील के वकीलों ने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

धनघटा थानाक्षेत्र के बाहराडाड़ी के अवधधारी शर्मा ने पुलिस को सौंपे तहरीर में लिखा है कि सोमवार को उनके गांव में कोटे की दुकान का चयन होना था। जिसमें गांव के पवन भी कोटे की दुकान के लिए एक अभ्यर्थी थे। इसी बात को लेकर दिन में ही अमरजीत यादव से अवधधारी शर्मा से विवाद हुआ था। वह सोमवार को आरटीओ आफिस से घर जा रहे थे। उनकी बाइक पर गांव के पवन बैठें थे। अभी दोनों लोग तिघरा पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि पहले से घात लगाए अमरजीत यादव, सुरेश यादव सहित आठ लोगों ने उन्हें घेर लिया। कोटे के विवाद को लेकर पीटने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि वह जब



घायल वकील अवधधारी शर्मा ● जागरण

शोर मचाने लगे तो आरोपितों ने उनके ऊपर फायर भी किया। जिससे उनके हाथ में चोट आई।

उनके साथ मौजूद पवन को भी लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल के लिए भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष केडी सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आठ आरोपितों पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# चार बिस्वा भूमि को लेकर लाठी से पीट-पीटकर महिला की हत्या

**जासं, बखिरा:** चार बिस्वा भूमि को लेकर लाठी से महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पति ने किसी तरह भागकर जान बचाई। बीते सोमवार को बंटवारे को लेकर दो बार इन पर हमला किया गया था। यह महिला प्राथमिक विद्यालय डिहुलिया में रसोइयां के पद पर कार्यरत थी। बखिरा थाना के डिहुलिया गांव के इस मामले में पुलिस ने आरोपित जेठ, जेठानी व उसके बेटे के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

तहरीर में ग्राम पंचायत पचेठी के राजस्व डिहुलिया निवासी राममुनेश पुत्र सूर्यनाथ ने यह उल्लेख किया है कि बीते सोमवार को तीन भाइयों में चार बिस्वा भूमि का बंटवारा हुआ था। उनकी पत्नी हेमवंती देवी प्राथमिक विद्यालय डिहुलिया में रसोइयां के पद पर कार्यरत है। दोपहर के एक बजे विद्यालय के बंद होने पर वह घर आई। तभी उनके बड़े भाई चंद्रभूषण, उनकी पत्नी फूलमती देवी व उनका बेटा दिलीप अपशब्द कहते हुए उन्हें लाठी-डंडा से पीटने लगे। उनका सिर फट गया, उनकी पत्नी को भी चोट लगी। पीएचसी बखिरा में इलाज कराने के बाद वापस घर पहुंचे। तभी ये तीनों लोग शाम के करीब साढ़े पांच बजे फिर लाठी-डंडे से मिलकर पीटने लगे। उन्होंने भागकर जान बचाई उनकी पत्नी की निर्मम पिटाई से मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि आरोपित जेठ, जेठानी व उनके बेटे के विरुद्ध मारपीट करने, गैर इरादतन हत्या आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# अयोध्या से वापस लौटा अपहृत किशोर

**जासं, कांटे :** सोमवार की सुबह 13 वर्षीय विनय उर्फ सूरज पुत्र विक्रम कहीं चला गया। परिवार के लोगों ने दोपहर तक खोजबीन की, लेकिन विनय का पता नहीं चला।

पिता ने कोतवाली खलीलाबाद में अज्ञात लोगों के विरुद्ध अपहरण की सूचना दी। बाद में पता चला कि बालक कुछ लोगों के साथ अयोध्या चला गया था। कांटे चौकी के प्रभारी श्याम मोहन ने बताया कि जब पिता ने बताया कि उनके बेटे का अपहरण हुआ है तो पुलिस हरकत में आ गई। विनय ने परिवार के लोगों को फोन से जानकारी कि वह एक बोलेरो में बैठकर अयोध्या आ गया है। यह सूचना पाकर परिवार के लोग अयोध्या गए व बालक को वापस लेकर कांटे चौकी पर इसकी जानकारी दी।

# जिला जज की जांच में कैदियों के भोजन की गुणवत्ता सही मिली

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर :** जिला जज लक्ष्मी कांत शुक्ल, एडीएम वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह, एसपी सोनम कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिखारानी जायसवाल व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव हरिकेश कुमार मंगलवार को जनपद मुख्यालय स्थित जिला कारागार में पहुंचे। इन लोगों ने यहां के कैदियों से बातचीत की। जिला जज की जांच में कैदियों के लिए बने भोजन की गुणवत्ता सही मिली। विचाराधीन महिला कैदी ने मुकदमें के शीघ्र निस्तारण के लिए अनुरोध किया। इनकी जांच में यह पता चला कि यहां पर कुल 520 कैदी हैं। इसमें 442 पुरुष, 29 महिला व 49 अल्पवयस्क कैदी शामिल हैं। इसमें 136 सिद्धदोष, 383 विचाराधीन व एक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) से संबंधित-कैदी है। बैरक में रखे गए कैदियों से इन्होंने बात की। किसी ने कोई विशेष समस्या नहीं बताई। रसोई कक्ष में खाना बनाने वाले सभी सदस्य मास्क पहने हुए मिले। जिला जज ने भोजन की गुणवत्ता की जांच की। जांच में कोई कमी नहीं पाई गई। भोजन मेन्यू के अनुसार बना हुआ मिला। अल्पवयस्क अहाते में ऐसे कैदी रखे हुए मिले, जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक और 21 वर्ष से कम है। जिला कारागार के चिकित्सालय में वर्तमान में कुल 13 कैदी भर्ती मिले। विनोद नामक एक कैदी किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमसी) लखनऊ से उपचार कराने के बाद यहां पर भर्ती हैं। वर्ष 2012 से सजा काट रही विचाराधीन महिला कैदी ने अपने मुकदमे के शीघ्र निस्तारण के लिए अनुरोध किया। निरीक्षण के दौरान जेलर जीआर वर्मा, उप कारापाल कमल नयन सिंह, गीता रानी, फार्मासिस्ट डीपी सिंह, सिद्धार्थ आदि उपस्थित रहे।



जिला कारागार मे महिला कैदियो से बातचीत करते जिला जज लक्ष्मी कांत शुक्ल ● जागरण

# शांतिभंग की आशंका में दो लोग गिरफ्तार

संतकबीर नगर : धनघटा पुलिस ने मंगलवार को शांति भंग की आशंका में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग भूमि विवाद को लेकर आपस में मारपीट करने पर उतारू थे। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत इनके गांव में पहुंची। (जासं)

# मारपीट के मामले में सीडब्ल्यूसी के सदस्य समेत चार आरोपित दोषी करार

जागरण संवाददाता, संतकबीरनगर : जिला व सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ला ने मंगलवार को करीब 17 वर्ष पूर्व हुए मारपीट व हत्या के मामले में दोनों पक्ष के कुल आठ आरोपितों को दोषी करार देते हुए जिला कारागार भेज दिया है। एक आरोपित बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य व अधिवक्ता हैं। मामला खलीलाबाद कोतवाली थानाक्षेत्र के बिधियानी का है। गोरखपुर जनपद के बांसगांव थानाक्षेत्र के धनौड़ा गांव निवासी सुरेश राय ने कोतवाली खलीलाबाद में मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा था कि उन्होंने लड़के की शादी बिधियानी गांव निवासी विश्वम्भरनाथ राय के लड़की से किया है। 23 जनवरी 2005 को उनके पौत्र का निष्कासन संस्कार कार्यक्रम था। कार्यक्रम में वह स्वयं तथा अन्य रिश्तेदार गए हुए थे। अगले दिन सुबह नौ बजे बिधियानी गांव के आदित्य राय, प्रभाकर राय, दिवाकर राय, नवनीत राय, हरिशंकर राय, रविन्द्र राय और प्रणव राय एकजुट होकर भूमि विवाद को लेकर मारपीट करने लगे। इसी बीच आदित्य राय ने कट्टा से विश्वम्भरनाथ राय को गोली मार दी। उनके लड़के संजय राय उन्हें लेकर मेडिकल कालेज गोरखपुर गए, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। न्यायालय ने इस मामले में रविन्द्र राय व प्रणव राय को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। वहीं एक आरोपित हरिशंकर राय की मुकदमा के दौरान मृत्यु हो चुकी है।

आदित्य राय द्वारा भी मुकामी थाने में यह कहते हुए मुकदमा दर्ज कराया कि उनके भतीजे नवनीत कुमार राय को सिद्धार्थनगर जिले के सिरहिरिया गांव निवासी अभय पांडेय कट्टा लेकर दौड़ाए। भतीजे ने कट्टा छीन लिया। तभी बिधियानी के विजेंद्र राय, अश्वेन्द्र राय, ओमेंद्र राय व वशिष्ठ मुनि राय एकजुट होकर उनके भतीजे को मारने लगे तथा विश्वम्भरनाथ राय गाली देने लगे।

# कुआनो में छह लापता तीन युवक बचाए गए

## महुली इलाके के सांखी घाट के पास नहाते वक्त हुआ हादसा



कुआनो नदी के सांखी पुल के पास लगी लोगों की भीड़। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** महुली इलाके के सांखी घाट के पास कुआनो नदी में मंगलवार की शाम नहाने के दौरान छह युवक व किशोर डूब गए। मछली पकड़ रहे मछुआरे ने शोर सुनकर नदी में उतरकर तीन युवकों को बचाकर बाहर निकाला। जबकि तीन युवक लापता हो गए। देर शाम सूचना पर डूबे तीनों युवकों की तलाश शुरू कराई गई।

एसओ महुली रवीन्द्र सिंह ने बताया कि शाम छह बजे के करीब सांखी गांव निवासी सगे भाई 18 वर्षीय चंदन व 15 वर्षीय छोटू उर्फ अनुराग पुत्र अयोध्या और रिश्तेदारी में आए 21 वर्षीय प्रिंस पुत्र डवलू 24 वर्षीय मोनू पुत्र रवीन्द्र निवासी धनौदा कौड़ीराम गोरखपुर और 27 वर्षीय अतुल निवासी उतरावल खलीलाबाद व 23 वर्षीय शुभम निवासी मंझरिया कोतवाली कुआनो नदी में नहाने गए थे। नहाने के दौरान सभी डूबने लगे।



नदी में लापता युवकों की तलाश करते गोताखोर। संवाद

पास में मछली पकड़ रहे मछुआरों ने अतुल व मोनू और शुभम को बचाकर बाहर निकाला। जबकि सगे भाई चंदन व छोटू तथा प्रिंस डूबकर लापता हो गए। घटना की सूचना पर विधायक गणेश चन्द्र चौहान सीओ राम प्रकाश व नायब तहसीलदार समेत काफी संख्या में ग्रामीण जुट गए।

स्थानीय गोताखोरों की मदद से जनरेटर की रोशनी में डूबे ग्रामीणों की तलाश कराई जा रही है। एसडीआरएफ को बुलाने के लिए एसपी को सूचना दी गई है। इधर सगे भाइयों समेत गांव के तीन लोगों के नदी में लापता होने से परिजन परेशान हैं।

# GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 29-06-2022

# चचेरे भाई को गोली मारने का आरोपी गिरफ्तार

धानेपुर, संवाददाता। संपत्ति विवाद को लेकर चचेरे भाई पर गोली बरसाने वाला लालीपोखरा निवासी युवक को धानेपुर पुलिस ने मंगलवार की सुबह कस्बा बग्गीरोड से गिरफ्तार किया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुजेहना के मजरा लालीपोखरा गांव में चाचा भतीजे के बीच संपत्ति बंटवारे को लेकर विवाद चला आ रहा था।

आरोप है कि संपत्ति विवाद को लेकर चचेरों भाइयों ने अपने चचेरे भाई अभिषेक सिंह उर्फ सुमित को बीते 10 जून की सुबह दरवाजे पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर लहूलुहान कर दिया था। सुमित की मां कुसुम सिंह ने अपने देवर के लड़के शुभम सिंह व राजन सिंह,देवरानी गुड़िया सिंह के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज कर धानेपुर पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। मंगलवार को

- सम्पत्ति विवाद मामले में चचेरे भाई पर आरोपी ने बरसाई थी गोलियां
- लालीपोखरा निवासी आरोपी को बग्गीरोड के निकट पुलिस टीम ने दबोचा

धानेपुर पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही थी। मुखबिर से सूचना मिली थी कि मुख्य आरोपी शुभम सिंह उर्फ मोनू कस्बा बग्गीरोड पर मौजूद है। इस पर उप निरीक्षक संतोष कुमार यादव ,कांस्टेबल अखिलेश राय व चेतन पांडेय की टीम ने मौके पर पहुंच कर आरोपी को दबोच लिया।

## पुलिस का खुलासा: पिस्टल से बरसाई थी गोलियां

लालीपोखरा गांव में संपति विवाद को लेकर बीते 10 जून को चचेरे भाई अभिषेक सिंह पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई थी। घटना के समय तमंचे से फायरिंग का अनुमान लगाया जा रहा था। हालांकि पुलिस की छानबीन में फायरिंग पिस्टल से करने की बात सामने आई है। निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया आरोपी ने पिस्टल से गोली मारने की बात आरोपी शुभम सिंह ने स्वीकार किया है। निरीक्षक ने बताया कि गोली मारने के बाद आरोपी ने गोण्डा जाते समय गुमटी के आसपास रेलवे लाइन के पास ही पिस्टल फेंक दिया है। बरामदगी के लिए आरोपी को रिमांड पर लिया जाएगा।

# छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। खोड़ारे पुलिस ने छेड़छाड़ करने का आरोपी मुकेश कुमार निषाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि मुकेश पर क्षेत्र की एक महिला ने छेड़छाड़ के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी मुकेश थाना क्षेत्र के कूकनगर ग्रंट धोबहा का रहने वाला है।

# गुमशुदा को पुलिस ने 72 घंटे में ढूंढ़ निकाला

तरबगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर टेंगरहा पाठक गांव निवासी अधेड़ व्यक्ति सियाराम यादव शनिवार को अचानक कहीं गायब हो गया था। परिजनों ने थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मंगलवार को तीसरे दिन पुलिस ने अयोध्या से सियाराम यादव को बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष मनोज पाठक ने बताया कि लापता व्यक्त की लोकेशन के आधार पर ट्रेस किया गया है। लापता व्यक्ति को परिजनों के सुपुर्द सौंप दिया गया है।

# प्रधान पुत्र के हत्यारोपियों की कई जिलों में तलाश

**फॉलोअप**

- संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है पुलिस
- हत्या के बाद से ही तांबेपुर में पसरा सन्नाटा

छपिया, संवाददाता। थानाक्षेत्र के तांबेपुर गांव में चुनावी रंजिश में प्रधानपुत्र की हत्या के मामले में पुलिस आरोपियों को कई जिलों में तलाश कर रही है। गोण्डा के साथ ही बस्ती के भी कई संभावित ठिकानों पर पुलिस ने दबिश दी है। वहीं आरोपियों को पनाह देने वालों की भी पुलिस लिस्ट तैयार कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

तांबेपुर में भंडारे के दौरान प्रधान पुत्र भोलू सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद पुलिस ने तीन नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। दिनदहाड़े हुए इस हत्याकांड को पुलिस ने भी चैलेंज के रूप में लिया है। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें भी लगाई हैं।

वहीं पुलिस हत्या का षड्यंत्र रचने वालों पर भी नजर टिकाए हुए है। हत्या के बाद से ही तांबेपुर में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

# मादक पदार्थ के तस्कर को तीन साल की सजा

**फैसला**

गोण्डा, विधि संवाददाता। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट-02 ने मादक पदार्थ के तस्कर को तीन साल के कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न अदा करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

डीसीजी क्रिमिनल बसंत शुक्ला और विशेष अभियोजक अनुपम शुक्ला ने मुताबिक परसपुर थाने की पुलिस ने 15 अक्तूबर 2020 को नशीली गोलियों के साथ आरोपी मेवालाल पुत्र स्व0 अभिलाख रैदास निवासी ग्राम पाण्डेयपुरवा मौजा बलमत्थर को गिरफ्तार किया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में भेजा था।

इसके बाद विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट-02 में मामले की सुनवाई शुरू हुई। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने मेवालाल को दोषी करार दिया। अदालत ने उसके तीन वर्ष के सश्रम कारावास और तीस हजार रुपये के जुर्माना सुनाई है।

# तीन उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया

वजीरगंज। थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने तीन अशांति फैलाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी वीरेंद्र प्रताप यादव, नरेंद्र प्रताप यादव पुत्रगण श्रीधन यादव निवासीगण ग्राम पंचायत चंदहा व दीपक मिश्रा पुत्र उमाशंकर मिश्रा निवासी ग्राम पंचायत चंदापुर को गिरफ्तार किया गया है।

# गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया

रुपईडीह। चयपुरवा के एक व्यक्ति को पुलिस ने 1280 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कौड़िया मदन लाल गौतम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में उप निरीक्षक रामप्रसाद भार्गव, संतोष शर्मा, अयोध्या प्रजापति, राकेश यादव ने शाहिद पुत्र ननकऊ उर्फ छोटेलाल निवासी चयपुरवा के पास से गांजा बरामद किया है।

# पंचायत भवन से सबमर्सिबल चुरा ले गए चोर

रुपईडीह। कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरखापुर के पंचायत भवन में लगा सबमर्सिबल पंप चोरी हो गया है। इसकी शिकायत ग्राम प्रधान आनंद मोहन मिश्र ने पुलिस से की। ग्राम प्रधान ने बताया कि वह पंचायत भवन में विद्युत जुड़वाने के लिए गए हुए थे तो देखा कि सबमर्सिबल पंप गायब है। थानाध्यक्ष कौड़िया मदन लाल गौतम ने बताया कि शिकायत मिली है, जांच की जा रही है।

# असहाय बंदियों को उपलब्ध कराए जाएं सरकारी अधिवक्ता



जिला कारागार में निरीक्षण कर बाहर आते जिला जज रविंद्र कुमार दाएं से दूसरे, डीएम डा उज्ज्वल कुमार दाएं व एसपी संतोष कुमार मिश्र बाएं से दूसरे • जागरण

संसू, गोंडा : कारागार में निरुद्ध असहाय बंदियों की सूची तैयार कर उनकी पैरवी के लिए सरकारी अधिवक्ता उपलब्ध कराएं जाएं। छोटे व हल्के धाराओं में निरुद्ध बंदियों की सूची भी बनाए जाएं। यह निर्देश कारागार निरीक्षण के दौरान जिला जज रविंद्र कुमार ने दिए।

कारागार निरीक्षण के दौरान महिला बैरक, भोजनालय, अस्पताल, हवालात व लाइब्रेरी का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। बंदियों से समस्याएं जानी। साफ-सफाई व्यवस्था सही रखने के निर्देश दिए।

प्रभारी जेल अधीक्षक दीपांकर भारती ने कहा कि जिन बंदियों की पैरवी नहीं हो पा रही है और वह छोटे - हल्के धाराओं में निरुद्ध हैं। उनकी सूची तैयार कर उनसे आवेदन लिया जाएगा। इसके बाद उनकी पैरवी के लिए सरकारी अधिवक्ता उपलब्ध कराएं जाएंगे। इस मौके पर डीएम डा. उज्ज्वल कुमार, एसपी संतोष कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# हत्या के आरोपित पुलिस पकड़ से दूर

संसू, गोंडा : छपिया थाना के तांबेपुर गांव की प्रधान इसरावती के बेटे दुर्गेश सिंह उर्फ भोलू की हत्या के मुख्य आरोपित पुलिस की पकड़ से दूर हैं। हालांकि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें लगाई गईं हैं और ये कई स्थानों पर दबिश भी दे रही हैं।

इस मामले में मृतक के भाई राहुल सिंह की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा किया गया था। आरोपितों में तांबेपुर गांव के ही विक्रम पटेल उर्फ विक्की, बलजीत पटेल, अवधेश वर्मा व एक अज्ञात शामिल हैं। पुलिस ने सोमवार को हत्या की घटना के आरोप में नामजद आरोपित बलजीत पटेल की पत्नी सुभावती पटेल व सत्यराम वर्मा को गिरफ्तार कर चुकी है। घटना के तीसरे दिन भी गांव में सन्नाटा पसरा रहा। गांव में पुलिस का पहरा रहा। सीओ मनकापुर संजय तलवार ने कहा कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही आरोपित गिरफ्त में होंगे।

# अफसरों ने लिया जेल का जायजा

गोण्डा। जिला जज रवींद्र कुमार ने मंगलवार को पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के साथ जिला कारागार का निरीक्षण। इस दौरान अफसरों को जेल में सभी व्यवस्थाएं ठीक मिली। कुछ खामियां मिलने पर अफसरों ने सुधार करने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ डीएम डा. उज्ज्वल कुमार, एसपी संतोष कुमार मिश्रा, सीजेएम चिरकुमारित्व मौजूद रहीं।

## सवा किलो चरस बरामद

आर्यनगर : कौड़िया के चयपुरवा गांव निवासी शाहिद के पास से करीब सवा किलो अवैध चरस बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष मदनलाल गौतम ने कहा कि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। (संसू)

## दबंग जान से मारने की दे रहे धमकी

संसू, गोंडा : नगर कोतवाली के झंझरी गांव निवासी नरेंद्र तिवारी ने एसपी से की गई शिकायत में कहा कि उसके बेटे अभिषेक तिवारी की 2019 में हत्या कर दी गई थी। उसी मामले में दबंग पैरवी न करने का दबाव बना रहे हैं। बेटे की हत्या के मुकदमे में उनकी पहली गवाही है। इसीलिए उन पर दबाव बनाया जा रहा है। उसकी दबंग हत्या कर सकते हैं। उसने कोतवाली में तहरीर दी थी लेकिन, पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# मुकदमा कराने की मांग को लेकर भाइयों संग धरने पर बैठी पीड़िता



जिला पंचायत टीन शेड में धरने पर बैठे पीड़ित ● जागरण

संसू, गोंडा : आरोपितों पर हत्या का मुकदमा कर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर पीड़िता अपने भाइयों के संग जिला पंचायत कार्यालय के सामने टिन शेड के नीचे धरने पर बैठ गई।

तरबगंज के धौरहरा घाट झाम पुरवा निवासी ध्रुव कुमार मिश्र ने कहा कि उसने अपने बेटी कंचन तिवारी का विवाह नवाबगंज थाना के खड़ौवां निवासी शिव शंकर तिवारी के साथ किया था। बीते 30 अप्रैल की रात संदिग्ध हालत में शिव शंकर की मौत हो गई। दूसरे दिन उसे जानकारी हुई तो वह अपनी बेटी कंचन के साथ वहां पहुंचा। इसकी सूचना डायल 112, चौकी व थाने को दी। पुलिस ने घर वालों से मिली भगत कर बिना पोस्टमार्टम के ही शव का अंतिम संस्कार करा दिया। कंचन का कहना है कि उसके पति की हत्या की गई लेकिन, पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। न्याय न मिलता देख वह अपने भाई के साथ धरने पर बैठने पर विवश हो गई। धरने पर पवन कुमार व अवधेश कुमार बैठे हैं।

# फर्जीवाड़ा करने में दो आरोपियों पर मुकदमा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

परसपुर (गोंडा)। पुश्तैनी मकान हड़पने की नीयत से एक व्यक्ति ने स्टांप पर दूसरे की पत्नी का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर विद्युत कनेक्शन में नाम परिवर्तित करवा दिया। बिजली का बिल आने पर पीड़ित को इस षड्यंत्र की जानकारी हुई। जानकारी होने पर विभाग ने पुनः आरोपी के नाम से कनेक्शन काट कर उसकी पत्नी के नाम कर दिया। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दो सगे भाइयों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

नगर पंचायत परसपुर निवासी राजकुमार ने बताया कि उसका पुश्तैनी मकान परसपुर में स्थित है। विद्युत कनेक्शन उसकी पत्नी पूनम के नाम से है। आरोपी ओम प्रकाश व प्रेम प्रकाश निवासी द्वारिका साइकिल वर्क्स गली नंबर-03 निशातगंज लखनऊ उसके पट्टीदार हैं। मकान को हड़पने की नीयत से ओम प्रकाश ने स्टांप पर उसकी पत्नी पूनम का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर 23 दिसंबर 2020 को विद्युत कनेक्शन अपने नाम करवा लिया।

इसमें प्रेमप्रकाश की भी मिलीभगत रही। बिजली बिल आने पर उसे इस बात की जानकारी हो सकी। जब उसने इसकी शिकायत की तो विभाग ने कनेक्शन काट कर उसकी पत्नी के नाम कर दिया। विभाग ने आरोपी के खिलाफ कोई वैधानिक कार्यवाही नहीं की। वह थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराने गया तो वहां भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। कार्यवाही न होने पर न्यायालय की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर ओमप्रकाश व प्रेमप्रकाश के विरुद्ध जालसाजी व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नशीली गोली बेचने वाले को तीन साल की सजा

**गोंडा।** नशीली गोली बेचने का कारोबार करने के अपराध में एक अभियुक्त को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने तीन साल का कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट अनुपम शुक्ला के अनुसार 15 सितंबर 2020 को थाना परसपुर पुलिस की टीम ने ककरहा मोड़ पर मेवालाल रैदास निवासी पांडेय पुरवा बलमत्थर को पकड़ा था। पूछताछ के बाद तलाशी लेने पर उसके पास से नशीली गोलियां बरामद हुईं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना की और पुख्ता सबूत के आधार पर मेवालाल के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

विचारण के दौरान न्यायालय ने आरोपी को दोषसिद्ध किया। मामले में अभियोजन और बचाव पक्ष का तर्क सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट नितिन श्रीवास्तव ने अभियुक्त मेवालाल को तीन वर्ष का कठोर कारावास व 30 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। (संवाद)

# चार कोरोना संक्रमित मिले

**गोंडा।** कोरोना संक्रमण के नए मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मंगलवार को हुई जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर के पास एंटीजन जांच में चार मरीज कोरोना संक्रमित मिले। जिले में सक्रिय कोरोना संक्रमितों की संख्या 25 हो गई है। हालांकि किसी भी संक्रमित को अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है। सभी को होम आइसोलेशन में रहने के निर्देश दिए गए हैं। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 29-06-2022

# पूर्व सांसद के सह अभियुक्त महफूज पर रासुका लगा

## कार्रवाई

बलरामपुर ,संवाददाता। तुलसीपुर के पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन फिरोज पप्पू हत्याकांड में जेल में निरुद्ध पूर्व सांसद रिजवान जहीर के सह अभियुक्त महफूज के विरुद्ध पुलिस ने रासुका के तहत कार्रवाई की है।

तुलसीपुर के पूर्व चेयरमैन फिरोज पप्पू की चार जनवरी 2022 को उनके घर के समीप गली में गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। हाईप्रोफाइल हत्याकांड में समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद रिजवान जहीर, उनकी बेटी जेबा व दामाद रमीज सहित छह लोग हत्या के साजिश में जेल भेजे गए थे। पुलिस ने सबसे पहले रिजवान जहीर पर एनएसए लगाया। इसके बाद उनकी बेटी जेबा रिजवान पर भी रासुका की कार्रवाई की गई। कुछ दिन बाद उनके दामाद रमीज व एक अन्य सह अभियुक्त के विरुद्ध रासुका की कार्रवाई की गई थी। फिरोज पप्पू हत्याकांड में जेल में निरुद्ध कुछ छह अभियुक्तों में से पांच पर रासुका की कार्रवाई हो चुकी है।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि पूर्व चेयरमैन फिरोज पप्पू हत्याकांड में जेल में निरुद्ध प्रदेश स्तरीय माफिया अपराधी पूर्व सांसद रिजवान जहीर के सह अभियुक्त महफूज पुत्र अबुल हाशिम निवासी जरवा रोड शितलापुर थाना तुलसीपुर के विरुद्ध एनएसए की कार्रवाई की गई है। महफूज के विरुद्ध लोक शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत यह कार्रवाई की गई है जिसकी एक प्रति महफूज को उपलब्ध करा दी गई है।

# एएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

## निर्देश दिए

बलरामपुर, संवाददाता। एएसपी नम्रता श्रीवास्तव ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया। एएसपी ने जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। साथ ही अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार अभ्यास कराया।

साप्ताहिक परेड का निरीक्षण करने पहुंची अपर पुलिस अधीक्षक को सबसे पहले जवानों ने सलामी दी। इसके बाद एएसपी ने प्रतिसार निरीक्षक किशन लाल गौतम के साथ यूपी 112 के दोपहिया व चार पहिया वाहनों का निरीक्षण किया। तैनात कर्मियों की कार्यकुशलता व दक्षता की भी जांच की गई। उन्होंने इस दौरान चारपहिया वाहनों में सदैव दंगा नियंत्रण उपकरण रखने, यूपी 112 की गाड़ियों के बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, मालखाना, भोजनालय, स्टोर आदि का निरीक्षण किया। आरक्षी बैरक व पुलिस लाइन आवास के आसपास साफ-सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी। सीओ ज्योतिश्री मौजूद रहीं।

# मारपीट में पांच अभियुक्तों को तीन साल कैद व जुर्माना

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : पचपेड़वा थाना की पुलिस ने आपरेशन शिकंजा के तहत मारपीट मामले में पांच अभियुक्तों को तीन-तीन साल की सजा दिलाने में सफलता पाई है। न्यायालय ने अभियुक्त मनोहरपुर निवासी पिंगल, अश्वनी कुमार, मंगल उर्फ अरुण, हरीश, गणेश दत्त त्रिपाठी व लक्ष्मी नारायण उर्फ पूरन को तीन-तीन साल कारावास के साथ 14 हजार रुपये जुर्माना से दंडित किया है।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि 27 जून को पचपेड़वा के मनोहरापुर गांव निवासी रामनाथ यादव को उपरोक्त अभियुक्तों ने लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से मारा-पीटा था। पांचों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक राम आशीष यादव को सौंपी गई। न्यायालय में क्षेत्राधिकारी कुंवर प्रभात सिंह, जनपदीय मानीटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक केके यादव व जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी रणधीर सिंह के प्रयास से प्रभावी पैरवी की गई।

इस पर न्यायालय ने पांचों को दोषी मानते हुए तीन-तीन साल की कैद व जुर्माना की सजा सुनाई है। अर्थदंड न देने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# पूर्व चेयरमैन की हत्या में शामिल अभियुक्त पर लगा एनएसए

**संवादसूत्र, बलरामपुर** :पूर्व नगर पंचायत फिरोज पप्पू की हत्या के आरोप में पांच माह से जेल में बंद अभियुक्त महफूज के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की गई है। चार जनवरी को पूर्व चेयरमैन की हत्या के बाद पूर्व सांसद समेत छह लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। इससे पूर्व सांसद रिजवान जहीर, उनकी बेटी जेबा रिजवान, दामाद रमीज व सह अभियुक्त शकील पर पहले ही एनएसए लग चुका है।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि न्यायिक अभिरक्षा में निरुद्ध महफूज काफी दिनों से जेल से छूटने का प्रयास कर रहा था। महफूज ने अपने सह अभियुक्तों के साथ मिलकर चार जनवरी को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज पप्पू की गला रेतकर हत्या कर दी थी। घटना से कस्बा तुलसीपुर व आसपास के गांवों में शांति व्यवस्था पूरी तरह छिन्न-भिन्न हो गई। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर महफूज पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा-तीन की उपधारा-दो के तहत कार्रवाई की गई है।

# एएसपी ने परेड का निरीक्षण कर जवानों से लगवाई दौड़

**संवादसूत्र, बलरामपुर** :अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया। एएसपी ने जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। साथ ही अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार अभ्यास कराया।

साप्ताहिक परेड का निरीक्षण करने पहुंची अपर पुलिस अधीक्षक को सबसे पहले जवानों ने सलामी दी। इसके बाद एएसपी ने प्रतिसार निरीक्षक किशन लाल गौतम के साथ यूपी 112 के दोपहिया व चार पहिया वाहनों का निरीक्षण किया। तैनात कर्मियों की कार्यकुशलता व दक्षता की भी जांच की गई। क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, मालखाना, भोजनालय, स्टोर आदि का निरीक्षण किया। आरक्षी बैरक व पुलिस लाइन आवास के आसपास साफ-सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी।



रिजर्व पुलिस लाइन में स्टोर का निरीक्षण करतीं एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव बाएं ● सौजन्यः पुलिस मीडिया सेल

## जागरूकता अभियान चलाया

**बलरामपुर।** जिले के सभी कोतवाली व थानों में गठित एंटी रोमियो टीम ने मंगलवार को जागरूकता अभियान चलाया। बाजारों व चौराहों पर लोगों को मिशन शक्ति के बारे में बताया गया। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि बेटियों व महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान चलाया गया है। (संवाद)

# तंदुरुस्ती के लिए दौड़े पुलिसकर्मी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** पुलिस लाइन परिसर में मंगलवार को पुलिसकर्मियों ने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगाई। एएसपी ने परेड की सलामी ली। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए एएसपी ने टोलीवार ड्रिल कराई। पुलिस लाइन का निरीक्षण कर स्वच्छता का जायजा लिया और पुलिसकर्मियों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया।

**एएसपी ने पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर लिया जायजा**

एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार को परेड का निरीक्षण किया। परेड की सलामी लेने के बाद उन्होंने पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परिसर में दौड़ लगवाई। दौड़ के बाद अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराया गया। ड्रिल देखकर उसे बेहतर ढंग से कराने के लिए प्रतिसार निरीक्षण लाइन को निर्देश दिया। एएसपी ने क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, भोजनालय व स्टोर का निरीक्षण किया। आदेश कक्ष में मौजूद गार्ड कमांडरों के रजिस्टर की चेकिंग की गई और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। एएसपी ने आरक्षी बैरक व पुलिस लाइन आवास के आसपास साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया।



बलरामपुर के पुलिस लाइन में परेड करते पुलिसकर्मी। -संवाद

SHOPPING MART

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 29-06-2022

# जिला जज, डीएम व एसएसपी ने कारागार में व्यवस्थाएं देखीं



जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाजज, डीएम व एसएसपी।

**बहराइच, संवाददाता।** जिला जज उत्कर्ष चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के साथ जिला कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जानी। उन्होंने कारागार प्रशासन की ओर से बन्दियों को मुहैय्या कराई जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई आदि का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने पाकशाला, कारागार अस्पताल, महिला एवं बाल बैरक सहित अन्य बैरकों का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान कारागार की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। इस मौके पर सीजेएम जगन्नाथ, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिखा यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसके सिंह, प्रभारी अधीक्षक आनन्द कुमार शुक्ला मौजूद रहे।

# बाढ़ से निपटने को चाक-चौबंद करें तैयारी : मंत्री

## समीक्षा बैठक

बहराइच, संवाददाता। श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय विभाग मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर मिलने वाले पुरस्कार तथा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों में ऊंची रैंक इस बात का प्रमाण है कि यहां तैनात अधिकारी जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के निर्देशन में बेहतर जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। मंत्री कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के दौरान बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने संभावित बाढ़ के मद्देनजर फुलप्रूफ व बेहतर कार्ययोजना तैयार रखें। बाढ़ से निपटने व बाढ़ के दौरा राहत व बचाव कार्यों को संचालित करने के कार्य को पूरी गम्भीरता के साथ लिया जाय। चिलवरिया चीनी मिल में गन्ना किसानों के बकाया भुगतान के सम्बन्ध में मंत्री ने मुख्यमंत्री से बातचीत करने की बात कही। नगर क्षेत्र की जल भराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए ईओ सदर को निर्देश दिए कि छोटे-छोटे पैकेज में प्रस्ताव तैयार करें ताकि स्वीकृति एवं बजट आवंटन में आसानी हो। बैठक में बताया गया कि लखनऊ रोड के बाईपास का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।



कलेक्ट्रेट सभागार में अफसरों को निर्देश देते श्रम एवं सेवायोजन मंत्री।

## मंत्री ने गो-आश्रय पर व्यवस्थाएं देखीं

बहराइच। श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय विभाग मंत्री अनिल राजभर ने कैसरगंज के ग्राम परसेण्डी में संचालित अस्थायी गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण कर संरक्षित गोवंशों के चारे-पानी, रहने के लिए की गई व्यवस्थाओ का जायजा लिया तथा गोवंशों को हरा-चारा, गुड़ व फल खिलाकर गो-सेवा की। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्साधिकारी डॉ. बीएन त्रिपाठी ने बताया कि यहां पर कुल 282 गोवंश संरक्षित हैं।

# जिला जज ने डीएम और एसपी के साथ देखा जेल का सच

- बंदियों से सुविधाओं की ली जानकारी, सुनी समस्याएं
- पाकशाला में बंदियों के लिए तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता परखी

**जासं, बहराइच :** जिला जज ने सीजेएम, डीएम व एसपी के साथ जिला कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर पाकशाला व बैरकों के साथ भंडारखाने का सच देखा। बंदियों से जेल में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उनकी समस्याओं को सुना। निस्तारण का आश्वासन दिया।

जिला न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी डीएम डा. दिनेश चंद्र व एसपी डा. केशव कुमार चौधरी के साथ जिला कारागार पहुंचे। अधिकारियों ने महिला बैरक का निरीक्षण किया गया। यहां महिला बंदियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। बैरकों की साफ-सफाई को देखा। इसके बाद जिला जज अधिकारियों के साथ पाकशाला गए। यहां बंदियों के लिए तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता को परखा।

कारागार में बने चिकित्सालय का निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही सेवाओं को भी देखा। निरुद्ध बंदियों की ओर से बताई गई समस्याओं का समयबद्ध व नियमानुसार निस्तारण का भरोसा दिलाया। इस मौके पर सीजेएम जगन्नाथ, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच की सचिव शिखा यादव, सीएमओ डा. सतीश कुमार सिंह, प्रभारी अधीक्षक आनंद कुमार शुक्ल, डिप्टी जेलर देवकांत वर्मा, एसके त्रिपाठी व रीना तिवारी, चिकित्सक डा. आभास अंकुर श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# दबंगों ने महिलाओं को पीटा, मुकदमा दर्ज

**संसू, कैसरगंज (बहराइच) :** लखनीपुर ग्राम पंचायत में जबरन रास्ता निकालने का विरोध करने पर नाराज दबंगों ने पीटना शुरू कर दिया। चीख सुनकर बचाव में आईं महिलाओं से अभद्रता कर उन्हें पीटा गया। पिटाई से वृद्ध महिला का हाथ टूट गया। मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

कोतवाल दद्दन सिंह ने बताया कि साबिर का आरोप था कि पड़ोस में रहने वाले इश्हाक अहमद उसकी जमीन में जबरन रास्ता निकालना चाहते हैं। मंगलवार को इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस पर आसिफ, इश्हाक व अशफाक ने साबिर को पीटना शुरू कर दिया। बचाव कराने आई अजमेरी, फातिमा, समीतुल व सहबान को भी पीटा। पिटाई के चलते वृद्ध अजमेरी व अन्य महिलाओं को चोट आई थी। वृद्ध महिला को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है।

# 106 लीटर मिलावटी शराब बरामद, चार गिरफ्तार



मोतीपुर के धरमपुर बेझा में बरामद लहन को नष्ट करती आबकारी टीम ● जागरण

**जासं, बहराइच :** आबकारी टीम ने मंगलवार को कतर्नियाघाट जंगल से सटे गांवों समेत कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 106 लीटर मिलावटी कच्ची शराब व दो क्विंटल लहन के साथ शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए। मिलावटी शराब बनाने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया ने बताया कि अभियान के तहत मोतीपुर, मुर्तिहा, हरदी, जरवलरोड, कोतवाली देहात के सुखनदिया, आदिलपुर, अंगरौरा दुबहा, मोहन पीपरी, उदवापुर, तपेसिपाह, धोबियन पुरवा, जुमेरपुर, अड़गोड़वा, कतरनिया पुरवा और धरमपुर बेझा में आबकारी टीम ने छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इस दौरान धधक रही चार 10 भट्ठियों को नष्ट कराया गया। आबकारी अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपितों पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। छापेमारी टीम में आबकारी निरीक्षक अरविंद सिंह, सुनील कुमारव अन्य शामिल रहे। उन्होंने बताया कि अगर किसी को मिलावटी शराब बनाने वालों के बारे में जानकारी हो तो वे इसकी सूचना उन्हें दे सकते हैं। परिचय गोपनीय रखा जाएगा।

**02** क्विंटल लहन भी बरामद

**10** भट्ठियों को कराया नष्ट

## दो स्लीपर कोच बसें सीज

**बहराइच।** अवैध वाहनों के विरुद्ध चलाया जा रहा अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। इस दौरान दो स्लीपर कोच बसों को परमिट व फिटनेस प्रमाण पत्र के अभाव में सीज कर दिया गया। इसमें से एक बस कैसरगंज थाना क्षेत्र में सीज की गई। इसका नंबर एमएच 16 बीसी 1451 है। बस का फिटनेस, इंश्योरेंस व परमिट नहीं पाया गया। दूसरी बस यूपी 15 सीटी 7359 की जांच एआरटीओ कार्यालय के सामने की गई। बस का परमिट न होने पर सीज कर दिया गया। साथ ही छह अन्य वाहनों का चालान भी किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन ओपी सिंह ने बताया कि अवैध वाहनों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। संवाद

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रुपईडीहा।** रुपईडीहा पुलिस ने 40 लीटर कच्ची शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि रंजीतबोझा गांव से विक्रम व भूरे निवासी बसौना गांव, रुपईडीहा को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पांच सौ ग्राम यूरिया व दो सौ ग्राम नौसादर भी बरामद किया गया है। संवाद

# बाघ पिंजड़े में कैद, बाघिन की तलाश जारी

## बाघ-बाघिन का जोड़ा 15 लोगों पर कर चुका है हमला, इसमें से तीन की हो चुकी है मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

गायघाट (बहराइच)। आतंक का पर्याय बना बाघ आखिरकार पिंजड़े में कैद हो गया। बाघ को कतर्नियाघाट रेंज कार्यालय गया, लेकिन बाघिन की तलाश अब भी जारी है। वन विभाग ने ग्रामीणों को अलर्ट किया है कि जब तक बाघिन न पकड़ी जाए तब तक खेतों की ओर न जाएं।

**परीक्षण के बाद तय होगा छोड़ने का स्थान**

वहीं, पकड़े गये बाघ का परीक्षण कराने के बाद तय किया जाएगा कि उसे कहां छोड़ना है। बता दें कि बाघ-बाघिन का जोड़ा अब तक 15 लोगों पर हमला कर चुका है। इनमें से तीन पर हमला बाघ ने किया था जिनकी मौत हो गई थी।

लखीमपुर खीरी व कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग का कई हिस्सा एक-दूसरे से सटा है। निघासन में बीते एक माह के अंदर बाघ ने तीन ग्रामीणों को निवाला बना लिया था। बाघ के आतंक को देखते हुए वन विभाग ने ट्रैप कैमरा लगवाया था। कैमरे में बाघ व बाघिन की तस्वीरें कैद हुई थीं। तस्वीरें देखने के बाद वन महकमा अलर्ट हुआ और पिंजड़ा लगाया। मंगलवार सुबह बाघ पिंजड़े में कैद हो गया। इससे वन विभाग ने थोड़ी राहत की सांस ली, लेकिन बाघिन की तलाश में अब भी टीमें लगी हुई हैं।

प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग सुंदरेश ने बताया कि पिंजड़े में कैद बाघ नर है। बाघ के कैद होने के बाद कैद हुई तस्वीर से पता लगा कि बाघिन कई बार बाघ के पास आई और उसे छुड़ाने के लिए परेशान दिखी। बाघ का परीक्षण कराने के बाद उसे छोड़ने के लिए स्थान तय किया जाएगा। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जब तक बाघिन पिंजड़े में कैद न हो जाए तब तक अकेले जंगल व खेतों की ओर बिल्कुल न जाएं। बाघिन को पकड़ने के लिए एसटीपीएफ के जवान, चार पशु चिकित्सक व वन विभाग की चार टीमें लगाई गई हैं।





वन विभाग के पिंजड़े में कैद हुआ बाघ। लोग नजदीक गये तो गुस्से से दहाड़ने लगा बाघ। -संवाद

**“ तीन लोगों को मार डाला था**

वन विभाग के पिंजड़े में मंगलवार सुबह बाघ कैद हो गया। वह अब तक तीन लोगों को मौत के घाट उतार चुका है। बाघिन को पकड़ने के लिए अब भी टीमें मुस्तैद हैं। जल्द ही बाघिन को भी पकड़ लिया जाएगा। - **संजय पाठक**, फील्ड डायरेक्टर, दुधवा टाइगर रिजर्व, लखीमपुर

# 106 लीटर कच्ची शराब बरामद, चार चढ़े हत्थे

## आबकारी विभाग की टीमों ने कई जगह मारे छापे, बरामद लहन मौके पर ही नष्ट करवा दी

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। कच्ची शराब कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए आबकारी विभाग ताबड़तोड़ छापे मार रहा है। मंगलवार को भी आबकारी विभाग की टीमों ने कई जगह छापे मारे। इस दौरान भारी मात्रा में 106 लीटर कच्ची शराब व लहन बरामद की गई।

सात मामले पंजीकृत करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। घाघरा का कछार व भारत-नेपाल सीमा पर जंगली क्षेत्र अवैध शराब कारोबारियों के लिए काफी मुफीद साबित होता है। यहां अवैध शराब का उत्पादन कर धंधेबाज जनपद के विभिन्न हिस्सों में भेजते हैं। बिक्री के लिए भेजते हैं। इसके साथ ही पड़ोसी देश नेपाल से भी शराब तस्करी कर भारतीय क्षेत्र में लाई जाती है। इस पर अंकुश लगाने के आबकारी विभाग की टीमें अभियान रही हैं। मंगलवार को आबकारी नि सदर, नानपारा व कैसरगंज के नेतृ गठित टीमों ने हरदी, जरवल मोतीपुर और मुर्तिहा क्षेत्र के सुखन आदिलपुर, मोहन पीपरी व जुमेरपुर अन्य स्थानों पर छापा मारा।

इस दौरान विभिन्न स्थानों से लीटर कच्ची शराब व दो सौ किल लहन बरामद की गई। आबकारी व ने मौके से बरामद लहन को नष्ट दिया। जिला आबकारी अधिकारी प्र लवानिया ने बताया कि गिर अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा द जेल भेज दिया गया है।



सुखनदिया गांव में छापे के दौरान बरामद लहन नष्ट करती टीम। -संवाद

# हाईवे पर दौड़ा बुलडोजर, अवैध कब्जे जमींदोज

## तीन दिन में 50 स्थायी और ढाई सौ अस्थायी अवैध निर्माण ढहाए, दो दर्जन स्पीड ब्रेकर भी हटाए, कई लोगों ने खुद हटा लिए अवैध कब्जे

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग और राजकीय मार्गों पर 50 स्थायी व ढाई सौ अस्थायी निर्माण ध्वस्त किए गये हैं। इस कार्रवाई के बीच तीसरे दिन मंगलवार को भी बुलडोजर दौड़ता रहा।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया और लोक निर्माण विभाग की कार्रवाई में अब तक ढाई सौ किलोमीटर में निर्मित अवैध निर्माण तोड़े जा चुके हैं। अधिकारियों के मुताबिक, अभी यह कार्रवाई एक हफ्ते चलेगी। यह भी बता दें कि लोक निर्माण विभाग के सभी हाईवे से दो दर्जन स्पीड ब्रेकर भी हटा दिए गये हैं। इसके स्थान पर चमकीली स्ट्रिप लगाई जा रही है। बता दें कि यह निर्णय जिले की सड़कों पर लगातार हो रही मार्ग दुर्घटनाओं को देखते हुए लिया गया है।

■ ***बाराबंकी-नानपारा हाईवे पर सबसे ज्यादा कार्रवाई :*** बुलडोजर की कार्रवाई में सबसे ज्यादा कार्रवाई बाराबंकी-रुपईडीहा हाईवे (140 किलोमीटर) पर हुई। इस हाईवे पर रामनगर, जरवल कस्बा, कैसरगंज, बहराइच शहर व नानपारा तक अवैध निर्माण गिराए गये हैं। रुपईडीहा में यह कार्रवाई आने वाले दिनों में होगी। अकेले इस हाईवे पर 40 स्थायी निर्माण गिराए गये हैं। डेढ़ सौ अस्थायी निर्माण भी हटाए गये हैं।





पयागपुर में बुलडोजर से ढहाए गये अवैध निर्माण। पीडब्ल्यूडी ने भी बुलडोजर चलाकर गिराए पक्के निर्माण। -संवाद

40 पक्के निर्माण और सौ से अधिक अस्थायी निर्माण तोड़े अथवा हटाए गये हैं। सड़कों पर अतिक्रमण के कारण मार्ग दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं। इसके अलावा हाईवे की जमीनों पर भी पक्के निर्माण लगातार हो रहे थे इसलिए बुलडोजर की कार्रवाई की जा रही है- **प्रमोद यादव,** रेजीडेंट इंजीनियर, एनएचआई, बहराइच

स्टेट हाईवे से दस स्थायी और सैकड़ों अस्थायी निर्माण हटाए गये हैं। हटाने से पहले मुनादी भी करवाई जा रही है ताकि लोग खुद निर्माण हटा लें। पयागपुर में बुलडोजर की कार्रवाई चल रही है। बाकी जगह आने वाले दिनों में की जाएगी। **- एके वर्मा,** अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बहराइच

■ ***पयागपुर के पास दिनभर चला बुलडोजर :*** स्टेट हाईवे पर भी जमकर कार्रवाई हुई है। गोंडा-बहराइच मार्ग, बहराइच-हुजूरपुर मार्ग, बहराइच-महसी मार्ग व बहराइच-बलरामपुर मार्ग पर सख्त कार्रवाई करते हुए स्थायी और अस्थायी निर्माण गिराए गये हैं। खुटेहना, गिलौला, पयागपुर आदि क्षेत्रों में भी बड़ी कार्रवाई की गई है। मंगलवार को पूरे दिन पयागपुर के पास लोक निर्माण विभाग का बुलडोजर चलता रहा।

■ ***कई अन्य स्थानों पर भी होगी कार्रवाई :*** लगातार चल रहे अभियान के बीच अभी कई स्थान ऐसे हैं जहां कार्रवाई होनी बाकी है। चित्तौरा, गिलौला, हुजूरपुर रोड पर पड़ने वाले बाजार व विशेश्वरगंज में अभी कार्रवाई प्रस्तावित है। अधिकारियों के मुताबिक जल्द ही यहां भी बुलडोजर चलाया जाएगा।

■ ***हटाए गये सभी स्पीड ब्रेकर :*** बुलडोजर की कार्रवाई राज्य सरकार करवा रही है। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सड़कों पर बड़ी संख्या में बनाए गये गति अवरोधकों को भी हटवा दिया गया है। सभी गति अवरोधक राजकीय राजमार्गों पर थे। अधिकारियों के मुताबिक, जांच के दौरान दो दर्जन से अधिक गति अवरोधक मिले थे, जिन्हें हटवा दिया गया है। अब इनके स्थान पर स्ट्रिप लगेंगी जिससे दुर्घटना होने से बचाया जा सके।

■ ***हादसों में हर महीने हो रहीं 29 मौतें :*** पुलिस विभाग के मुताबिक, जनपद के समस्त मार्गों पर प्रतिदिन एक मौत दुर्घटना से हो रही है। निदेशालय को भेजी गई रिपोर्ट के मुताबिक हर महीने 29 मौतें हो रही हैं जबकि दुर्घटना में घायलों की संख्या सैकड़ों में है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट और सरकार ने बुलडोजर की कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 29-06-2022

# बालिका से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

**फैसला**

श्रावस्ती। अपर सत्र न्यायाधीश रेप अलांग विद पॉक्सो एक्ट परमेश्वर प्रसाद ने बालिका से दुष्कर्म के अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 65 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

कोतवाली भिनगा क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बंठिहवा निवासी जाफर पुत्र मंगरे पर नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की विवेचना कर चार्ज सीट न्यायालय पर दाखिल किया। मामले का विचारण अपर सत्र न्यायाधीश रेप एलांग विद पाक्सो एक्ट न्यायालय पर हुआ। अपर सत्र न्यायाधीश रेप एलांग विद पाक्सो एक्ट परमेश्वर प्रसाद ने जाफर पुत्र मंगरे को दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा के साथ ही 65 हजार अर्थदंड भी लगाया है। बालिका के पुनर्वास के लिए एक लाख रुपए राज्य सरकार को देने के लिए निर्देशित किया। अभियोजन पक्ष की पैरवी विशेष लोक अभियोजक रोहित गुप्ता और अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सत्येंद्र बहादुर सिंह ने किया।

# पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी पति को जेल भेजा

इकौना। इकौना पुलिस ने दहेज हत्या के मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 30 मई को संदिग्ध हालत में फांसी लगाने से महिला की मौत मामले में पति के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

31 मई को मुकदमा दर्ज होने के बाद मामले की सुनवाई क्षेत्राधिकारी महेन्द्र पाल शर्मा की तरफ से की रही है। नामजद पति, सास व ससुर के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था। जिसमें पुलिस ने ससुर मुंशीलाल व सास कपूरा उर्फ पुष्पा को गिरफ्तार कर पहले ही जेल दिया था। वहीं मामले का मुख्य आरोपी पति फरार चल रहा था। मंगलवार को इकौना थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर आरोपी पिन्टू को सेमगढ़ा चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को थाने लाकर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में दीपक राय, संदीप यादव, मुनेश यादव आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# एएसपी ने ली परेड की सलामी, किया निरीक्षण

श्रावस्ती। पुलिस लाइन में मंगलवार को परेड ग्राउंड में परेड का आयोजन किया गया। इसमें एएसपी ने सर्व प्रथम परेड की सलामी ली और बारीकी से परेड का निरीक्षण भी किया। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस लाइन का निरीक्षण कर मिली खामियों को दूर करने का निर्देश दिया।

# 70 वाहनों का पुलिस ने चालान काटा

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सोमवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान 70 वाहनों का यातायात नियमों का उल्लंघन करने परचालान किया गया।

# पुलिस को रोड एक्सीडेंट डेटाबेस का प्रशिक्षण

श्रावस्ती। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सोमवार को पुलिस लाइन में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों को इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें डेटाबेस मोबाइल एप के जरिए आंकड़ों को दर्ज करने की विस्तृत जानकारी दी गई।

# दुष्कर्म के मामले में दोषी को सश्रम आजीवन कारावास

**जासं, श्रावस्ती :** डरा धमका कर व ब्लैक मेल कर नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने के मामले में दोषी को अपर सत्र न्यायाधीश रेप एलांग विथ पास्को परमेश्वर प्रसाद ने सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 65 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

विशेष लोक अभियोजक रोहित गुप्त ने बताया कि भिनगा क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी 10 जुलाई 2021 को अपने घर के बरामदे में सो रही थी। इसी दौरान गांव का ही जाफर दीवार फांद कर उसके घर में घुस आया और किशोरी का मुंह दबा लिया। उसकी नींद खुल गई। शोर मचाया तो आरोपित मौके से भाग खड़ा हुआ। दो माह पूर्व आरोपित ने शौच के लिए घर से बाहर गई किशोरी को चाकू दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। अश्लील फोटो खींचा और वीडियो भी बना लिया। इसके बाद आरोपित ने कहा कि किसी को बताया तो यह फोटो वीडियो वायरल कर दूंगा। मामले की विवेचना हुई। आरोप पत्र न्यायालय पर प्रस्तुत किया गया। मामले का विचारण अपर सत्र न्यायधीश रेप एलांग विथ पाक्सो परमेश्वर प्रसाद ने किया। अभियोजन पक्ष की ओर से मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सत्येंद्र बहादुर सिंह ने किया। न्यायालय ने जाफर को दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पीड़िता को पुनर्वास व भरण-पोषण के लिए राज्य सरकार को एक लाख रुपये देने को कहा गया है।

## शांतिभंग में 14 पाबंद

**श्रावस्ती :** दो दिन में विभिन्न थाना क्षेत्र में 14 व्यक्तियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। सभी को न्यायालय पर पेश किया गया।( वि.)

## 70 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती :** यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर पुलिस ने 70 वाहनों का ई-चालान किया। इस दौरान शमन शुल्क के रूप में 1,65,500 रुपये वसूले गए।( वि.)

# महिलाओं को बताए अधिकार

**श्रावस्ती** : शक्ति मोबाइल टीम ने सिरसिया क्षेत्र के चौबेपुरवा, बड़ईपुरवा, रानीपुर में चौपाल लगाई। संज्ञा भारती, अर्जिता यादव व सोनी ने महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090 व उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों की जानकारी दी। (वि.)

# वांछित आरोपितों की करें गिरफ्तारी : एएसपी

**श्रावस्ती :** एएसपी केसी गोस्वामी ने इकौना व श्रावस्ती थाने में विवेचकों के साथ बैठक की।उन्होंने लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के साथ वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चौपाल लगाकर पुलिस जवान जनमानस से संवाद करें।(वि.)

# जवानों ने किया योग

**श्रावस्ती** : एएसपी केसी गोस्वामी ने पुलिस लाइन्न स्थित परेड ग्राउंड में पहुंचकर परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड पर मौजूद कर्मचारियों को पीटी कराई। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रत्येक दिन पीटी व योग करने के लिए प्रेरित किया। (वि.)

# नाबालिग से दुराचार के मामले में आजीवन कारावास

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**श्रावस्ती।** नाबालिग से दुराचार के मामले में न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला भिनगा कोतवाली क्षेत्र के बंठिहिवा के मजरा गडरा का है।

भिनगा कोतवाली क्षेत्र में दस जुलाई, 2021 को एक शिकायती पत्र आया था। इसमें पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग बेटी बरामदे में सो रही थी। वह पत्नी के साथ कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान गडरा निवासी जाफर दीवार कूदकर घर में घुस आया। उसने बेटी का मुंह दबाकर दुराचार का प्रयास किया। इसी दौरान शोर सुनकर वह पत्नी के साथ बाहर आए तो जाफर भाग गया था। इस घटना से दो माह पूर्व बेटी शौच के लिए गई थी तो जाफर ने चाकू दिखाकर उसके साथ दुराचार किया था। साथ ही अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया था।

**65000 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया**

मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश परमेश्वर प्रसाद के न्यायालय में चल रही थी। वैसे तो कई मौखिक व चिकित्सकीय साक्ष्य एकत्र किए गये थे, लेकिन न्यायालय ने इन साक्ष्यों के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को भी आधार बनाकर जफर को दोषी माना। उसे आजीवन कारावास व 65000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। साथ ही न्यायालय ने सरकार को आदेश दिया है कि पीड़िता को भरण पोषण व पुनर्वास के लिए एक लाख रुपये दे।

# बैंकों में चलाया सघन जांच अभियान

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** बैंकों की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा मंगलवार को सभी बैंक शाखाओं में विशेष अभियान चलाया गया। जांच के दौरान स्थानीय थाना व चौकी प्रभारियों सहित हल्का दरोगा ने बैंक शाखाओं में पहुंच कर जांच की। बैंकों में लगे सीसीटीवी, सायरन आदि की जांच की गई। साथ ही बैंक आने वाले लोगों से उनकी पासबुक भी देखी गई। मौजूद लोगों को अनावश्यक बैंक का चक्कर न लगाने, एटीएम का पिन कोड अथवा ओटीपी किसी को न बताने की बात कही गई। संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की भी जांच की गई। बैंक सुरक्षा में तैनात पुलिस व होमगार्ड के जवानों को पूरी तरह ड्यूटी के दौरान मुस्तैद रहने को कहा गया। संवाद

# शांतिभंग में 14 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस द्वारा सोमवार रात को विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में 14 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस द्वारा मंगलवार को संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 70 वाहनों का चालान किया। पुलिस ने 62,000 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। संवाद

# महिलाओं को किया गया जागरूक



**श्रावस्ती।** ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला पुलिस मिशन शक्ति के तहत अभियान चला रही है। इसी के तहत मंगलवार को शक्ति मोबाइल टीम ने सिरसिया थाना क्षेत्र के चौबेपुरवा, बड़ईपुरवा व रानीपुर में चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान टीम में शामिल महिला आरक्षी संज्ञा भारती, अर्जिता यादव व सोनी ने महिलाओं व किशोरियों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हें बाल विवाह, बाल श्रम, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न आदि के बारे में जानकारी दी। इस दौरान वीमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, चिकित्सकीय सहायता के लिए 108, पुलिस कंट्रोल नंबर 112 व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि के बारे में जागरूक किया। संवाद

# चौपाल लगाकर जनमानस से करें संवाद

## इकौना थाने के निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने दिए निर्देश

**इकौना (श्रावस्ती)।** थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ मधुर व्यवहार करते हुए उनकी बातों को गंभीरता से सुना जाए। महिला व किशोर किशोरियों से संबंधित मामलों की थाना चौकी व बीट प्रभारी स्वयं मौके पर जाकर जांच करें। जिससे जनता के बीच पुलिस की छवि मित्रता वाली बन सके।

इकौना थाने के निरीक्षण के दौरान सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने ये बातें कहीं। उन्होंने थाना परिसर, थाना कार्यालय, माल खाना, माल मुकदमाती, भोजनालय, बैरक, आवास आदि का निरीक्षण किया गया। सफाई व्यवस्था व अभिलेखों को दुरुस्त रखने तथा गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन बनाने का निर्देश दिया गया। विवेचकों के साथ बैठक कर लंबित एहकमात की समीक्षा की। लंबित विवेचनाओं के निस्तारण करने के साथ-साथ वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का समय से निस्तारण करने के लिए थाना प्रभारी सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया। सभी बीट आरक्षियों के साथ बैठक कर बीट व्यवस्था को चुस्त रखने, क्षेत्र में चौपाल लगाकर जनमानस से संवाद करने की सलाह दी गई। (संवाद)



इकौना थाने में अपराध समीक्षा करते एएसपी। -संवाद

# एएसपी ने ली रैतिक परेड की सलामी

**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन, भिनगा के परेड ग्राउंड में मंगलवार को रैतिक परेड का आयोजन हुआ। एएसपी केसी गोस्वामी ने पहुंचकर इसकी सलामी ली। इस दौरान उन्होंने यूपी 112 का निरीक्षण कर खामियां दुरुस्त करने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिया। मौजूद पुलिस कर्मियों को अपनी ड्यूटी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाने व जनता से मधुर व्यवहार करने का निर्देश भी दिया। संवाद

# चार वारंटी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** नवीन मॉडर्न थाना पुलिस ने सोमवार रात गश्त के दौरान चार वारंटियों को गिरफ्तार किया। परशुराम पुर के मजरा खटिकनपुरवा निवासी पारसनाथ, अर्जुन सिंह, वंशराज सिंह व बेलहाराघव निवासी साधु पर कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। संवाद